CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-02-2026 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRFP User: cci Time: 02-18-2026 23:12 Color:

नई दिल्ली > गुरुवार, 19 फरवरी 2026 > माघ 30 शक संवत 1947 फाल्गुन शुक्ल द्वितीया, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 43 > पेज 18* > फरीदाबाद > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू

NBT
नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



रश्मिका और विजय करीबी दोस्तों के बीच करेंगे शादी
▸ फरीदाबाद टाइम्स



भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया (महिला) टी20 सीरीज का दूसरा मैच
दोपहर 1:45 बजे, कैनबरा (ऑस्ट्रेलिया) में
▸ p12

राष्ट्रपति मुर्मु ने किया विशाखापत्तनम में इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू ▸▸ पेज 14



कटरा और शिवखोड़ी के बीच शुरू होगी हेलिकॉप्टर सेवा: J&K के एलजी ▸▸ पेज 14



US ने भेजे 50 से ज्यादा फाइटर जेट, JD वान्स बोले- ईरान राज़ी नहीं ▸▸ पेज 14

# टेक दिग्गजों की नज़र भारत पर

## AI एजुकेशन के लिए गूगल ने की ₹500 करोड़ के फंड की घोषणा | क्वालकॉम और माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियों ने भी किए कई बड़े ऐलान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दुनिया की दिग्गज टेक्नॉलजी कंपनियों की नजर भारत पर है। AI इंपैक्ट समिट 2026 में भारत बड़े निवेश और साझेदारियों का केंद्र बन गया है। गूगल, क्वालकॉम और माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियों ने AI बुनियादी ढांचे और शिक्षा को मजबूत करने के लिए निवेश और नई पहलों का बुधवार को ऐलान किया।


गूगल ने अमेरिका-भारत कनेक्ट सब-सी केबल पहल और गूगल डीपमाइंड की नई साझेदारियों का ऐलान किया है। नई फाइबर-ऑप्टिक समुद्री केबल रूट्स से अमेरिका, भारत और दक्षिणी गोलार्ध के बीच डिजिटल कनेक्टिविटी की पहुंच और विश्वसनीयता बढ़ेगी। गूगल डीपमाइंड ने भारत सरकार के साथ मिलकर AI आधारित विज्ञान और शिक्षा को बढ़ावा देने की नई साझेदारी की घोषणा की है। 30-30 मिलियन डॉलर (करीब ₹500 करोड़) के दो ग्लोबल फंड की घोषणा की। अटल टिंकरिंग लैब्स के साथ साझेदारी कर 1.1 करोड़ छात्रों के लिए जेनरेटिव AI आधारित एजुकेशन इनोवेशन को बढ़ावा दिया जाएगा। अमेरिकी कंपनी क्वालकॉम AI स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए 1360 करोड़ रुपये के निवेश का ऐलान किया। माइक्रोसॉफ्ट AI असमानता कम करने के लिए 50 अरब डॉलर का निवेश करेगी।

**गूगल CEO ने कहा, भारत AI युग की दहलीज पर।**

### AI समिट के लिए जुटे ग्लोबल लीडर्स



पीएम मोदी से मिले गूगल के CEO सुंदर पिचाई।



VVIP मूवमेंट और क्रिकेट मैच के कारण बुधवार रात तक लोगों को ट्रैफिक जाम झेलना पड़ा।

हम बुनियादी ढांचे, कौशल विकास और जिम्मेदार इनोवेशन में निवेश कर रहे हैं। इससे हर भारतीय को ऐसे AI से लाभ मिल सके जो सुलभ और परिवर्तनकारी हो। -सुंदर पिचाई

### आज इन पर दुनिया की रहेंगी निगाहें...

**9:40** बजे सुबह पीएम नरेन्द्र मोदी AI इंपैक्ट समिट की ओपनिंग सेरेमनी में हिस्सा लेंगे।

**20** बड़े वर्ल्ड लीडर्स और टॉप इंडस्ट्री लीडर्स एकसाथ सेरेमनी में गुरुवार को मौजूद होंगे।

**11:00** बजे पीएम, दूसरे वर्ल्ड लीडर्स AI एक्सपो का दौरा करेंगे।

**5:30** बजे CEO राउंडटेबल होगी। इसमें दुनिया के दिग्गज AI सिस्टम के लिए सप्लाई चेन, निवेश, रिसर्च पर चर्चा करेंगे।

दुनिया भर के राष्ट्राध्यक्ष, मंत्री और संस्थाओं के प्रतिनिधि AI की राष्ट्रीय और ग्लोबल प्राथमिकताओं को साथ लेकर आएंगे

### 21 तक समिट, आज लोगों की एंट्री नहीं

AI इंपैक्ट समिट को एक दिन के लिए बढ़ाने का ऐलान किया गया। आम लोगों के इसे 21 फरवरी तक के लिए बढ़ा दिया गया है। एक्सपो का वक्त भी 6 बजे से आठ बजे तक बढ़ाया गया है। 19 फरवरी को एक्सपो आम जनता के लिए बंद रहेगा। ▸▸ पेज 2, 8

## रोबॉट विवाद पर यूनिवर्सिटी ने मांगी माफी

हम समिट में पैदा हुई भ्रम की स्थिति के लिए माफी मांगते हैं। पविलियन खाली कर दिया है। - गलगोटिया यूनिवर्सिटी



AI समिट के तीसरे दिन विवाद हो गया। चीनी रोबोटिक डॉग को अपना रोबोट बताने की वजह से ग्रेटर नोएडा की गलगोटिया यूनिवर्सिटी को समिट से बाहर कर दिया गया। विवाद मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल विडियो की वजह से हुआ। इसके बाद बुधवार सुबह यूनिवर्सिटी के पविलियन को खाली करने के निर्देश दिए गए। बिजली भी काट दी गई। पविलियन में ही गलगोटिया की प्रफेसर नेहा ने कहा कि उनकी बातों को ठीक से समझा नहीं गया। इस विवाद पर यूनिवर्सिटी ने माफी मांगी। साथ ही कहा कि पविलियन में मौजूद उनकी प्रतिनिधि को जानकारी नहीं थी।

## बारिश से गिरा 9 डिग्री तापमान, GRAP-2 हटा




IANS

■ दिल्ली-एनसीआर में बूंदाबांदी के साथ एक ही दिन में तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।

■ GRAP-2 हट गया है। बड़ी पार्किंग फीस वापस होगी। NCR की इंटरस्टेट बसें दिल्ली आएंगी।

### राज्यसभा की 37 सीटों के लिए 16 को वोटिंग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: चुनाव आयोग ने राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनावों की घोषणा कर दी है। 2 और 9 अप्रैल को 10 राज्यों से कुल 37 सीटें खाली हो रही हैं। इनके लिए 16 मार्च को वोटिंग होगी। इसी दिन देर शाम तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। सबसे ज्यादा 7 सीटें महाराष्ट्र से हैं। बिहार में 5 सीटें खाली हो रही हैं। इन 10 में से 6 राज्यों में NDA की सरकार है। चार राज्यों में I.N.D.I.A. के घटक दल सरकार में हैं। राज्यसभा में NDA की ताकत और बढ़ जाएगी।



### महाराष्ट्र में 5% मुस्लिम कोटा रद्द किया गया

■ पीटीआई, मुंबई: महाराष्ट्र सरकार ने नौकरियों और एजुकेशन के क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय को दिए जाने वाले 5% आरक्षण को रद्द कर दिया है। इस संबंध में मंगलवार को आदेश जारी किया गया। 5% आरक्षण से संबंधित पिछले अध्यादेश की अवधि समाप्त हो गई है। उस फैसले पर अदालत द्वारा अंतरिम रोक लगा दी गई है। कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) की पिछली सरकार ने मराठा समुदाय को 16 प्रतिशत और मुसलमानों को 5 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए अध्यादेश जारी किया था।

**कांग्रेस और NCP ने दिया था कोटा**

### युवराज को इंसाफ का इंतजार



**33** दिन बाद भी SIT रिपोर्ट नहीं

### मुकद्दस रमज़ान

| | |
|---|---|
| **इफ्तार गुरुवार** | |
| सुन्नी | 6:14 pm |
| शिया | 6:26 pm |
| **सहरी शुक्रवार** | |
| सुन्नी | 5:27 am |
| शिया | 5:38 am |

### 20 20 आज के मैच

वेस्ट इंडीज Vs इटली
कोलकाता, सुबह 11 बजे से

श्रीलंका Vs जिम्बाब्वे
कोलंबो, दोपहर 3 बजे से

अफगानिस्तान Vs कनाडा
चेन्नै, शाम 7 बजे से

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

### फटाफट खबरें

**ED का सबसे बड़ा कुर्की आदेश**

ED ने बुधवार को कहा कि उसने अब तक का सबसे बड़ा एकल कुर्की आदेश जारी किया है। उसने चंडीगढ़ स्थित पर्ल्स ग्रुप के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत 10,000 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों पर शिकंजा कसा।

**'यादव जी की लव स्टोरी' पर विरोध**

'घूसखोर पंडत' के बाद 'यादव जी की लव स्टोरी' फिल्म पर भी विवाद हो गया है। इसमें 'सिपल यादव', 'वसीम अख्तर' नाम के किरदारों की लव स्टोरी दिखाई गई है।

### हैपी मॉर्निंग

**चिंटू:** मैंने आज एक दुकानदार को मूर्ख बना दिया।
**बंकू:** कैसे?
**चिंटू:** एक जूते की कीमत पर दो जूते खरीद लिए। कीमत एक ही जूते पर लिखी थी।
**बंकू:** ओहो बेचारा दूसरे जूते पर प्राइस लिखना भूल गया।

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,734.25 (+283.29) |
| निफ्टी | 25,819.35 (+93.95) |
| रुपया/डॉलर | 90.66 (-0.10) |
| रुपया/यूरो | 107.39 (-0.13) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,56,700 (-300) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹2,46,000 (+1,000) |

### मौसम

अधिकतम तापमान 21.3°
15.8° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त 6:14 मंगलवार | सूर्योदय 6:55 बुधवार

अगले दो दिन में तापमान फिर 30 डिग्री के स्तर पर पहुंच सकता है।

## गुड़गांव में बोर्ड एग्जाम छूटने में स्कूल पर FIR

■ NBT न्यूज, गुड़गांव : गुड़गांव में स्कूल की लापरवाही के कारण 11 स्टूडेंट्स का सीबीएसई दसवीं का एग्जाम छूटने पर स्कूल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। एडमिट कार्ड न आने के कारण ये बच्चे एग्जाम में नहीं बैठ पाए। इस मामले में हाई कोर्ट में भी याचिका दी गई है। स्कूल प्रबंधन ने गलती मानते हुए कहा है कि सहयोगी स्कूल की एफिलिएशन रद्द होने के कारण समस्या हुई है। ▸▸ फरीदाबाद टाइम्स



## फरीदाबाद की नियमित कॉलोनियों पर बढ़ेगा बोझ

■ NBT न्यूज, फरीदाबाद



नगर निगम की ओर से नियमित घोषित की जा चुकी कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की जेब पर बोझ बढ़ने जा रहा है। इन कॉलोनियों पर विकास शुल्क लगाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम नोटिस तैयार कर रहा है। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने इसकी पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि जोनल टैक्स अधिकारी (जेडटीओ) को अपने क्षेत्र में आपत्तियों और प्रॉपर्टी आईडी का रैंडम निरीक्षण कर मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। नई पॉलिसी के तहत कलेक्टर रेट के अनुसार 5 प्रतिशत विकास शुल्क वसूला जाएगा। सूत्रों के अनुसार, लगभग 850 रुपये प्रति वर्गगज की दर से शुल्क लेने की योजना बनाई गई है। ▸▸ फरीदाबाद टाइम्स

## 67 साल में पहली बार J&K रणजी ट्रॉफी फाइनल में



PTI

■ जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम बंगाल को 6 विकेट से हराकर पहली बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची। फाइनल मैच कर्नाटक से होगा।

■ 67 साल का इंतजार खत्म। टीम के कप्तान पारस डोगरा ने कहा, 'क्रिकेट इनाम देने से कहीं अधिक परीक्षा लेता है। हमें बस जिद्दी बने रहना होगा।

## तीन शावक जन्मे, अब चीते हुए 38



■ पीटीआई, नई दिल्ली: मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में दक्षिण अफ्रीका से भारत लाई गई मादा चीता गामिनी ने तीन शावकों को जन्म दिया है, जिससे भारत में चीतों की संख्या बढ़ कर 38 हो गई। जानकारी देते हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कहा, 'कूनो में तीन नए शावकों का स्वागत। दक्षिण अफ्रीका से चीतों को लाए जाने के तीन साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कूनो में एक नया अध्याय शुरू हुआ है।'

**FIR हुई दर्ज** पुलिस पता लगा रही कि कैसे इतने बड़े पैमाने पर सप्लाई हुए चाकू?

## ऑनलाइन मंगाए थे चाकू, फिर मर्डर, कंपनी भी जांच के घेरे में FIR दर्ज




AI Image

■ नवीन निश्चल, नई दिल्ली

दिल्ली के वेस्ट डिस्ट्रिक्ट इलाके के ख्याला, मोती नगर, तिलक नगर, हरि नगर थाना इलाकों में 13 दिन के अंदर चाकू से वार कर 4 मर्डर हुए थे। तीन मामलों में नाबालिग ही आरोपी निकले। जांच में पता चला कि चाकू ऑनलाइन मंगाए जा रहे थे। पुलिस ने खुद एक प्लैटफॉर्म से ऑनलाइन ऑर्डर दिया, जो चाकू डिलिवर हुआ, उसकी लंबाई 8 सेंटीमीटर और चौड़ाई 2.5 सेंटीमीटर थी, जो ऑनलाइन बेचने के लिए सरकार की निर्धारित लंबाई 7.62 सेमी. और चौड़ाई 1.72 सेमी. से ज्यादा पाई गई। पुलिस के मुताबिक एक कंपनी के वेयर हाउस और स्टोर पर छापा मारकर 50 चाकू बरामद किए जा चुके हैं। FIR दर्ज कर जांच की जा रही है कि इतने बड़े पैमाने पर चाकुओं की सप्लाई कैसे की जा रही थी।

**एक वेयर हाउस और स्टोर से 50 चाकू बरामद किए गए**



# नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/एनसीआर । गुरुवार, 19 फरवरी 2026



**AI का इंसानों पर बिजली या आग जैसी खोजों की तुलना में कहीं ज्यादा और व्यापक असर होगा।**

*-सुंदर पिचाई, गूगल के CEO*

## सबका हित

**इंडिया AI** इम्पैक्ट समिट की थीम है- सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय। यानी, ऐसी तकनीक जो समावेशी हो और जिससे सभी को फायदा मिले। समिट में अभी तक की चर्चा इसी के इर्द-गिर्द रही है। आज जब पीएम नरेंद्र मोदी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्राजील के प्रेसिडेंट लूला डी सिल्वा समेत कई देशों के नेता और टेक दिग्गज उद्घाटन समारोह में साथ आएंगे, तो यही चर्चा आगे बढ़ेगी।

**दो अलग चिंताएं** । आर्टिफिशल इंटेलिजेंस को लेकर आज विकसित और विकासशील देशों की चिंता दो अलग दिशाओं में बढ़ रही है। विकसित देशों में बहस का मुद्दा AI का असर और उससे जुड़े खतरे हैं, जबकि विकासशील मुल्क अभी इस तकनीक तक पहुंचने की ही जद्दोजहद में जुटे हैं। टेक्नॉलजी तक पहुंच ने पहले ही ग्लोबल नॉर्थ और ग्लोबल साउथ के बीच एक लकीर खींच रखी है। दोनों के बीच आर्थिक अंतर बहुत ज्यादा है। AI में क्षमता है इन दो हिस्सों को करीब लाने की। लेकिन ये तभी संभव है जब तकनीक सब तक पहुंचे। इस मामले में नई दिल्ली में चल रहा समिट सही अजेंडे को सामने रखता है। माइक्रोसॉफ्ट ने भी इसी अंतर को उजागर करते हुए इस दशक के आखिर तक ग्लोबल साउथ में 50 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है।

AI Image



भारत का AI सपना

**आत्मनिर्भरता की जरूरत** । सुरक्षा भी इस इवेंट की एक थीम है, और आत्मनिर्भरता इसी से जुड़ा पहलू है। हालांकि इस मामले में भारत को अभी काफी लंबा सफर तय करना है। देश के पास टैलंट है, पर इंफ्रा नहीं। मशीन लर्निंग के लिए डेटा है, लेकिन दुनिया से मुकाबला करने वाला अपना AI मॉडल नहीं।

**निजी भागीदारी जरूरी** । भारत को निजी क्षेत्र से इस तरह की और पहल की जरूरत है। अभी रिसर्च और डिवेलपमेंट में भारत GDP का केवल 0.7% खर्च करता है, जबकि चीन और अमेरिका 2.5 से 3% तक लगा रहे। इस अंतर की एक बड़ी वजह निजी क्षेत्र की उदासीनता है। भारत में इनोवेशन सरकार के भरोसे है, निजी क्षेत्र महज एक तिहाई का योगदान दे रहा। उम्मीद कर सकते हैं कि समिट से निजी क्षेत्र का उत्साह बढ़ेगा और वह भागीदारी के लिए आगे आएगा।

**शर्मिंदा करते विवाद** । इस आयोजन ने देश में AI को लेकर हलचल जरूर पैदा की है, लेकिन कुछ कमियां भी उजागर हुई हैं। पहले दिन की अव्यवस्था पर सरकार को सफाई देनी पड़ी। इससे वैश्विक महत्व के आयोजन की तैयारी पर सवाल खड़े हुए। बहरहाल इन सब के बीच भारत को AI पर अपना लक्ष्य याद रखना होगा।

### गुस्ताख़ी माफ़

## AI देगा सारे जवाब

'कुछ समझ में नहीं आ रहा। एक कहता है यह करो, दूसरा कहता है वह करो। इंसान करे तो क्या?' श्रीमान क सवेरे-सवेरे मिले और फट पड़े। मुझे पाकिस्तानी गोलंदाज उस्मान तारिक वाली पॉज मुद्रा में देख वह फिर चालू हो गए। 'अपना तो कुछ नहीं भाई साब, बच्चों की बड़ी फिक्र हो रही है।' मैंने हार्दिक पंड्या की तरह उनकी आंख में अपनी आंख घुसाने की वीरता दिखाने की कोशिश की, पर कुछ पल्ले नहीं पड़ा।



अखिलेश प्रताप सिंह

श्रीमान क के चेहरे पर खीझ और असहायता के भाव एकसाथ दिखने लगे थे। इससे पहले कि वह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नक्वी की तरह फूट लेते, मैंने पूछ ही लिया कि माजरा क्या है? 'भाई साब, आप तो जानते ही हैं, मेरे दो बच्चे हैं।' श्रीमान क ने कुछ इस तरह कहा, जैसे हलफनामा दे रहे हों। मैंने चुप ही रहना ठीक समझा। आजकल कौन सा मामला आंतरिक है और कौन बाहरी, कुछ पता नहीं चलता। श्रीमान क अपनी रौ में थे। 'भाई साब, मैं तो पंचायत चुनाव लड़ सकता हूं। पिछली बार दावत उड़ाने वालों ने दगा न दिया होता तो जीत भी जाता।'



अब मामला कुछ समझ में आता दिखा। 'तो आप फिर से चुनाव लड़ने वाले हैं? लड़ जाइए, अच्छा इन्वेस्टमेंट है। इसके फायदे का पता लगाने वाला कोई कैलकुलेटर ही नहीं बना है।' मैंने कॉन्फिडेंस में वैसा ही चेहरा बनाया, जैसा चौका मारने के बाद शाहीन शाह अफरीदी बनाता है। पर श्रीमान क का सवाल कुछ और था। उन्होंने कहा, 'भाई साब, बेटे के दो बच्चे हैं। चुनाव उसे लड़ना है। पर पब्लिक कह रही है कि कम से कम 3 बच्चे पैदा करो। कोई-कोई तो 4 का नारा भी लगा देता है। 2 से ज्यादा हो जाएं तो चुनाव नहीं लड़ पाएगा। कम रह जाएं, तो पब्लिक ताना मारेगी। करें तो क्या करें?' मैंने गुरु घंटाल टाइप मुद्रा बनाई और समझाया, 'AI का मेला लगा है। चले जाइए। एक क्या, 10 सवाल पूछिए, जवाब तुरंत मिलेगा।'


### एकदा

संकलन : रेनू सैनी

## मंज़िल की नई राह

**19वीं सदी** के उत्तरार्ध में जब पोलैंड रूसी शासन के अधीन था और महिलाओं के लिए उच्च शिक्षा लगभग असंभव थी, तब दो बहनों ने अपने सपनों को टूटने नहीं दिया। ये बहनें थीं मारिया क्यूरी और ब्रोन्या। केवल 17-18 वर्ष की आयु में मारिया ने अपनी बहन से कहा, 'तुम पेरिस जाकर मेडिसिन में पढ़ाई करो। मैं यहां नौकरी करके तुम्हारी पढ़ाई का खर्च भेजूंगी। जब तुम डॉक्टर बन जाओ, तब मुझे बुला लेना।' यह दो बहनों के बीच त्याग और विश्वास का अद्भुत समझौता था। ब्रोन्या पेरिस चली गई। मारिया ने एक अनजान शहर में एक अमीर परिवार के बच्चों को पढ़ाना शुरू किया। छह वर्षों तक उन्होंने कठिन परिश्रम किया, लेकिन अपने भीतर के वैज्ञानिक स्वप्न को जीवित रखा। रात में स्वयं अध्ययन करतीं। ब्रोन्या डॉक्टर बनीं, तो मारिया को पेरिस बुला लिया। मारिया ने Sorbonne University में प्रवेश लिया और भौतिकी में उत्कृष्टता हासिल की। आगे चलकर वही मारिया दुनिया की महान वैज्ञानिक मैरी क्यूरी बनीं- एकमात्र महिला जिन्होंने भौतिकी और रसायन विज्ञान, दोनों में नोबेल पुरस्कार जीते। इन दो बहनों ने त्याग, धैर्य और पारस्परिक सहयोग से मुश्किल सफर में मंजिल की नई राह ढूंढ ली।

Subrata Dhar



---

### इंसानी बुद्धि के साथ आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की तुलना पुरानी और ग़लत धारणाओं पर आधारित

# AI बुद्धिमान है, पर हमारे जितना नहीं



सेलेस्टे रॉड्रिगेज लॉरो

नई दिल्ली में इस समय जब AI Impact Summit चल रहा है, तब आर्टिफिशल इंटेलिजेंस को लेकर चर्चाएं और तेज हो गई हैं। हमें बार-बार याद दिलाया जा रहा है कि AI अब बस मानव बुद्धिमत्ता को पार करने वाला है और सुपर-इंटेलिजेंस का दौर आने वाला है। इससे जल्द ही समाज का हर पहलू बदल जाएगा।

**बुद्धि क्या है** । लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLMs) और जेनरेटिव सिस्टम की प्रगति वाकई प्रभावशाली है। AI निबंध लिख सकता है, अनुवाद कर सकता है, कंप्यूटर कोड तैयार कर सकता है, बीमारियों का निदान सुझा सकता है और यहां तक कि संगीत भी रच सकता है। मशीनें कुछ मामलों में इंसानों को पीछे छोड़ सकती हैं। लेकिन, असली सवाल है कि क्या AI सही में मानव बुद्धि के करीब पहुंच रहा है? जवाब इस बात पर निर्भर करता है कि हमारे लिए इंटेलिजेंस का क्या मतलब है।


**पुराना पैमाना** । आज AI और इंसानों की जो तुलना की जा रही है, वह गलत धारणा पर आधारित है। यह मान लिया गया है कि बुद्धि सिर्फ दिमाग की वह ताकत है, जिसे परीक्षा या टास्क से नापा जा सकता है। अगर कोई मशीन एग्जाम पास कर ले या अच्छा तर्क लिख दे, तो मान लिया जाता है कि वह इंसान जितनी समझदार हो गई। यह सोच पुराने IQ टेस्ट जैसी है, जिसकी काफी आलोचना होती है। जब हम बुद्धिमत्ता को मापने वाली चीजों तक सीमित कर देते हैं, तो मशीनों के लिए बराबरी करना आसान हो जाता है।

**समाज का महत्व** । मानव बुद्धिमत्ता कोई व्यक्तिगत प्रतिभा नहीं, यह सामाजिक है। किसी वैज्ञानिक खोज से लेकर कला के क्षेत्र में हुई क्रांति तक, हर इंसानी उपलब्धि सामूहिक प्रयास का नतीजा है। कोई वैज्ञानिक अकेले काम नहीं करता। हर खोज के पीछे साझा तौर-तरीके, रिव्यू, संस्थान और पीढ़ियों का ज्ञान होता है। हमारी परंपराएं भी ऐसे ही चली आ रही हैं और भाषा खुद में सामूहिक उपलब्धि है।

**समूह का प्रभाव** । कलेक्टिव इंटेलिजेंस पर हुई रिसर्च बताती है कि अगर संवाद और सहयोग प्रभावी हो तो अलग-अलग समूह के लोग साथ काम करते हुए अपनी क्षमता से बढ़कर प्रदर्शन कर सकते हैं। कई बार उनका सामूहिक काम अपने सबसे होशियार सदस्य से भी बढ़िया होता है। हमारी बुद्धिमत्ता परिवारों, समुदायों, संस्थाओं और संस्कृतियों में है। AI इस तरह की किसी सामूहिक दुनिया का हिस्सा नहीं। वह किसी समाज में नहीं रहता, जहां एक-दूसरे से सहयोग चलता हो। वह केवल डेटा के आधार पर रेस्पॉन्स देता है। इसमें कोई समझ, इरादा या जिम्मेदारी नहीं होती।

**नैतिकता के सवाल** । इंसान की बुद्धि शरीर और अनुभव से जुड़ी होती है। हम बचपन से छूकर, चलकर, देखकर और दूसरों की नकल करके सीखते हैं। हमारी भावनाएं, अनुभव और समाज मिलकर हमारी सोच बनाते हैं। लेकिन, AI के पास न शरीर है, न असली अनुभव। वह सिर्फ बड़े डेटा से शब्दों के पैटर्न सीखता है। वह इंसानों की तरह समझता नहीं, बस गणना करता है। उसे डर, खुशी या सहानुभूति महसूस नहीं होती। वह समाज में रहकर नियम नहीं सीखता। यह कमी नैतिक मामलों में साफ दिखती है। इंसान सही-गलत का फैसला इतिहास, संस्कृति और समाज के आधार पर करता है - मशीनें ट्रेनिंग डेटा के आधार पर।

**सीमित डेटा** । एक और बात है जिस पर कम ध्यान दिया जाता है कि AI जिस डेटा से सीखता है, वह मानवता का बहुत छोटा-सा हिस्सा है। दुनिया में 7,000 से ज्यादा भाषाएं हैं, लेकिन इंटरनेट का ज्यादातर कंटेंट सिर्फ कुछ बड़ी भाषाओं में है। करीब 80% कंटेंट तो महज 10 भाषाओं में है। संस्कृतियां, मौखिक परंपराएं और तमाम ज्ञान तो मशीन की पहुंच में है ही नहीं। इतने सीमित डेटा पर ट्रेंड AI मॉडल इसीलिए एक छोटी आबादी से जुड़े परिणाम ही दिखाते हैं। इसके विपरीत मानव बुद्धि 8 अरब लोगों के जीवन अनुभव से बनी है। मशीन की इस विविधता तक सीधी पहुंच नहीं। वह इंसानों के बनाए डेटा पर ही निर्भर है, लेकिन यह डेटा भी सीमित है।



रिसर्चर्स ने चेताया है कि हम लोग उपलब्ध ट्रेनिंग डेटा की लिमिट तक पहुंचने वाले हैं।

**असली खतरा** । लेकिन, इन सब बातों का यह मतलब नहीं कि AI गैर-जरूरी है। इसने पहले ही दुनिया को बदल दिया है। असल खतरा यह नहीं है कि मशीनें अचानक से मानवता को पीछे छोड़ देंगी, खतरा है कि कहीं इस शोर में हमारा वास्तविक मुद्दों से ध्यान न भटक जाए। ये मुद्दे हैं - ऑटोमेटेड सिस्टम में पक्षपात, ताकत का केंद्रीकरण, मजदूरों का विस्थापन, नियम और समावेशी तकनीक की जरूरत।

*(लेखिका वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया यूनिवर्सिटी में लैंग्वेज लैब की डायरेक्टर और जेनरेटिव AI थिंक टैंक की डिप्टी हेड हैं)*


AI Image



**इंसान बनाम मशीन**
- इंसानी बुद्धिमत्ता समाज, संस्कृति, इतिहास का नतीजा
- AI की समझ डेटा पर आधारित, सामूहिकता का अभाव
- इंसानी ज्ञान परंपरा के बहुत छोटे हिस्से तक AI की पहुंच

---

### कांटे की बात




*राजपाल यादव, अभिनेता (चेक बाउंस केस में जमानत पर रिहा होने के बाद)*

### असंभव संवाद

## एलेक्सा! एलन अब इलॉन के साथ हैं

***भारत में** इस समय AI का मेला लगा हुआ है और चर्चा चल रही है कि कैसे तकनीक को सभी लोगों तक पहुंचाया जाए। इंटरनेट तक आम लोगों की आसान पहुंच के हिमायती इलॉन मस्क अगर AI के जनक एलन ट्यूरिंग से मिलते, तो क्या होता, देखते हैं।*

AI Image



**'एलेक्सा, एलन** ट्यूरिंग के बारे में बताओ।' और जैसे-जैसे एक महिला की मधुर आवाज मशीन से निकलने लगी, ट्यूरिंग का चेहरा खिलता चला गया। 'इसे तो सब पता है। मैं कहता था मशीनें सोच सकती हैं।' 'इसे ये हमने ही सिखाया है। अभी इसकी सोच वहीं तक है, जहां तक हमारी।' 'तुम इसे कहां तक ले जाना चाहते हो?' 'जहां ये हमारे साथ मिलकर काम करे। मैं इनको पार्टनर बनाना चाहता हूं। फिर दोनों साथ में मंगल तक जाएंगे।' 'तुमने मंगल तक जाने के लिए गाड़ी बना ली है?' 'मैंने अपना AI बना लिया है और एक्स (पूर्व में ट्विटर) को खरीद लिया है।' 'एक्स? खैर एक्स तो मैं भी हो चुका। तुम भविष्य देखो, लोगों को जोड़ो क्योंकि मशीनें अकेले कुछ नहीं कर सकतीं।' 'हां, हम जुड़ रहे हैं पोस्ट और रिट्वीट से। एलेक्सा, मेरी और ट्यूरिंग की फोटो वायरल कर दो!'

*प्रस्तुति: शैलेंद्र पांडेय*

### जनता जंक्शन

इरफान




---

## मशीनों के बीच खुलेगी यादों की खिड़की

### साझी दिल्ली



विवेक शुक्ला

**देश की** राजधानी में चल रहा AI इम्पैक्ट समिट फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के लिए खास हो सकता है। राजनीति और कूटनीति का केंद्र होने के साथ दिल्ली स्मृतियों और सांस्कृतिक जुड़ाव का भी शहर है। संभव है यहां घूमने पर ये नेता अपने देशों से जुड़े कुछ प्रतीक देखें और भावनात्मक संबंध महसूस करें।

**पेरिस से प्रेरणा** । मैक्रों को इंडिया गेट देखकर पेरिस का आर्क द ट्रायम्फ याद आ सकता है। पहले विश्व युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों की याद में इंडिया गेट बना था, जबकि विभिन्न युद्धों में प्राण गंवाने वाले फ्रांसीसी सैनिकों की याद में आर्क द ट्रायम्फ बना। कहते हैं कि इंडिया गेट के वास्तुकार एडविन लुटियंस ने शायद आर्क द ट्रायम्फ से ही प्रेरणा ली थी। इंडिया गेट का उद्घाटन 12 फरवरी, 1931 को हुआ था। आर्क द ट्रायम्फ 1806 में बनना शुरू हुआ। एपीजे अब्दुल कलाम मार्ग पर स्थित फ्रांस स्कूल छह दशकों से भी अधिक समय से फ्रांसीसी भाषा, शिक्षा और संस्कृति के प्रसार का प्रमुख केंद्र है।




**दिसानायके का जुड़ाव** । श्रीलंका के राष्ट्रपति के लिए भी दिल्ली आध्यात्मिक जुड़ाव का शहर है। चेम्सफोर्ड रोड पर श्रीलंका बौद्ध पिलग्रिम्स रेस्ट श्रीलंकाई बौद्ध तीर्थयात्रियों का एक महत्वपूर्ण ठिकाना है। श्रीलंका की तत्कालीन प्रधानमंत्री सिरिमावो भंडारनायके के प्रयासों से 1970 में बने इस गेस्ट हाउस का उद्देश्य सारनाथ, राजगीर, नालंदा और बोधगया जैसे भारत के प्रमुख बौद्ध स्थलों की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान करना था। यहां का बुद्ध जयंती पार्क भी श्रीलंका से गहरे आध्यात्मिक संबंध का प्रतीक है। 1960 में यहां मूल बोधि वृक्ष की वंश परंपरा का एक पौधा लगाया गया था।

**लूला होंगे भावुक** । ब्राजील के राष्ट्रपति के लिए पृथ्वीराज रोड की यॉर्क क्रिश्चियन सेमेट्री भावनात्मक महत्व रख सकती है। यहां एक सांकेतिक कब्र है, जो 14 जून 1972 को दक्षिण दिल्ली के जैतपुर में हुए भीषण विमान हादसे की याद दिलाती है। इस दुर्घटना में जापान एयरलाइंस की उड़ान में सवार ब्राजील के कुछ लोगों की मौत हो गई थी। राष्ट्रपति लूला अगर कनॉट प्लेस जाते हैं तो वह भावुक हो सकते हैं। संघर्ष से विश्व नेतृत्व तक पहुंचने की उनकी यात्रा उन्हें दिल्ली की चहल-पहल में अपने अतीत की झलक दिखा सकती है।

AI इम्पैक्ट समिट भले ही भविष्य की तकनीक पर केंद्रित हो, लेकिन दिल्ली में वैश्विक नेता इतिहास, संस्कृति और साझा स्मृतियों के ऐसे सूत्रों से जुड़ सकते हैं, जो देशों के बीच संबंधों को और भी मानवीय व आत्मीय बना देते हैं।

## माइडस टच से लीडिया तक, बदला गोल्ड

अभिषेक मिश्र


### टाइम मशीन

**गरीब, लेकिन** उदार राजा माइडस की कहानी धन, मूल्य और अर्थव्यवस्था को अच्छी तरह समझाती है। फ्रिजिया का यह राजा अपने आतिथ्य के लिए मशहूर था। उसने जब देवता डायोनिसस को पालने वाले पिता सिलनेस की सेवा की, तो एक ऐसा वरदान मिला, जो बाद में अभिशाप बन गया। वरदान था कि माइडस जो भी छुएगा, वह सोना बन जाएगा। शुरू में तो उसकी खुशी का ठिकाना न था, लेकिन फिर उसके लिए खाना-पीना भी मुश्किल हो गया। उसने जो छुआ, वह सोना हो गया - उसकी बेटी भी। तब देवता ने रास्ता दिखाया। पैक्टोलस नदी में स्नान करने से वरदान खत्म हुआ। तब से कहा जाने लगा कि उसके नहाने से नदी में सोने-सी चमक आ गई है।

**सोने-चांदी के सिक्के** । हकीकत में पैक्टोलस नदी में इलेक्ट्रम अलॉय था, जिसे सफेद सोना भी कहा जाता था। तब बेबीलोन के लोग सोने का उपयोग सजावटी सामान के तौर पर करते थे। बाद में इसे सजावटी वस्तु से करंसी बनाया गया। यहीं रहने वाली लीडिया सभ्यता ने करीब 7वीं शताब्दी ईसा पूर्व सिक्कों का आविष्कार किया। ग्रीक इतिहासकार हेरोडोटस (Herodotus) बताते हैं कि लिडियन लोगों ने सबसे पहले सोने-चांदी के सिक्कों का उपयोग किया था।

**भरोसे का प्रतीक** । सुमेर में भी सोना मुख्य रूप से आभूषण या भंडार के तौर पर ही था। बाद में लीडिया के लोगों ने इनोवेशन के जरिये इसे बदला। उन्होंने इलेक्ट्रम को पिघला कर सिक्का बनाया। सिक्कों पर शाही मुहर उकेरी गई। यह उसके वजन और शुद्धता की गारंटी थी। इससे व्यापार आसान होने के साथ-साथ भरोसेमंद भी बन गया। सिक्कों को महज धातु नहीं, भरोसा माना जाने लगा।

AI Image



**बाजार में बदलाव** । प्राचीन अर्थव्यवस्था टॉप डाउन थी यानी राजा और अभिजात वर्ग संसाधनों पर नियंत्रण रखते थे। किसान उत्पादन करते, टैक्स भरते, लेकिन ट्रेड पर कब्जा मुट्ठी भर व्यापारियों का ही था। सिक्कों के आने से बॉटम अप व्यवस्था शुरू हुई। अब जिसके पास सिक्का था, वह बाजार में उतर सकता था। इस बदलाव ने सोशल डायनेमिक्स को बदल दिया। अगर किसी ने गरीब परिवार में जन्म लिया है, तो यह जरूरी नहीं कि वह हमेशा गरीब ही रहेगा। सिक्कों ने सीमित ही सही, लेकिन अवसर के द्वार खोले। धन कमाकर इंसान अपनी आर्थिक और सामाजिक स्थिति बदलने के काबिल हो गया। नतीजा रहा कि लीडिया की राजधानी सार्डिस कारोबार का केंद्र बन गई, जहां पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण - सभी रास्ते मिलते थे।

**मानक बना सिक्का** । इसके बाद, गिजेस और क्रोसस जैसे लिडियन राजाओं ने सिक्कों को मानक बनाया। इससे मुद्रा और सरकारी संबंध भी ठोस हुआ। सरकार मुद्रा जारी करने लगी और जनता उसे भुनाने लगी। यही मॉडल कुछ बरसों बाद यूनान, रोम और लगभग सभी आधुनिक देशों ने अपनाया। इससे लेन-देन को लेकर होने वाले विवाद कम होने लगे। व्यापारियों को भी बार-बार सोना तौलने से मुक्ति मिल गई। इससे बाजार और ज्यादा संगठित हुआ और उसका विस्तार हो सका।

**सोच बदली** । सिक्कों ने न केवल व्यापार, बल्कि लोगों की सोच को भी बदल दिया। माइडस टच से लेकर लिडियन सिक्कों की यात्रा मानव सभ्यता के विकास की कहानी बताती है। इससे पता चलता है कि मूल्य महज धातु में नहीं, लोगों के विश्वास में छिपा है। माइडस टच ने यह भी सिखाया कि जब तक सोना जीवन आसान बनाता है, तब तक वह वरदान है। जैसे ही जीवन को जड़ बनाने लगे, श्राप हो जाता है।

---

## जो संत के संकेत नहीं समझते, उन्हें बेंत खानी पड़ती है

संत जैनमुनि तरुण सागरजी

**संत और पुलिस**, दोनों ही समाज-सुधार का काम करते हैं। फर्क केवल इतना है कि संत 'संकेत' की भाषा में समझाते हैं और पुलिस 'बेंत' की भाषा में। दरअसल जो संत के संकेत को नहीं समझते, उन्हें ही पुलिस की बेंत की जरूरत पड़ती है। पुलिस की वर्दी किसी संन्यासी के भगवा वस्त्रों से कम महत्वपूर्ण नहीं। वर्दी विश्वास का प्रतीक है। वर्दीधारी अगर भ्रष्टाचार को प्रश्रय देता है तो वह वर्दी की अस्मिता को खंडित करता है।

दान और पुण्य एकांत में होना चाहिए। जैसे तुम स्नान सड़क या चौराहे पर नहीं, बंद बाथरूम में करते हो, वैसे ही दान-पुण्य गुप्त होना चाहिए। पुण्य की किसी को खबर नहीं लगने देना चाहिए। पुण्य छिपाने से बढ़ता है और बताने से मरता है। यह बड़ा शर्मीला है। पुण्य और दान छपाकर नहीं, छिपाकर करना चाहिए। तुम्हारे घर के अंदर कूड़ा-कचरा जमा हो और उसे फेंकना हो तो क्या तुम इसका अखबार में विज्ञापन देते हो?

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

नगर में संत का आना भाग्य है। संत का अपने घर आना अहोभाग्य है। संत को याद करना सौभाग्य है। संत हमें याद करें, यह परम भाग्य है। खुद संत हो जाना, यह महाभाग्य है। इतना सब होते हुए भी हम न सुधरें, तो यह दुर्भाग्य है।

### कड़वे प्रवचन

अमीर हो या गरीब, दोनों के सामने समस्या एक ही है। गरीब के सामने समस्या है कि भूख लगे तो क्या खाये? अमीर के सामने समस्या है, क्या खाये जो भूख लगे? युवा हो या बूढ़ा, समस्या दोनों के सामने है। युवा की समस्या है, क्या करें, समय नहीं मिलता। बूढ़े की समस्या है, क्या करें, समय नहीं कटता। आम आदमी हो या खास, समस्याएं दोनों के जीवन में हैं। आम आदमी की समस्या है, आज क्या पहनें? खास आदमी की समस्या है, आज क्या-क्या पहनें? संसार में कोई भी संतुष्ट नहीं। गरीब अमीर होना चाहते हैं, अमीर सुंदर होना चाहते हैं। कुंवारे शादी करना चाहते हैं और शादीशुदा मरना चाहते हैं।

*(साभार : डायमंड बुक्स)*

### रीडर्स मेल

## खिलाड़ियों की ताकत

**यह पत्र** 18 फरवरी के संपादकीय 'इमरान के लिए' से संबंधित है। पाकिस्तान के पूर्व पीएम और पूर्व क्रिकेटर इमरान खान कुछ सालों से जेल में बंद हैं। उनकी पार्टी के अनुसार उन्हें जेल में यातनाएं दी जा रही हैं। ऐसे में दुनिया भर के दिग्गज क्रिकेटरों ने पाकिस्तान सरकार को पत्र लिखकर इमरान को अच्छा इलाज देने की अपील की है। पूर्व कप्तान कपिल देव और गावस्कर ने भी हस्ताक्षर किया है। इससे लगता है कि ऐसी भावना खिलाड़ियों को नई ताकत देगी।

इन्द्र सिंह धिमान, दिल्ली

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP15 User: cci Time: 02-18-2026 21:36 Color:



## 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर चुनाव का ऐलान, 16 मार्च को होगा मतदान

# राज्यसभा में NDA की बढ़ेगी ताकत, RJD और BJD समेत कई दलों की सीटें घटेंगी

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : जिन 10 राज्यों में राज्यसभा की 37 सीटें खाली हो रही हैं, उनमें 6 राज्यों में बीजेपी-एनडीए की सरकार है, जबकि चार राज्यों में इंडिया गठबंधन के घटक दल हैं। यह तो तय है कि राज्यसभा में एनडीए की ताकत बढ़ेगी जबकि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का नंबर कम होगा। महाराष्ट्र विधानसभा में सत्तारूढ़ महायुति आसानी से 6 सीटें पर जीत हासिल कर लेगा, वहीं 7वीं सीट के लिए वोटिंग हो सकती है।

अभी राज्यसभा में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी है और उसके 103 सदस्य हैं। आंकड़े कह रहे हैं कि 2026 में राज्यसभा में बीजेपी और NDA और मजबूत होगा। बिहार में राज्यसभा की 5 सीटों के लिए चुनाव होगा। अभी आरजेडी के 2, जेडीयू के 2 और एक सांसद राष्ट्रीय लोक मोर्चा का है। बिहार में 243 सदस्यीय विधानसभा में एक सीट पर जीत के लिए 41 विधायकों के समर्थन की जरूरत है। एनडीए के पास 202 विधायक हैं और एनडीए के खाते में 5 में से 4 सीटें आना तय है। वहीं, 35 सीटों के साथ I.N.D.I.A. एक भी सीट अपने बल पर जीतने की स्थिति में नहीं है, ऐसे में 5 विधायकों वाले AIMIM की भूमिका अहम हो जाती है।

पूरा विपक्ष एकजुट होता है तो बिहार में विपक्ष के पास कुल 41 विधायक हो जाते हैं और विपक्ष एक सीट निकाल सकते हैं। ऐसे में यह चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व और विपक्षी एकता की के लिए अग्निपरीक्षा होगा। हरियाणा से बीजेपी के दो सदस्य किरण चौधरी और रामचंद्र जांगड़ा का कार्यकाल 9 अप्रैल को खत्म हो रहा है। ओडिशा की 4 सीटों पर चुनाव होंगे, अभी 2 सीट बीजेपी और 2 बीजेडी के पास है लेकिन विधानसभा चुनाव के नतीजों को देखें तो बीजेपी की सीटों में इजाफा होना तय है। छत्तीसगढ़ में दोनों सीटें अभी कांग्रेस के पास हैं और यहां भी बीजेपी जीत दर्ज करने की स्थिति में है। तेलंगाना में कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी रिटायर हो रहे हैं और बीआरएस के एक कैंडिडेट का कार्यकाल पूरा हो रहा है। तेलंगाना में कांग्रेस दोनों सीटें जीत सकती है और हिमाचल में भी कांग्रेस एक सीट जीत सकती है। असम से तीन, पश्चिम बंगाल से 5 और तमिलनाडु से भी 6 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे। इन तीनों राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं लेकिन विधानसभा चुनाव से पहले इन राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टियों के पास राज्यसभा में अपना संख्याबल कायम रखने का मौका मिलेगा।

File



जिन 10 राज्यों में राज्यसभा की सीटें खाली हो रही हैं, उनमें 6 राज्यों में BJP-NDA की सरकार है, जबकि 4 राज्यों में I.N.D.I.A. के घटक दल हैं।

■ महाराष्ट्र की राजनीति के 'पावरप्ले' को देखते हुए वहां पर सभी की नजर 7वीं सीट पर रहने वाली है

■ बिहार में 5 सीटें हो रही हैं खाली, विपक्ष के लिए एक सीट पर समर्थन जुटाने की बड़ी चुनौती।

### क्रॉस वोटिंग से निपटने की चुनौती

राज्यसभा चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के लिए अपने विधायकों को एकजुट रखने की चुनौती होती है। खासकर विपक्ष के लिए यह काम काफी मुश्किलों भरा होता है। पिछले कुछ राज्यसभा चुनावों को देखें तो हरियाणा से कांग्रेस को क्रॉस वोटिंग का सामना करना पड़ा था। आने वाले राज्यसभा चुनावों को देखें तो चाहे हरियाणा हो, बिहार हो, यहां पर कांग्रेस और सहयोगी दलों को फूट-फूट कर कदम रखना होगा। कुछ सीटों पर तो रिजल्ट पहले से ही तय है, लेकिन अगर विपक्ष क्रॉस वोटिंग को रोक पाता है तो उसके हाथ भी कुछ सीटें आ सकती हैं। राज्यसभा में बीजेपी और एनडीए का प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है और इस वर्ष 75 सीटों पर होने वाले चुनावों में विपक्ष कारगर रणनीति नहीं बनाता है तो फिर कांग्रेस और सहयोगियों की संख्या और घट सकती है।

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

## कोलकाता IPAC रेड मामले में हुई सुनवाई

# ED ने SC में कहा- एजेंसी को किया गया आतंकित

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और अन्य के विरुद्ध कोलकाता में IPAC कार्यालय की तलाशी को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि एजेंसी को आतंकित किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई 18 मार्च के लिए सूचीबद्ध किया है। इस दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ईडी बुधवार को ही अपना प्रत्युत्तर (rejoinder) दाखिल कर सकती है, इस बात को सुप्रीम कोर्ट ने रेकॉर्ड पर लिया।

जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की अगुवाई वाली बेंच ईडी द्वारा संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह याचिका पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कुछ राज्य पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध IPAC जो ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस का राजनीतिक परामर्शदाता है, के कार्यालय की तलाशी में कथित बाधा डालने के आरोप में दायर की गई है। पिछली सुनवाई में, पीठ ने याचिका पर नोटिस जारी किया था और पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा ईडी अधिकारियों के विरुद्ध दर्ज तीन एफआईआर में आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।



सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई 18 मार्च के लिए सूचीबद्ध किया है।

## गोगोई ने कहा- हिमंता जिन्ना, इस्तीफा देने वाले बोरा पर भी बरसे

■ भाषा, गुवाहाटी : कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने बुधवार को कहा कि सत्तारूढ़ बीजेपी में शामिल होने वाले लोग अपने राजनीतिक सफर में महत्वहीन हो गए। गोगोई ने यहां मीडिया से कहा कि कांग्रेस की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा का भी यही हश्र होगा। बोरा के 22 फरवरी को बीजेपी में शामिल होने की संभावना है।



गौरव गोगोई

बोरा ने कहा कि विपक्षी पार्टी की प्रदेश इकाई अब गोगोई के नियंत्रण में नहीं है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा बोरा को कांग्रेस का आखिरी हिंदू नेता कहने पर टिप्पणी करते हुए गोगोई ने आरोप लगाया कि बीजेपी नेता सरमा 'असम के जिन्ना' हैं और उन्हें नेताओं को हिंदू प्रमाणपत्र देना बंद कर देना चाहिए।

वहीं, भूपेन बोरा ने बुधवार को दावा किया कि विपक्षी पार्टी की प्रदेश इकाई अब गौरव गोगोई के नियंत्रण में नहीं है और धुबरी के सांसद रकीबुल हुसैन इसके मुख्य कर्ताधर्ता हैं। TOI के मुताबिक, गौरव गोगोई ने बोरा के इस्तीफे पर कहा, 'हम हमेशा सोचते थे कि गोपनीय बैठकों की जानकारी एक खास पत्रकार को कैसे मिल जाती थी जो हिमंता के करीब है। अब ये अफवाहें सच साबित हुई हैं।'

## योगी ने कहा- कृष्ण जन्मभूमि मुद्दे का समर्थन करें अखिलेश

■ NBT रिपोर्ट : यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए राजनीतिक माहौल गरमाते हुए अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी को मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि पुनर्स्थापना अभियान का समर्थन करने की चुनौती दी।



CM योगी

योगी ने विकसित भारत समृद्ध यूपी कॉन्क्लेव में टाइम्स नाउ और टाइम्स नाउ नवभारत की ग्रुप एडिटर-इन-चीफ नविका कुमार से कहा, 'मैं अखिलेश को एक प्रस्ताव देना चाहता हूं, उन्हें भी कृष्ण जन्मभूमि के लिए तैयारी शुरू करनी चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। अगर वे ऐसा करते हैं तो लोग उनकी सराहना करेंगे।'

अगर निमंत्रण मिला तो क्या वे इटावा में समाजवादी पार्टी द्वारा बनाए जा रहे केदारेश्वर महादेव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में जाएंगे, इस सवाल पर योगी ने कहा, 'नीयत साफ होती तो मैं जरूर जाता। लेकिन, नीयत ठीक नहीं है। फिर भी मैं उन्हें बधाई देता हूं, देर आए दुरुस्त आए। आखिरकार उन्होंने मंदिर तो बनाया।'

## माल्या ने हाई कोर्ट से कहा- कब लौटूंगा भारत, बता नहीं सकता

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बैंक धोखाधड़ी के आरोपों का सामना कर रहे कारोबारी विजय माल्या ने बॉम्बे हाईकोर्ट में कहा कि वह यह स्पष्ट नहीं बता सकते कि वे भारत कब लौटेंगे। बुधवार को उनके अधिवक्ता अमित देसाई ने अदालत को बताया कि इंग्लैंड की अदालतों ने उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी है। हाईकोर्ट ने हाल में कहा था कि जब तक माल्या भारत नहीं लौटते, तब तक भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं होगी। बेंच ने कहा कि आरोपी बहाना तो नहीं बना रहे। अगली सुनवाई 11 मार्च तय हुई।



विजय माल्या

## बठिंडा में किसान-पुलिस में भिड़ंत, आंसूगैस छोड़नी पड़ी

■ पीटीआई, बठिंडा/पटियाला : पंजाब के बठिंडा में दो किसानों की रिहाई की मांग को लेकर बुधवार को प्रदर्शन हुआ। स्थिति तब तनावपूर्ण हो गई जब पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई। पुलिस का कहना है कि कुछ लोगों ने उन पर पत्थर फेंके, जिसके बाद भीड़ को काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। अधिकारियों के मुताबिक, कई किसानों को हिरासत में लिया गया है। जानकारी के अनुसार, भारतीय किसान संघ (एकता उगराहां) के बैनर तले बड़ी संख्या में किसान निर्वाद गांव में जमा हुए थे।

दो किसानों की रिहाई को लेकर किया प्रदर्शन।


### उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
### विद्युत वितरण मण्डल, पिथौरागढ़

#### ई- निविदा सूचना

विद्युत वितरण मण्डल, पिथौरागढ़ निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है:-

| क्र० सं० | ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | ऑनलाईन ई-निविदा आवेदन एवं जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | ऑनलाईन/ऑफलाइन ई-निविदा भाग-1 खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 37/ई0डी0सी0 (पि0) 2025-26 | विद्युत परीक्षण खण्ड पिथौरागढ़ के अन्तर्गत चैक मापक लगाना, जले एवं खराब मापकों को बदलने, उपभोक्ताओं के संयोजनों की एम0आर0आई0, मापकों की रि-सीलिंग आदि कार्य को अनुबन्ध के माध्यम से 01 वर्ष हेतु सम्पादित किये जाने का कार्य। | 09.03.2026 16.00 बजे | 10.03.2026 12:00 बजे |

उक्त ई-निविदा की अन्य नियम व शर्तें वेबसाइट http://www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती है। ई-निविदा की ऑफलाइन तकनीकी बिड (भाग-1) कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 09.03.2026 (16.30 बजे) होगी, इसके उपरान्त कोई निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

अधीक्षण अभियन्ता

Customer Care Toll Free No-1800 419 0405 ''विद्युत बिलों के 24 x 7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें''। ''राष्ट्र हित में बिजली बचायें''। पत्रांक:- 1103/वि0वि0मं0(पि0)/ दिनांक:- 18.02.2026



### पहचान की अपील

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक पुरुष जिसका नाम, निवास और परिवार **अज्ञात** है, उक्त पुरुष की उम्र लगभग 45 वर्ष थी, उक्त पुरुष दिल्ली के सफदरजंग बस टर्मिनल के पास तालकटोरा पार्क में बेहोशी की हालत में पाया गया। उक्त पुरुष को दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृत पुरुष के शव को एम्स मुर्दाघर में रखा गया है। इस सिलसिले में **डीडी संख्या 51ए दिनांक 05.02.2026 पुलिस थाना के.एम. पुर, दिल्ली** में दर्ज की गयी है। पुलिस ने मृतक पुरुष की पहचान करने की कोशिश की लेकिन अभी तक कोई सफलता प्राप्त नहीं हो सकी है। मृत पुरुष का विवरण इस प्रकार है:



अज्ञात

**लिंग:** पुरुष, **उम्र:** 45 वर्ष, **ऊँचाई:** 5'5" ft, **रंग:** गोरा, **शरीर:** सामान्य, **चेहरा:** गोल, **बालों का रंग:** काला, **पहनावा:** नीले रंग की टी-शर्ट और नीले रंग का लोअर। इस अज्ञात मृत पुरुष के परिजनों के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी/ के.एम. पुर, दिल्ली को सूचित करें।

थाना प्रभारी
थाना, के.एम. पुर दिल्ली
फोन नं. 01124624825, 01124620106, 8750870828

DP/2141/SD/2026



### गुमशुदा व्यक्ति की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दिखाया गया) जिसका नाम गुलाम अब्बास S/o नसीर अहमद R/o जे-10, गली नंबर 12, अब्दुल्ला मस्जिद के पास, लक्ष्मी नगर, दिल्ली, उम्र 27 साल जो कि 13.02.2026 को करीब दोपहर 2 बजे अपने घर से लापता है। इस बाबत **DD No.52A दिनांक 14.02.2026** थाना लक्ष्मी नगर, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:



गुलाम अब्बास

**रंग:** गोरा, **कद:** 4'5", **चेहरा:** लम्बा, **शरीर:** मध्यम, जिसने काले रंग की जैकेट, नीले रंग की जींस पैंट और जूते पहने है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-

ई-मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639
दूरभाष: 24368638/24368641

थानाध्यक्ष: थाना लक्ष्मी नगर, दिल्ली
दूरभाष सं.: 011-22542441, 22542992, 8750870622

DP/2115/ED/2026



### गुमशुदा की तलाश



पंकज कुमार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम पंकज कुमार, पुत्र लखन लाल सिंह, पता: म.नं. 708, रिसेटलमेंट कॉलोनी, सेक्टर-26, रोहिणी, नई दिल्ली जोकि दिनांक 10.02.2026 को दोपहर 02:00 बजे समयपुर बादली मेट्रो स्टेशन, दिल्ली के पास से गुमशुदा है। इस सन्दर्भ में DD No. 24 A, दिनांक 12.02.2026 पुलिस थाना समयपुर बादली, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा व्यक्ति की पहचान दी गई है:

नाम: पंकज कुमार, उम्र: 50 वर्ष, कद: 5'7", रंग: गेहुँआ, शरीर: मजबूत, पहनावा: नीले रंग की फुल टी-शर्ट, भूरे रंग की पैंट और पैरों में हवाई चप्पल।

अगर किसी को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया पुलिस थाना समयपुर बादली, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई-मेल: cic@cbi.gov.in
फोन: 011-24368638/24368641, फैक्स: 011-24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना समयपुर बादली, दिल्ली
फोन: 9711753572

DP/2020/ON/2026



### भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2025/TK-II/22/6/3(ZITMS) नई दिल्ली, दिनांक: 18.02.2026

**शुद्धिपत्र संख्या 13**

विषय: ई-निविदा क्रमांक 2501 जीरो स्पीड (ZITMS) से इंटीग्रेटेड ट्रैक मॉनिटरिंग सिस्टम की खरीद और इसके संचालन और रखरखाव के लिए

संबंधित निविदा दस्तावेज में अनुलग्नक 16 में सुधार करने के संबंध में शुद्धिपत्र संख्या 13 वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है।
निविदा के अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

(अनुराग कुमार)
कार्यकारी निदेशक/रेलपथ आधुनिकीकरण
रेलवे बोर्ड
दूरभाष 011-47845530
ई मेल: anuragkumar.dtk2@gmail.com

551/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: 2026-फरवरी-02 दिनांक: 16.02.2026

#### ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये 'खुली निविदा' ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| क्र.सं.: 1 | निविदा सं.: 2026-फरवरी-02-01 | अनुमानित लागत (रू.): ₹ 79826246.16 |
| कार्य का विवरण : बहुमंजिला रनिंग रूम नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में मौजूदा डॉरमेट्री कमरों से भीड़ कम करने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 50 कमरे (100 बेड) का प्रावधान। | | |
| क्र.सं.: 2 | निविदा सं.: 2026-फरवरी-02-02 | अनुमानित लागत (रू.): ₹ 31854590.55 |
| कार्य का विवरण : मथुरा जंक्शन स्टेशन में रनिंग रूम (16 कमरे, 32 बेड) के विस्तार का प्रावधान। | | |
| क्र.सं.: 3 | निविदा सं.: 2026-फरवरी-02-03 | अनुमानित लागत (रू.): ₹ 13225705.80 |
| कार्य का विवरण : आगरा मंडल/उत्तर मध्य रेलवे के तहत नई दिल्ली में 40 बेड वाले आरपीएफ बैरक का निर्माण। | | |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल वेब पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 09.03.2026 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 357/26(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



### उत्तर मध्य रेलवे

नोटिस संख्या: NCR-PRYJ/COMM/G+5/EOI/2026 दिनांक: 16.02.2026

#### अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI)

प्रयागराज जं. सिटी साइड, लीडर रोड से सटा हुआ G+5 बिल्डिंग में मानक होटल/बहुकार्यात्मक परिसर की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी में भागीदारी हेतु इच्छुक फर्मों/एजेंसियों/व्यक्तियों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) 10 वर्षों की अवधि के लिए आमंत्रित की जाती है। G+5 बिल्डिंग का विवरण नीचे दिया गया है:-

| G+5 बिल्डिंग का विवरण | विवरण | |
|---|---|---|
| बिल्डिंग का नाम | G+5 भवन, तलवार विवरण (फ्लोर वाइज प्लान) नीचे उल्लिखित है:- | |
| | स्टिल्ट फ्लोर (पार्किंग) | अपर ग्राउंड फ्लोर |
| | प्रथम तल | द्वितीय तल |
| | तृतीय तल | चतुर्थ तल |
| बिल्डिंग का पता | प्रयागराज रेलवे स्टेशन, सर्कुलेटिंग एरिया, सिटी साइड, पैसेंजर एन्क्लोजर के समीप, लीडर रोड, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश-211001 | |
| बिल्डिंग का जीपीएस लोकेशन | 25°26'40.04"N 81°49'42.27"E https://maps.app.goo.gl/2RHEHWLMAQbDARoM8 | |
| कमरों और हॉलों की संख्या | 68 कमरे और 08 बड़े हॉल | |
| प्रस्तावित कार्य की अवधि | 10 वर्ष | |
| ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 10.03.2026 को या उससे पहले 15:00 बजे तक | |

प्रस्ताव निम्नलिखित पते पर जमा किए जा सकते हैं:- ईमेल: sdcm@ald.railnet.gov.in हार्ड कॉपी 10.03.2026 को या उससे पहले 15:00 बजे तक दिये गए पते पर दिया जाना आवश्यक है: वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/कोचिंग/प्रयागराज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे, नवाब यूसुफ रोड, सिविल लाइंस, प्रयागराज-211001

विस्तृत नोटिस और भागीदारी/दिशानिर्देशों के लिए, कृपया आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं:- www.ncr.indianrailways.gov.in

ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक फर्म/एजेंसी/व्यक्तिगत निर्धारित ईओआई दस्तावेजों एवं संलग्न प्रपत्रों के अनुसार आवश्यक समस्त जानकारी सहित विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/कोचिंग
उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

373/26(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



### फीनिक्स आर्क प्राइवेट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : तीसरी मंजिल, वालेस टावर्स, 139/140/B/1, सहार रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे का क्रॉसिंग, विले पार्ले ईस्ट, मुंबई-400057, फ़ोन : 022- 68492450, फ़ैक्स : 022- 67412313
सीआईएन: U67190MH2007PTC168303; ईमेल: info@phoenixarc.co.in; वेबसाइट: www.phoenixarc.co.in

#### संपत्ति की ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी (SARFAESI) अधिनियम के रूप में संदर्भित) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (संक्षेप में नियमों के रूप में संदर्भित) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए और सुरक्षित संपत्ति के कब्जे के अनुसार, अधिकृत अधिकारी ने सुरक्षित ऋणों की वसूली के लिए उक्त सरफेसी अधिनियम और नियमों के तहत ई-नीलामी के माध्यम से सुरक्षित संपत्ति बेचने का निर्णय लिया है।

आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता, गिरवीदार और गारंटर को सूचित किया जाता है कि फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा फीनिक्स ट्रस्ट FY25-3 के ट्रस्टी के रूप में कार्य करते हुए, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के पक्ष में फीनिक्स द्वारा एक असाइनमेंट समझौते के तहत गिरवी रखी गई संपत्ति (फीनिक्स) को "जैसा है जहां है, जैसा है वैसा है और बिना किसी सहारा के" शर्त पर "ऑनलाइन ई-नीलामी" के माध्यम से बकाया और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए बेचा जाएगा, जैसा कि सरफेसी अधिनियम के नियम 8 और 9 के सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के प्रावधानों के साथ पढ़ा गया है, वेबसाइट https://www.bankeauctions.com पर नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:

| | |
|---|---|
| उधारकर्ता का नाम | फास्ट ट्रैक लॉजिस्टिक्स |
| गारंटर का नाम | श्री कुलबीर सिंह पैंथे, श्री राहुल पैंथे, श्रीमती किरण पैंथे, लक्ष्मी रोड लाइन्स |
| सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) नोटिस की तिथि तक देय राशि | फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड के लिए, फीनिक्स ट्रस्ट FY25-3 के ट्रस्टी के रूप में कार्य करते हुए: रु. 12,79,54,263.02/- (केवल बारह करोड़ उन्यासी लाख चौवन हजार दो सौ तिरसठ रुपये और दो पैसे) धारा 13(2) नोटिस दिनांक 18-05-2024 के अनुसार, लागू ब्याज, डिफ़ॉल्ट ब्याज, प्रीमियम, लागत, शुल्क आदि के साथ भुगतान/वसूली तक संविदात्मक दरों पर<br>एचडीएफसी बैंक के लिए: रु. 5,07,47,172.00 (केवल पांच करोड़ सात लाख सैंतालीस हजार एक सौ बहत्तर रुपये) धारा 13(2) नोटिस दिनांक 20-06-2024 के अनुसार, लागू ब्याज, डिफ़ॉल्ट, ब्याज, प्रीमियम, लागत, शुल्क आदि के साथ भुगतान/वसूली तक संविदात्मक दरों पर |
| कब्जा स्थिति | भौतिक कब्जे में |
| आरक्षित मूल्य | संपत्ति सं. 1 - रु. 8,10,00,000/- (केवल आठ करोड़ दस लाख रुपये)<br>संपत्ति सं. 2 - रु. 18,00,000/- (केवल अठारह लाख रुपये) |
| निरीक्षण तिथि | संपत्ति सं. 1 - 26-02-2026 दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे के बीच<br>संपत्ति सं. 2 - अनुरोध पर |
| बयाना जमा राशि (ईएमडी राशि) | संपत्ति सं. 1 - रु. 81,00,000/- (केवल इक्यासी लाख रुपये)<br>संपत्ति सं. 2 - रु. 1,80,000/- (केवल एक लाख अस्सी हजार रुपये) |
| बोली वृद्धि | संपत्ति सं. 1 - रु. 2,00,000/- (केवल दो लाख रुपये) और ऐसे ही गुणकों में<br>संपत्ति सं. 2 - रु. 50,000/- (केवल पचास हजार रुपये) और ऐसे ही गुणकों में |
| बैंक खाता विवरण | बयाना राशि आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से "PHOENIX TRUST FY25-3" के पक्ष में जमा की जानी चाहिए, बैंक का नाम: कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड, चालू खाता सं: 5548931816, शाखा: कलिना, आईएफएससी कोड: KKBK0000631 |
| बोली जमा करने की अंतिम तिथि (ई-नीलामी) | 06 मार्च, 2026 (शुक्रवार) बैंकिंग घंटों की समाप्ति पर या उससे पहले |
| ई-नीलामी की तिथि | 09 मार्च, 2026 (सोमवार) सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे के बीच |
| ई-नीलामी का तरीका | ऑनलाइन – ई-नीलामी |
| बिक्री सूचना और निविदा दस्तावेजों के लिए लिंक | https://phoenixarc.co.in/?p=6906 |
| नीलामी की जा रही सुरक्षित संपत्ति का विवरण | संपत्ति सं. 1: प्लॉट नं. 215, 375 वर्ग गज, लैंडमार्क हुडा मार्केट, सेक्टर-14, फरीदाबाद, हरियाणा-121002 के पास स्थित संपत्ति पर एचडीएफसी बैंक के साथ प्रथम पारी पासु प्रभार के आधार पर, जिसके मालिक श्री कुलबीर सिंह पैंथे हैं।<br>संपत्ति सं. 2: दुकान नं. 7बी (छत के अधिकारों के बिना), दूसरी मंजिल, कारपेट एरिया लगभग 320 वर्ग फुट, रत्ना पैलेस, फेज 1, सेक्टर-20बी, फरीदाबाद में स्थित संपत्ति पर एचडीएफसी बैंक के साथ प्रथम पारी पासु प्रभार के आधार पर, जिसमें खसरा नं. 37/21/4, 38/25/2/2 मिनट और 41/5/2 मिनट और 42/1 (पुराना खसरा नं. 1161, 1162, 1175) शामिल हैं, जो गांव अजरौंदा, तहसील और जिला फरीदाबाद में स्थित है, जिसकी मालिक श्रीमती किरण पैंथे हैं। |

**ई-नीलामी के नियम और शर्तें:**

1. नीलामी बिक्री सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के तहत अधिकृत अधिकारी द्वारा सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सहायता से ई-नीलामी के माध्यम से आयोजित की जा रही है। नीलामी/बोली केवल वेबसाइट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" द्वारा होगी। मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई-नीलामी के लिए मंच की व्यवस्था करने वाला सेवा प्रदाता है।
2. नीलामी बोली दस्तावेज के नियमों और शर्तों और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाती है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए बोलीदाता फीनिक्स की वेबसाइट www.phoenixarc.co.in और साथ ही सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.bankeauctions.com पर बोली दस्तावेज, नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्तियों का विवरण/बोली फॉर्म प्राप्त करने के लिए जा सकते हैं।
3. बोलीदाता अपने स्वयं के कार्यालयों/अपनी पसंद के स्थान से ई-नीलामी में बोली लगा सकते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था प्रत्येक बोलीदाता को स्वयं करनी होगी। अधिकृत अधिकारी/फीनिक्स/सेवा प्रदाता इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, सिस्टम क्रैश डाउन, बिजली गुल आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
4. ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता **मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के श्री भाविक पांड्या से संपर्क कर सकते हैं, संपर्क नंबर: +91-124-4302020/2021/2022/2023/2024, +91-8866682937, ईमेल आईडी: support@bankeauctions.com; maharashtra@c1india.com**
5. बोलीदाता नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण डाउनलोड करने/बोली फॉर्म प्राप्त करने के लिए फीनिक्स की वेबसाइट www.phoenixarc.co.in पर भी जा सकते हैं।
6. ई-नीलामी ऊपर उल्लिखित तिथि और समय पर आयोजित की जाएगी, जब ऊपर उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति **"जैसा है जहां है, जैसा है वैसा है" और "बिना किसी सहारा के"** शर्त पर बेची जाएगी।
7. सभी इच्छुक खरीदारों/बोलीदाताओं को ऊपर उल्लिखित पोर्टल https://www.bankeauctions.com में अपना नाम पंजीकृत करना होगा और उपरोक्त उल्लिखित तिथि और समय पर ई-नीलामी में भाग लेने के लिए मुफ्त में यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा।
8. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक खरीदारों/बोलीदाताओं को सुरक्षित संपत्ति के आरक्षित मूल्य के 10% की वापसी योग्य बयाना जमा राशि के भुगतान का विवरण पैनकार्ड की प्रतियों, कंपनी के मामले में बोर्ड प्रस्तावों और निविदा दस्तावेजों में विस्तृत शर्तों के अनुसार पते के प्रमाण के साथ, ऊपर उल्लिखित ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि पर या उससे पहले जमा करना होगा।
9. संभावित/इच्छुक बोलीदाता एक वचनबद्धता प्रस्तुत करेगा कि वह दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 29 (ए) के प्रावधानों के अनुसार अयोग्य नहीं है और केवाईसी दस्तावेजों के साथ ऐसी वचनबद्धता प्रस्तुत करने में विफलता स्वतः अयोग्य ठहराएगी और प्रस्तुत की गई बोली खारिज कर दी जाएगी।
10. सफल खरीदार/बोलीदाता को ऊपर **उल्लिखित नीलामी की तिथि पर या अगले कार्य दिवस से पहले** बैंकिंग घंटों की समाप्ति पर आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ऊपर उल्लिखित खाते में प्रत्येक वस्तु के लिए अपनी/उसकी पेशकश का 25% (ईएमडी सहित) जमा करना होगा, जिसकी पुष्टि फीनिक्स द्वारा की जानी चाहिए, ऐसा न करने पर बिक्री विफल मानी जाएगी और उक्त सफल खरीदार/बोलीदाता की ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।
11. ई-नीलामी में सफल न होने वाले अन्य सभी बोलीदाताओं की ईएमडी फीनिक्स द्वारा ई-नीलामी बंद होने के 5 कार्य दिवसों के भीतर वापस कर दी जाएगी। असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा।
12. खरीद प्रतिफल की शेष राशि सफल खरीदार/बोलीदाता द्वारा उक्त सुरक्षित संपत्ति की बिक्री की पुष्टि के पंद्रहवें (15वें) दिन या लिखित रूप में सहमत ऐसी विस्तारित अवधि पर या उससे पहले देय होगी। चूक की स्थिति में, तब तक जमा की गई सभी राशियां जब्त कर ली जाएंगी।
13. बोली स्वीकार होने के बाद बोलीदाताओं के नामों में कोई जोड़/हटाना/संशोधन की अनुमति नहीं होगी। पंजीकरण के समय प्रस्तुत बोलीदाता(ओं) का नाम ही इस उद्देश्य के लिए विचार किया जाएगा।
14. संपत्ति(यों) के निरीक्षण या अधिक जानकारी के लिए, संभावित बोलीदाता **श्री हर्ष मालिया / श्री सुरेश वरियम से निम्नलिखित ईमेल पते harsh.magia@phoenixarc.co.in / suresh.variyam@phoenixarc.co.in / (ईमेल) पर या +91-7506107562 / +91-7506490036 (मोबाइल)** पर संपर्क कर सकते हैं।
15. नीलामी के किसी भी चरण में, अधिकृत अधिकारी किसी भी कारण से इस नोटिस के किसी भी नियम और शर्त को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है और अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए और बिना किसी पूर्व सूचना के बोली/प्रस्ताव को स्वीकार/अस्वीकार/संशोधित/रद्द कर सकता है या नीलामी को स्थगित कर सकता है।
16. सफल खरीदार/बोलीदाता को लागू कानून के अनुसार संपत्ति को अपने पक्ष में हस्तांतरित/विलेखित करवाने के लिए देय कोई भी वैधानिक शुल्क, कर, फीस, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क आदि वहन करना होगा।
17. संपत्ति पर किसी भी समय देय सभी वैधानिक/गैर-वैधानिक देय राशि, कर, दरें, मूल्यांकन, शुल्क, सोसायटी देय राशि, फीस आदि का भुगतान केवल सफल बोलीदाता की एकमात्र जिम्मेदारी होगी।
18. बिक्री प्रमाण पत्र पंजीकृत करवाना पूरी तरह से सफल बोलीदाता की जिम्मेदारी होगी। सफल खरीदार/बोलीदाता को सोसायटी/किसी अन्य प्राधिकरण को अपने पक्ष में अधिकारों के हस्तांतरण के लिए देय किसी भी लागत/खर्च/फीस/शुल्क आदि के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होगा। बिक्री प्रमाण पत्र कानून के अनुसार जल्द से जल्द पंजीकृत होना चाहिए। खरीदार को पंजीकरण में देरी का कारण बताते हुए फीनिक्स के अधिकृत अधिकारी को अनुरोध पत्र देना होगा।
19. बिक्री के पंजीकरण के लिए आवश्यक संबंधित अधिकारियों से एनओसी प्राप्त करना, जिसमें लागू शुल्क, करों का भुगतान शामिल है, सफल बोलीदाता की जिम्मेदारी है। आवश्यक मंजूरी या अनुमोदन प्राप्त करने के कारण होने वाले सभी शुल्क (सोसायटी शुल्क, एनओसी शुल्क, बिजली, पानी, सफल बोलीदाता के पक्ष में उक्त संपत्ति के हस्तांतरण के लिए आवश्यक सोसायटी शुल्क सहित, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं) सफल बोलीदाता द्वारा अपने स्वयं के खर्च, प्रयास और देनदारियों पर वहन किए जाएंगे।
20. बिक्री सूचना में उल्लिखित ई-नीलामी के तहत सुरक्षित संपत्ति अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से आग या चोरी या अन्य दुर्घटनाओं से होने वाले नुकसान या क्षति सहित सभी मामलों में सफल खरीदार के एकमात्र जोखिम पर रहेगी और होगी, और किसी भी प्रकृति के अन्य जोखिम भी। सफल बोलीदाता किसी भी आधार पर बिक्री को रद्द करने का हकदार नहीं होगा।
21. उधारकर्ता/गिरवीदार, जो उक्त बकाया देय राशि के लिए उत्तरदायी हैं, इस बिक्री सूचना को नियम 8 (प्रवर्तन) नियमों के तहत एक नोटिस मानेंगे, जो उपरोक्त उल्लिखित नीलामी बिक्री के आयोजन के बारे में है। उधारकर्ताओं/गिरवीदारों को यह भी सूचित किया जाता है कि उन्हें फीनिक्स की हिरासत में उक्त सुरक्षित संपत्ति के अंदर पड़े अपने व्यक्तिगत घरेलू सामान/वस्तुओं को प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर फीनिक्स को पूर्व सूचना के साथ हटाना होगा, ऐसा न करने पर फीनिक्स की इसके प्रति कोई देयता/जिम्मेदारी नहीं होगी और वह उधारकर्ताओं/गिरवीदारों के जोखिम पर उनका निपटान करेगा।
22. अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, सुरक्षित संपत्ति पर कोई भार नहीं है, सिवाय यदि कोई हो, जो ऊपर तालिका में उल्लिखित है। इच्छुक बोलीदाता नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति के शीर्षक और सुरक्षित संपत्तियों को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/देय राशियों के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच करेंगे, जिसमें उनकी बोली भी शामिल है। नीलामी विज्ञापन फीनिक्स की कोई प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व नहीं करता है और न ही करेगा। अधिकृत अधिकारी फीनिक्स किसी भी तरह से किसी भी प्रकृति के तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/देय राशियों के संबंध में ऑनलाइन बोली जमा करने के बाद किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। किसी भी प्रकृति के तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/देय राशियों के संबंध में ऑनलाइन बोली जमा करने के बाद कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
23. समाचार पत्र में प्रकाशित ई-नीलामी सूचना में निर्दिष्ट विवरण अधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताए गए हैं, हालांकि, अधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जिम्मेदार/उत्तरदायी नहीं होगा।
24. यदि उपरोक्त निर्धारित ई-नीलामी किसी भी कारण से विफल हो जाती है, तो फीनिक्स को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(5) और सरफेसी (SARFAESI) अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत किसी अन्य तरीके से सुरक्षित संपत्ति बेचने का अधिकार है।

हस्ता/-
अधिकृत अधिकारी
फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड, फीनिक्स ट्रस्ट एफवाई 25-3

स्थान: फरीदाबाद
दिनांक: 19-02-2026

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP16 User: cci Time: 02-18-2026 22:31 Color:



20 20 WORLD CUP अल्टीमेट रोमांच



हेड कोच जोनाथन ट्रॉट ने टीम को सही रास्ते पर लाने और देश के क्रिकेट के लेवल को ऊपर उठाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने हमारे हर खिलाड़ी के साथ काफी मेहनत की है। - राशिद खान, कप्तान, अफगानिस्तान

कुल मैच 34 | टोटल रन 10661 | विकेट गिरे 437 | 885 | 4 6 बाउंड्री मीटर | 433 | प्लेयर हाइएस्ट स्कोर 110 (मुहम्मद सामरा, कनाडा) | टीम 235/5 (ऑस्ट्रेलिया Vs ओमान) | बैटर नंबर-1 220 एस फरहान (पाकिस्तान) | बोलर नंबर-1 13 शैडली वान (यूएसए) | *आंकड़े बुधवार को पाकिस्तान Vs नामीबिया मैच तक

**3** शतक लग चुके हैं इस टी20 वर्ल्ड कप में अभी तक, जोकि किसी एक एडिशन में लगे सर्वाधिक शतक हैं। इससे पहले हर एडिशन में दो-दो शतक लगे थे

## वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में पाकिस्तान के कितने बल्लेबाजों ने शतक बनाए हैं?
A) 4 B) 2 C) 5 D) 3
2. श्रीलंका और जिंबाब्वे की टीम मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप के किस ग्रुप में खेल रही है?
A) ग्रुप-ए B) ग्रुप-डी C) ग्रुप-बी D) ग्रुप-सी

**कल के जवाब**
1. A) क्रिस गेल
2. C) डेरिल मिचेल

**लकी WINNERS**



1 बबीता जायसवाल, नोएडा, यूपी
2 हितेंद्र सिंह, साहिबाबाद, यूपी
3 आनंद कुमार, पंजाबी बाग, दिल्ली

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, उम्र और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और उसकी तस्वीर अगले अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### पथिराना बाहर हुए

**कोलंबो:** टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में पहुंचने से पहले श्रीलंका को बड़ा झटका लगा है। श्रीलंका के फास्ट बोलर मथीशा पथिराना टूर्नामेंट के बचे हुए मैचों में नहीं खेल पाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान वह हैमस्ट्रिंग की चोट की वजह से मैदान से बाहर चले गए थे। उनकी चोट ज्यादा गंभीर बताई गई है। वह कम से कम तीन हफ्ते तक मैदान से बाहर रहेंगे।

### डेविस कप टीम सम्मानित

**नई दिल्ली:** दिल्ली लॉन टेनिस असोसिएशन ने यहां पर नई दिल्ली ओपन के दौरान नीदरलैंड्स पर शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय डेविस कप टीम को सम्मानित किया। भारत ने इस महीने की शुरू में बेंगलुरु में एक रोमांचक मुकाबले में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए नीदरलैंड्स की टीम को 3-2 से हराकर डेविस कप क्वॉलिफायर के दूसरे राउंड में जगह बनाई।

**एशियन क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप**



भारतीय क्रॉस-कंट्री टीम

### भारत के बारह ऐथलीट उतरेंगे

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** भारत के 12 ऐथलीट 21 फरवरी से जापान के फुकुओका में होने वाली 18वीं एशियन क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। भारतीय ऐथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने बताया कि पिछले महीने रांची में हुई 60वीं नैशनल क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर टीम चुनी गई है। भारतीय खिलाड़ी सीनियर पुरुष, महिला और अंडर-20 युवा में हिस्सा लेंगे। टीम में हरमनजीत सिंह, अंकित गुर्जर, अभिनंदन सूर्यवंशी, करण रमेश सरनाडे, नंदनी गुप्ता, दमला, सोनिका, मुन्नी देवी, वर्षा, मणि यादव, सोनम कुमारी और आरजू शामिल हैं।

---

अंतिम ग्रुप मैच में नीदरलैंड्स के खिलाफ मुश्किल वक्त में दुबे ने खेल डाली तेज-तर्रार अर्धशतकीय पारी

# 'ऑरेंज आर्मी' के खिलाफ शिवम का तूफान



भारत vs नीदरलैंड्स

शिवम दुबे
66 रन
31 बॉल
4 फोर
6 सिक्स

टी20 वर्ल्ड कप 2026

**NBT रिपोर्ट/एजेंसियां, अहमदाबाद:** अंतिम ओवरों में शिवम दुबे के तूफानी अंदाज से भारत ने ICC टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-ए मैच में बुधवार को नीदरलैंड्स के खिलाफ धीमी शुरुआत से उबरते हुए छह विकेट पर 193 रन बनाए। दुबे ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 31 गेंद में छह छक्कों और चार चौकों से 66 रन की पारी खेलने के अलावा हार्दिक पंड्या (21 गेंद में 30 रन, तीन छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 35 गेंद में 76 रन की साझेदारी की। शिवम ने 25 गेंदों में अपनी फिफ्टी की जिससे भारत अंतिम पांच ओवर में 75 रन जोड़ने में सफल रहा। शिवम की पारी टी20 वर्ल्ड कप में किसी भारतीय बैटर द्वारा नंबर-5 या इससे नीचे उतरकर खेली गई सबसे बड़ी पारी है। इससे पहले यह रेकॉर्ड हार्दिक पंड्या (63) के नाम था। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (34) और तिलक वर्मा (31) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। नीदरलैंड्स की ओर से तेज गेंदबाज लोगान वान बीक सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 56 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त ने 19 रन देकर दो विकेट निकालकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी।

**ग्रुप स्टेज में एक भी रन नहीं:** मुकाबले की शुरुआत में ही ड्रेस से जुड़ी गड़बड़ी हो गई। अभिषेक के पास अपनी जर्सी नहीं थी। उन्होंने पहले अर्शदीप सिंह की जर्सी पहनने की कोशिश की, लेकिन बाद आया कि अर्शदीप प्लेइंग इलेवन में हैं। इसलिए उन्हें मोहम्मद सिराज की जर्सी पहननी पड़ी। हालांकि सिराज की जर्सी भी उनकी किस्मत नहीं बदल सकी। वह आश्चर्यजनक रूप से यहां भी फेल रहे और लगातार तीसरे मुकाबले में अपना खाता नहीं खोल सके। नीदरलैंड्स ने स्पिन अटैक के साथ शुरुआत की। भारतीय मूल के ही आर्यन दत्त सामने थे। आर्यन ने अभिषेक को बिल्कुल जगह नहीं दी। दो डॉट बॉल के बाद अभिषेक ने मिड-ऑन के ऊपर से मारने की कोशिश की, चूक गए और बोल्ड हो गए। अब यह यकीन करना थोड़ा मुश्किल है कि दुनिया का नंबर वन टी20 बल्लेबाज इस टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में एक भी रन नहीं बना सका। यह अब एक टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने के संयुक्त रेकॉर्ड की बराबरी है। साथ ही भारत के लिए एक साल में सबसे ज्यादा डक का भी संयुक्त रेकॉर्ड है। अभिषेक इस टूर्नामेंट में अमेरिका के खिलाफ पहली ही गेंद पर आउट हुए थे, जिसके बाद पेट में संक्रमण की वजह से नामीबिया के विरुद्ध नहीं उतर सके। अभिषेक ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में वापसी की, लेकिन चौथी गेंद पर ही कैच आउट हो गए थे। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछली 7 टी20 अंतरराष्ट्रीय पारियों में महज 98 रन बनाए हैं। इस दौरान 4 पारियों में खाता तक नहीं खोल सके हैं।

**आर्यन ने छोड़ा प्रभाव:** पहला विकेट गिरने पर क्रीज पर आए तिलक वर्मा और ईशान किशन ने कुछ अच्छे शॉट्स से प्रेशर कम किया। चार ओवर में बोर्ड पर एक विकेट पर 35 रन आ गए। इस बीच एक छोर से लंबे कद के ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त ने तेज गति और टाइट लाइन से भारत को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। अच्छी गेंदबाजी के इनाम में उन्हें ईशान किशन का कीमती विकेट भी मिला। ईशान बदकिस्मत रहे, वह पुल शॉट मिस कर गए और गेंद पहले पैड, फिर बैट से लगकर स्टंप से जा टकराई। भारत ने 4.2 ओवर में 39 रन पर दोनों ओपनर के विकेट गंवा दिए थे और दोनों ही विकेट आर्यन ने लिए। आर्यन ने पावरप्ले में तीन ओवर डाले। आर्यन की कसी हुई बॉलिंग के कारण आठ ओवर के बाद भारत का स्कोर दो विकेट पर 60 रन तक ही पहुंच पाया। आर्यन को तीसरा विकेट भी मिल गया होता अगर उनके कोटे के अंतिम और पारी के 11वें ओवर में शिवम दुबे को अंपायर्स कॉल का साथ नहीं मिला होता। उनके चार ओवर में सिर्फ 19 रन बने।

**3** तीसरी बार अभिषेक शर्मा इस वर्ल्ड कप में खाता नहीं खोल सके। टी20 वर्ल्ड कप में सर्वाधिक बार डक पर आउट होने वाले भारतीय बैटर्स की लिस्ट में उन्होंने आशीष नेहरा की बराबरी की

**6** सिक्स मारे शिवम दुबे ने अपनी पारी के दौरान जोकि टी20 वर्ल्ड कप मैच की एक पारी में किसी भारतीय द्वारा मारे गए तीसरे संयुक्त सर्वाधिक सिक्स है।

**14** सिक्स मार चुके हैं रिंकू सिंह टी20 इंटरनैशनल मैच के 20वें ओवर में। इस मामले में अब वह भारतीय बैटर्स में सिर्फ हार्दिक पंड्या (16) के बाद दूसरे नंबर पर है

### दुबे ने एकरमैन पर बोला हमला

भारत ने 19 गेंदों तक कोई बाउंड्री नहीं लगाई थी। शिवम ने 11 गेंद पर सिर्फ छह रन बनाए थे, लेकिन 13वें ओवर में अटैक पर आए एकरमैन पर वह टूट पड़े। उनकी पहली बॉल पर सिक्स जड़ने के बाद दो और बड़े शॉट लगाकर फोर और छह रन बटोरा। इस ओवर में 19 रन बने और यहां से टीम इंडिया का खेल बदल गया। सूर्या भी अगले ओवर में आउट हुए तो शिवम का साथ देने हार्दिक पंड्या पहुंचे। इन दोनों ने स्लॉग ओवर्स में रन गति को पांचवें गियर में पहुंचा दिया। दुबे अंतिम ओवर में कैच आउट हुए लेकिन इससे पहले हार्दिक के साथ 35 गेंद पर 76 रन बनाकर टीम को मजबूत टोटल तक पहुंचा दिया। हार्दिक पारी की अंतिम गेंद पर आउट हुए। इन दोनों की साझेदारी में हार्दिक ने 20 गेंद पर 30 रन बनाए जबकि शिवम ने 15 गेंद पर 43 रन ठोके।

**स्कोरकार्ड**

**भारत:** अभिषेक शर्मा बो दत्त 0, ईशान किशन बो दत्त 18, तिलक वर्मा कॉ मर्व बो वान बीक 31, सूर्यकुमार यादव कॉ सब, बो क्लीन 34, शिवम दुबे कॉ सब. बो बीक 66, हार्दिक पंड्या कॉ मर्व बो बीक 30, रिंकू सिंह नॉट आउट 6 **एक्स्ट्रा:** 8 **टोटल:** 20 ओवर्स में छह विकेट पर 193 रन **विकेट:** 1-0, 2-39, 3-69, 4-110, 5-186, 6-193 **बोलिंग:** आर्यन दत्त 4-0-19-2, लोगान वैन बीक 4-0-56-3, कॉलिन एकरमैन 3-0-36-0, काइल क्लीन 4-0-38-1, बास डी लीडे 4-0-28-0, रोलोफ वैन डर मर्व 1-0-15-0

---

**रिऐक्शंस**

## इस टीम में नहीं है वैसी चमक: पॉन्टिंग



**एजेंसियां, नई दिल्ली:** पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग ने मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप से ऑस्ट्रेलिया के बाहर होने के बाद कहा कि यह बहुत खराब अभियान रहा और मौजूदा टीम में वह चमक नहीं है जो ग्लोबल टूर्नामेंट में पिछली टीमों में हुआ करती थी। आईसीसी 'रिव्यू' में पॉन्टिंग ने कहा कि कागज पर यह टीम उन पिछली ऑस्ट्रेलियाई टीम जैसी प्रभावशाली नहीं दिखती जिन्होंने आईसीसी टूर्नामेंट में दबदबा बनाया था।

पॉन्टिंग ने कहा, 'जब आप इस ऑस्ट्रेलियाई टीम को कागज पर देखते हैं, तो इसमें वह आभा नजर नहीं आती जो कई अन्य ऑस्ट्रेलियाई टीम में आईसीसी टूर्नामेंट और वर्ल्ड कप से पहले दिखाई देती थी। इन टूर्नामेंटों में आगे बढ़ने और जीतने के लिए आपके सर्वश्रेष्ठ और सबसे अनुभवी खिलाड़ियों को बड़े मौकों पर प्रदर्शन करना होता है। ऑस्ट्रेलिया को वह प्रदर्शन नहीं मिला।' पूर्व कप्तान ने टॉप ऑर्डर के निराशाजनक प्रदर्शन की ओर इशारा किया।

## फरहान के शतक से पाक सुपर-8 में



पाकिस्तान vs नामीबिया

पाक के ओपनर साहिबजादा फरहान ने दिलाई जीत

**एजेंसियां, कोलंबो:** ओपनर साहिबजादा फरहान (100* रन, 58 बॉल, 11 फोर, 4 सिक्स) के पहले शतक के बाद स्पिनर उस्मान तारिक (4/16) और शादाब खान (3/19) के शानदार प्रदर्शन से पाकिस्तान ने बुधवार को टी20 वर्ल्ड कप के 'करो या मरो' के ग्रुप मैच में नामीबिया को 102 रन से हराकर सुपर-8 में प्रवेश किया। फरहान की पारी की बदौलत पाकिस्तान ने तीन विकेट पर 199 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फरहान सिर्फ 20 गेंदों में 50 से 100 रन तक पहुंचे। वह विश्व कप में शतक जड़ने वाले पाकिस्तान के दूसरे खिलाड़ी बन गए। पाकिस्तान ने 'मिस्ट्री' स्पिनर तारिक और लेग स्पिनर शादाब के स्पिन जाल से दबदबा बनाते हुए नामीबिया की टीम को 17.3 ओवर में महज 97 रन पर समेट दिया। सलमान मिर्जा और मोहम्मद नवाज ने भी एक-एक विकेट झटका। इस तरह नामीबिया का अभियान चारों मैच में हार के साथ समाप्त हुआ।

यह टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत भी है। भारत से मिली करारी शिकस्त से उबरते हुए पाकिस्तान ने इस मैच में ख्वाजा नफे को मध्यक्रम में शामिल कर अपनी बल्लेबाजी को मजबूती दी जबकि खराब फॉर्म में चल रहे शाहीन शाह अफरीदी को बाहर किया।

**ब्रीफ स्कोर**

**पाकिस्तान:** 20 ओवर में 199/3 (साहिबजादा फरहान 100*, सलमान आगा 38, शादाब खान 36*, जैक ब्रसेल 2/48)
**नामीबिया:** 17.3 ओवर में 97/10 (लॉरेन स्टीनकैंप 23, एलेक्जैंडर बुसिंग वोल्शेक 20, उस्मान तारिक 4/16, शादाब खान 3/19)

### तो पहला सेमी खेलेगा पाक

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

पाकिस्तान सुपर-8 की शुरुआत शनिवार को कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से करेगा। हर ग्रुप की दो टॉप टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। अगर पाक सेमी के लिए क्वॉलिफाई करता है, तो वह 4 मार्च को कोलंबो में पहला सेमीफाइनल खेलेगा। पाकिस्तान क्वॉलिफाई नहीं करता तो यह सेमीफाइनल कोलकाता में खेला जाएगा। दूसरा सेमीफाइनल 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े में होगा। भारत क्वॉलिफाई करता है, तो वह दूसरा सेमीफाइनल खेलेगा। पाकिस्तान फाइनल के लिए क्वॉलिफाई करता है तो फाइनल कोलंबो में होगा। अन्यथा फाइनल अहमदाबाद में खेला जाएगा।

## आठ टीमें अगले वर्ल्ड कप के लिए भी क्वॉलिफाई

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** पाकिस्तान की जीत के साथ इस टी20 वर्ल्ड कप में सुपर-8 स्टेज की सभी सीटें बुक हो गईं। आईसीसी मैंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 स्टेज में जगह बनाने के साथ इन सभी टीमों ने साल 2028 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले अगले टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया। टूर्नामेंट में सह-मेजबान होने के कारण ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की जगह पहले से ही पक्की है। क्वॉलिफाई करने वाली 12 टीमों की सूची मार्च 9 (फाइनल के अगले दिन) तक आईसीसी टी20I टीम रैंकिंग्स में टॉप पर रहने वाली तीन और टीमों के साथ पूरी होगी। मौजूदा स्थिति के अनुसार बांग्लादेश, अफगानिस्तान और आयरलैंड के इन स्थानों को पक्का करने की पूरी संभावना है, क्योंकि कट-ऑफ तारीख से पहले ऐसी कोई इंटरनैशनल सीरीज नहीं है जो इन टीमों की टी20 रैंकिंग्स को प्रभावित कर सके। अगले वर्ल्ड कप में भी बीस टीमें होंगी। अगले वर्ल्ड कप की शेष आठ टीमों का चयन इस बार भी क्षेत्रीय क्वॉलिफिकेशन टूर्नामेंट्स के जरिए किया जाएगा।

टी20 वर्ल्ड कप 2028

## 'बॉश' की तरह जीती साउथ अफ्रीकी टीम





**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** उम्मीदों के मुताबिक साउथ अफ्रीकी टीम ने ग्रुप स्टेज के अपने आखिरी मैच को सुपर-8 के अपने पहले मैच से पहले तैयारी की तरह लिया और दबदबा कायम रखते हुए जीत हासिल की। साउथ अफ्रीकी टीम ने यूएई के खिलाफ इस मैच में चार परिवर्तन करते हुए एनरिच नोर्त्जे, जॉर्ज लिंडे, जेसन स्मिथ और क्वेना मफाका को उतारा। प्रोटियाज पेस बैटरी के आगे यूएई की टीम संघर्ष करती नजर आई और निर्धारित ओवर्स में छह विकेट पर 122 रन बना पाई। प्लेयर ऑफ द मैच पेसर कॉर्बिन बॉश बेहद असरदार रहे। उन्होंने चार ओवर्स में केवल 12 रन देकर तीन विकेट झटके, जबकि एनरिच ने भी दो खिलाड़ियों को पविलियन भेजा। यूएई की ओर से केवल अलिशान शराफू (45 रन, 38 बॉल) कुछ हद तक चुनौती दे सके।

**मार्करम की लय कायम:** छोटे टारगेट का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम (28 रन, 11 बॉल) ने एक बार फिर तेज शुरुआत दी। बीच के ओवर्स में रयान रिकेल्टन (30 रन, 16 बॉल) ने भी तेजी बरकरार रखी, जबकि पिछले मैचों में नहीं खास चले डेवाल्ड ब्रेविस ने भी लय पकड़ते हुए 25 बॉल पर 36 रन की पारी खेली। साउथ अफ्रीका ने 40 बॉल शेष रहते टारगेट हासिल कर लिया और ग्रुप स्टेज में परफेक्ट रेकॉर्ड के साथ सुपर-8 में भारत से भिड़ने के लिए अहमदाबाद प्रस्थान किया।

**ब्रीफ स्कोर**

**यूएई:** 20 ओवर्स में 122/6 (अलिशान शराफू 45, मुहम्मद वसीम 22, कॉर्बिन बॉश 3/12, एनरिच नोर्त्जे 2/28)
**साउथ अफ्रीका:** 13.2 ओवर्स में 123/4 (डेवाल्ड ब्रेविस 36, रयान रिकेल्टन 30, मुहम्मद अरफान 1/16)

---

## खिताबी मुकाबले में J&K, रचा इतिहास



जम्मू-कश्मीर के पेसर आकिब नबी चुने गए 'प्लेयर ऑफ द मैच'

रणजी का रण

**एजेंसियां, कल्याणी (पश्चिम बंगाल):** जम्मू-कश्मीर ने बुधवार को यहां सेमीफाइनल के चौथे दिन दो बार के पूर्व चैंपियन बंगाल को छह विकेट से करारी शिकस्त देकर अपने 67 साल के इतिहास में पहली बार रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया। बंगाल ने जम्मू-कश्मीर के सामने 126 रन का लक्ष्य रखा था। जम्मू-कश्मीर ने 34.4 ओवर में चार विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर दिया। उसकी तरफ से वंशज शर्मा ने नॉट आउट 43 और अब्दुल समद ने नॉट आउट 30 रन बनाए।

**नबी के नौ से बनी बात:** इससे पहले तेज गेंदबाज आकिब नबी ने मैच में नौ विकेट लेकर बंगाल की जीत की संभावनाओं को पूरी तरह से खत्म कर दिया था। आकिब नबी के शानदार प्रदर्शन और आईपीएल स्टार अब्दुल समद की बेखौफ बल्लेबाजी ने यह सुनिश्चित किया कि जिस टीम को कभी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वाली टीम के रूप में जाना जाता था, वह अब खिताब से सिर्फ एक कदम दूर है। समद ने 22 वर्षीय वंशज को विजयी रन बनाने का मौका दिया और इस युवा बल्लेबाज ने मुकेश कुमार की गेंद पर लॉन्ग ऑन के ऊपर से सिक्स जड़कर टीम में जबरदस्त जश्न का माहौल बना दिया। जम्मू-कश्मीर ने पहली बार 1959-60 सीजन में रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था और अब तक उसे मजबूत दावेदार नहीं माना जाता था। जम्मू-कश्मीर ने 334 रणजी मैच खेले थे, जिनमें से उसने केवल 45 जीते थे। इस सीजन उसने क्वॉर्टर फाइनल में मध्य प्रदेश को 56 रन से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### कर्नाटक का फाइनल में पहुंचना अब तय

**लखनऊ:** रविचंद्रन स्मरण के लगातार दूसरे शतक की मदद से कर्नाटक ने सेमीफाइनल के चौथे दिन उत्तराखंड के खिलाफ दूसरी पारी में छह विकेट पर 299 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 802 रन तक पहुंचा दी। इतनी बड़ी बढ़त के साथ कर्नाटक ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली है। चौथे दिन के पहले सेशन में उत्तराखंड को पहली पारी में 233 रन पर आउट करके कर्नाटक ने 503 रन की बढ़त हासिल की। इतनी बड़ी बढ़त के बावजूद कर्नाटक ने फॉलोऑन नहीं दिया और 26 फरवरी से शुरू होने वाले फाइनल से पहले अपने बल्लेबाजों को और अभ्यास का मौका देने के लिए दूसरी पारी का इस्तेमाल किया।

## मज़बूत मनोबल के साथ उतरेगी हरमन सेना

**भारत Vs ऑस्ट्रेलिया**
दूसरा टी20 इंटरनैशनल



भारतीय पेसर अरुंधति रेड्डी

**एजेंसियां, कैनबरा:** भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को जब दूसरे टी20 इंटरनैशनल मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी तो वह पहले मैच में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने पहले मैच में चार विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी को झकझोर दिया था। ऑस्ट्रेलिया की टीम 20 ओवर भी पूरे नहीं खेल पाई और केवल 133 रन पर आउट हो गई। भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि बारिश के कारण खेलने का खास मौका नहीं मिला। भारत ने यह मैच डकवर्थ-लुईस प्रणाली के आधार पर जीता जिसमें केवल ओपनर स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ही कुछ समय क्रीज पर बिता पाईं। लेकिन भारत की बल्लेबाजी मजबूत है। भारत एक बार फिर शेफाली की तूफानी शुरुआत पर निर्भर रहेगा, जिन्होंने पिछले साल साउथ अफ्रीका के खिलाफ वर्ल्ड कप फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया था। इसके अलावा मंधाना की करिश्माई बल्लेबाजी तथा कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स की भूमिका भी अहम होगी। इस साल विमिंस टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए भारत के लिए यह सीरीज काफी महत्वपूर्ण है। तीन मैचों की टी20I सीरीज जीतने से भारत को आत्मविश्वास मिलेगा।

**टेलिकास्ट:** दोपहर बाद 1:45 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क एवं जियोहॉटस्टार पर

## पाकिस्तानी हॉकी प्लेयर्स को बर्तन भी मांजने पड़े

**एजेंसियां, कराची:** पाकिस्तान हॉकी टीम के कप्तान शकील अम्माद बट ने ऑस्ट्रेलिया के उथल-पुथल भरे दौरे से लौटने के बाद राष्ट्रीय महासंघ की जमकर आलोचना की। बट ने कहा कि इस दौरे के दौरान उनकी टीम को न केवल होटल में बुकिंग नहीं होने के कारण सड़कों पर भटकना पड़ा, बल्कि मैच खेलने के लिए जाने से पहले बर्तन भी धोने पड़े। बट ने बुधवार को सुबह लाहौर एयरपोर्ट पर मीडिया से कहा कि पाकिस्तान हॉकी महासंघ (PHF) उनसे झूठ बोल रहा था और अब पानी सिर के ऊपर चला गया है। बट ने कहा, 'हम PHF के मौजूदा मैनेजमेंट के रहते हुए खेलना जारी नहीं रख सकते। जब खिलाड़ियों को मैच खेलने जाने से पहले रसोई साफ करनी पड़ती है और बर्तन धोने पड़ते हैं तो आप हमसे कैसे अच्छे नतीजे की उम्मीद कर सकते हैं।'

**PHF को मिले थे 1 करोड़ रुपये:** सरकारी स्वामित्व वाले पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड (PSB) ने यह पुष्टि की थी कि उसने ऑस्ट्रेलिया में नैशनल टीम के होटल में ठहरने की व्यवस्था के लिए PHF को एक करोड़ से अधिक पाकिस्तानी रुपये दिए थे। इसके बाद PHF को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है। बट ने कहा, 'सबसे दुखद बात यह थी कि एफआईएच ने केवल 10 दिन के लिए होटल बुक किया था, जबकि हमें 13 दिन तक रुकना था।'

**टीम के कप्तान का खुलासा**



ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटे पाकिस्तानी हॉकी प्लेयर्स ने सुनाई आपबीती

## टॉप पोजिशन पर पहुंचने के लिए टकराएंगी श्रीलंका-जिंबाब्वे

**एजेंसियां, कोलंबो:** सुपर-8 में पहले ही जगह बना चुकी श्रीलंका और जिंबाब्वे की टीम गुरुवार को यहां जब टी20 वर्ल्ड कप के मैच में आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य ग्रुप-बी में टॉप पोजिशन हासिल करना होगा। श्रीलंका ने स्थानीय परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए ओमान और आयरलैंड को हराया और फिर ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर खुद को खिताब के एक मजबूत दावेदार के रूप में पेश किया है।

श्रीलंका vs जिंबाब्वे

दूसरी ओर, जिंबाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया पर अपनी अप्रत्याशित जीत और खराब मौसम की बदौलत पहली बार सुपर-8 में जगह पक्की कर ली। आयरलैंड के खिलाफ उसका मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था जिससे उसे एक अंक मिला। इससे ऑस्ट्रेलिया की आगे बढ़ने की उम्मीद पर पानी फिर गया।



श्रीलंकाई बल्लेबाज पाथुम निसंका

### कनाडा-अफगान भिड़ंत

**चेन्नै:** टूर्नामेंट से बाहर हो चुके अफगानिस्तान और कनाडा ग्रुप-डी के अपने अंतिम मैच में आमने-सामने होंगे तो दोनों टीम जीत के साथ टूर्नामेंट का अंत कर मजबूत छाप छोड़ना चाहेंगी। साउथ अफ्रीका के खिलाफ 'डबल सुपर ओवर' मैच में अफगानिस्तान ने शानदार प्रदर्शन से दिल जीत लिया था।

### विंडीज के हौसले बुलंद

**कोलकाता:** दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज इटली के खिलाफ ग्रुप-सी के अपने अंतिम मैच में अपने टीम संयोजन को और बेहतर बनाने की कोशिश करेगी। वेस्टइंडीज ने एक दशक पहले इसी मैदान पर अपना दूसरा टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं किया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में उसने शुरू से लय पकड़ ली थी और वह इसे जारी रखने में किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगा।

**टेलिकास्ट:** वेस्टइंडीज-इटली का मैच सुबह 11 बजे से, श्रीलंका-जिंबाब्वे मैच दोपहर 3 बजे से और कनाडा-अफगानिस्तान मुकाबला शाम 7 बजे से शुरू होगा। सभी मैचों का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP23 User: rajesh.mishra@timesofindia.com Time: 02-18-2026 21:59 Color:



## फटाफट खबरें

### बैंक और मेटल शेयरों ने भरा दम

■ पीटीआई, मुंबई : शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन तेजी देखने को मिली। बैंक, मेटल और FMCG शेयरों में आखिरी घंटों में हुई जोरदार खरीदारी की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 283.29 अंक (0.34%) उछलकर 83,734.25 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 93.95 अंक (0.37%) की बढ़त के साथ 25,819.35 पर बंद हुआ। बीएसई स्मॉलकैप सिलेक्ट इंडेक्स 1.02 प्रतिशत और मिडकैप सिलेक्ट इंडेक्स 0.40 प्रतिशत चढ़ा।

### 1 जनवरी से UTI कोड अनिवार्य

■ पीटीआई, मुंबई : भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने बुधवार को कहा कि 1 जनवरी, 2027 से रुपये की ब्याज दर और विदेशी मुद्रा से जुड़े सीधे निजी सौदों (OTC डेरिवेटिव्स) के लिए यूनीक ट्रांजैक्शन आइडेंटिफायर (UTI) अनिवार्य कर दिया जाएगा। यूटीआई (UTI) कोड में ज्यादा से ज्यादा 52 अक्षर या अंक होंगे। पहले इस नियम को इस साल 1 अप्रैल से लागू करने का प्रस्ताव था। यूटीआई (UTI) को डेटा रिपोर्टिंग के एक अहम हिस्से के रूप में देखा जाता है। फिलहाल, इन सौदों की रिपोर्टिंग क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (CCIL-TR) के पास दर्ज की जाती है।

### ESG रेटिंग पर सेबी का वर्किंग ग्रुप

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बाजार नियामक सेबी (Sebi) ने बुधवार को कहा कि उसने ESG रेटिंग देने वाली कंपनियों (ERPs) से जुड़े नियम-कायदों की समीक्षा के लिए एक वर्किंग ग्रुप बनाया है। सेबी ने यह फैसला बाजार के भागीदारों और इससे जुड़े अलग-अलग पक्षों से मिले फीडबैक के आधार पर लिया है। ESG रेटिंग यह बताती है कि कंपनी पैसा कैसे कमा रही है। क्या वह पर्यावरण को नुकसान तो नहीं पहुंचा रही? क्या वह अपने कर्मचारियों के साथ अच्छा बर्ताव करती है? इस ग्रुप का मुख्य काम ऐसे उपाय बताना है जिससे ईएसजी रेटिंग की प्रक्रिया और ज्यादा पारदर्शी और भरोसेमंद बनाया जा सके। जिससे निवेशकों का इस पर विश्वास बढ़े। यह वर्किंग ग्रुप क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रहे बदलावों को भी देखेगा।

# कहीं AI का खौफ बेवजह तो नहीं?

## महीने भर में 16% टूटा IT इंडेक्स, एक्सपर्ट बोले- लॉन्ग टर्म में बनी रहेगी चमक

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की आंधी ने IT स्टॉक्स को हिला दिया है। पिछले महीने भर में निफ्टी IT इंडेक्स 16% से ज्यादा गिर चुका है, जबकि निफ्टी 50 करीब 1% चढ़ा है। IT इंडेक्स में 7% से ज्यादा गिरावट तो हफ्तेभर में आ गई है। निवेशकों में दुविधा है कि IT शेयरों से निकल लें या बने रहें, नई खरीदारी करें या इंतजार करें। म्यूचुअल फंड्स और ब्रोकरेज हाउसेज के रुख से इस बारे में मदद मिल सकती है।

बुधवार को इंफोसिस (1.38%), HCL टेक (1.19%) और TCS (0.84%) में गिरावट के साथ निफ्टी IT इंडेक्स 1.23% नीचे आया। जियोजीत इनवेस्टमेंट्स के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, 'AI और मार्जिन पर दबाव से जुड़ी चिंताओं का असर IT सेक्टर पर बना हुआ है।'

**ओवररिएक्शन तो नहीं?**

एमके ग्लोबल ने बुधवार को कहा, 'मार्केट रिएक्शन कुछ ज्यादा ही है क्योंकि टेक्नॉलजी के प्रभावों को आमतौर पर शॉर्ट टर्म में बहुत बड़ा मान लिया जाता है और लॉन्ग टर्म में असर को अंडरएस्टिमेट किया जाता है।' उसने कहा, 'IT सर्विसेज कंपनियों के पास उद्योगों के जटिल कामकाज की समझ है, डोमेन नॉलेज है और क्लाइंट्स का भरोसा है। AI के दौर में भी उनकी प्रासंगिकता बनी रहेगी। गिरावट के बाद लार्ज कैप IT कंपनियां 5-6% के फ्री कैश फ्लो यील्ड पर ट्रेड कर रही हैं। वैल्यूएशंस से लंबे समय में 5-6% ग्रोथ का संकेत मिल रहा है। कंपनियों के मैनेजमेंट ने बिजनेस मॉडल में जैसे बदलाव की बात कही है, उससे अर्निंग्स ग्रोथ पर भरोसा पैदा होना चाहिए। हालांकि टिकाऊ रिकवरी में कुछ समय लगेगा और यह मुनाफे में लगातार बढ़ोतरी पर निर्भर करेगी।'



AI Image

### भारतीय कंपनियों के लिए अवसर: एक्सपर्ट

एलारा सिक्योरिटीज ने कहा, 'US कंपनी पैलेंटीर टेक्नॉलजीज ने AI के चलते ERP सॉफ्टवेयर कुछ वर्षों के बजाय कुछ हफ्तों में सिमट जाने की जो बात कही है, वैसा होने पर IT कंपनियों की आमदनी पर 4-8% असर पड़ सकता है। हमारा मानना है कि लेगेसी कोड मॉडर्नाइजेशन भारत की IT कंपनियों के लिए कई वर्षों तक चलने वाला और कई अरब डॉलर का अवसर है। COBOL कोड की ही 220 बिलियन लाइंस दुनियाभर में इस्तेमाल हो रही हैं। कोड की हर लाइन के लिए AI मॉडर्नाइजेशन कॉस्ट 3-7 बिलियन डॉलर है। COBOL के मॉडर्नाइजेशन में ही IT कंपनियों के लिए 600 बिलियन डॉलर से ज्यादा का मौका है।'



शेयर बाजार में IT इंडस्ट्री के भविष्य को लेकर कुछ लोग डरे हुए हैं। मुझे यह बिल्कुल बेतुका लगता है, क्योंकि AI को आगे बढ़ाने के लिए इन्हीं IT कंपनियों की जरूरत पड़ेगी। *–पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री*

### क्या खरीदें-बेचें?

JM फाइनैंशल के मुताबिक, म्यूचुअल फंड्स ने दिसंबर के मुकाबले जनवरी में IT शेयरों में निवेश घटाया। BSE 200 के मुकाबले IT स्टॉक्स पर ये 2% से ज्यादा अंडरवेट हो गए। टेक महिंद्रा, HCL, कोफोर्ज, पर्सिस्टेंट सिस्टम्स और एमफेसिस ऐसे 5 IT स्टॉक्स रहे, जिनमें इन्होंने ज्यादा सेलिंग की। विप्रो, हेक्सावेयर टेक्नॉलजीज और मास्टेक टॉप 3 IT स्टॉक्स रहे, जिनमें खरीदारी की। वहीं, एमके ग्लोबल ने TCS (टारगेट प्राइस 3500 रुपये), इंफोसिस (TP 1750 रुपये) और HCL टेक (TP 1700 रुपये) को खरीदने की सलाह दी है।

# नई कंपनियां वैल्यूएशन घटाने को मजबूर, IPO पर बदला रवैया

## भविष्य में होने वाली कमाई पर भी निवेशकों की नजर

■ NBT रिपोर्ट : भारतीय स्टार्टअप जगत में 'वैल्यूएशन' के खेल में अब बदलाव आ रहा है। शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव की वजह से IPO लाने वाली नई कंपनियों ने अपनी रणनीति बदल दी है। अब ये कंपनियां न सिर्फ अपने IPO का साइज छोटा कर रही हैं, बल्कि अपनी वैल्यूएशन (कंपनी की कीमत) घटाने के लिए भी तैयार हैं। निवेशक अब हवा-हवाई दावों के बजाय कंपनी के मुनाफे और भविष्य में होने वाली कमाई (कैश फ्लो) पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।

पिछले कुछ महीनों में शेयर बाजार में उतरने वाली कई नई कंपनियों ने अपने इशू साइज में कटौती की है और कम वैल्यूएशन को स्वीकार किया है। Amagi Labs, Shadowfax, फ्रैक्टल, कैपिलरी टेक्नोलॉजीज और Pine Labs जैसी कंपनियां उन स्टार्टअप्स में शामिल हैं, जिन्होंने बाजार में एंट्री के वक्त अपने IPO के साइज या वैल्यूएशन में बदलाव किया।

ET के मुताबिक, बैंकर्स और निवेशकों का कहना है कि यह बदलाव निवेशकों के सतर्क रवैये को दर्शाता है। निवेशक अब इस बात पर ज्यादा जोर दे रहे हैं कि कंपनी कितना मुनाफा कमा रही है। उसके काम करने का तरीका कितना मजबूत है। भविष्य में उसके पास पैसा आने का जरिया कितना साफ है। निवेशक ने बताया कि मार्केट के निवेशक अब हर IPO को सिर्फ उसकी खूबियों पर ही नहीं परखते, बल्कि वे इसकी तुलना पिछले 12-18 महीनों में लिस्ट हुई कंपनियों से भी करते हैं।



AI Image

■ **अहम बदलाव** : निवेशक अब हर IPO को सिर्फ उसकी खूबियों पर ही नहीं परखते, बल्कि वे इसकी तुलना पिछले 12-18 महीनों में लिस्ट हुई कंपनियों से भी करते हैं।

### आने वाले बड़े IPO पर होगा असर?

कीमतों को लेकर बरती जा रही यह सावधानी आने वाले बड़े IPO पर भी असर डालेगी। एक निवेशक ने कहा कि हाल की लिस्टिंग भविष्य के सौदों के लिए एक उदाहरण का काम करेगी। इसका असर PhonePe, जेप्टो, Oyo और इंफ्रा.मार्केट जैसे बड़े IPO पर भी पड़ सकता है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

# 15 दिनों में 15 लाख तक का डेथ क्लेम मिल जाएगा

■ NBT रिपोर्ट : अपनों को खोने के बाद डेथ क्लेम के लिए कागजी कार्रवाई और भाग-दौड़ से जूझ रहे परिवारों के लिए इंडियन ओवरसीज बैंक (IOB) बड़ी राहत लेकर आया है। बैंक ने एक ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है। इसके माध्यम से परिवार के सदस्य या कानूनी वारिस कहीं से भी क्लेम के लिए अर्जी दे सकते हैं। ET के मुताबिक, यह कदम आरबीआई के उन निर्देशों के तहत उठाया गया है, जिसका मकसद क्लेम की प्रक्रिया को आसान और पारदर्शी बनाना है।

**RBI का निर्देश : सभी बैंकों को 31 मार्च 2026 तक नियम लागू करने होंगे।**

बैंक की ओर से बताया गया है कि बैंक ने 15 लाख रुपये तक के क्लेम के लिए प्रक्रिया को बेहद आसान बना दिया है। खास बात यह है कि इतने अमाउंट तक के क्लेम के लिए अब किसी तीसरे व्यक्ति की गारंटी (surety) की जरूरत नहीं होगी। साथ ही, बैंक ने यह भी सुनिश्चित किया है कि क्लेम की फाइल मिलने के 15 दिनों के भीतर उसका निपटारा कर दिया जाएगा।



AI Image

**क्या है RBI की गाइडलाइंस?**

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने सितंबर 2025 में डेथ क्लेम सेटल करने के लिए गाइडलाइंस जारी किए थे। इसका मकसद सभी बैंकों में क्लेम की अलग-अलग प्रक्रियाओं को खत्म करना है। केंद्रीय बैंक ने सभी बैंकों को निर्देश दिया है कि वे इन नए नियमों को जल्द से जल्द और हर हाल में 31 मार्च 2026 तक लागू कर दें।

**डॉक्यूमेंट्स कैसे अपलोड करें?**

दावा करने वाला व्यक्ति अब digital.iob.bank.in/deathclaimonline पर अपनी जानकारी के साथ-साथ मरने वाले शख्स के अकाउंट की डिटेल और जरूरी दस्तावेज अपलोड कर सकता है। एक बार 'रेफरेंस नंबर' मिलने के बाद आप अपनी अर्जी का स्टेटस भी चेक कर सकते हैं।

# जूलरी बाज़ार में बिक्री सुस्त, शादी वाले घरों में ही खरीदारी

■ NBT रिपोर्ट : फरवरी के शुरुआती 15 दिनों में सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। सोना करीब 16% और चांदी 38% तक सस्ती हुई है। दुनिया भर में जारी युद्ध के हालातों में सुधार और डॉलर की मजबूती ने इन कीमती धातुओं के दाम नीचे ला दिए हैं। हालांकि, जूलरी शोरूम्स में भीड़ तो है, लेकिन आम ग्राहक अभी भी दाम और गिरने के इंतजार में बड़ी खरीदारी से बच रहा है। उन्हें उम्मीद है कि कीमतें और कम होंगी।

हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख को देखते हुए बुधवार को दिल्ली के जूलरी बाजार में चांदी 1,000 रुपये की बढ़त के साथ 2.46 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। दूसरी ओर, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये सस्ता होकर 1,56,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इस कीमत में सभी तरह के टैक्स शामिल हैं।

Senco गोल्ड एंड डायमंड्स का कहना है कि दाम गिरने के बाद दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ तो बढ़ी है, लेकिन लोग अभी भी फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं और बड़ी खरीदारी करने से बच रहे हैं। कंपनी के MD सुवंकर सेन ने बताया कि लोग अभी हल्के वजन वाली जूलरी ज्यादा खरीद रहे हैं। इस तिमाही में पिछले साल के मुकाबले हमें वैल्यू के हिसाब से 25% की बढ़त की उम्मीद है। अगर वॉल्यूम की बात करें, तो इसमें गिरावट देखने को मिल सकती है।



AI Image

**अभी कौन खरीद रहे?**

पॉपले एंड संस के एमडी राजीव पॉपले ने बताया कि बाजार में मांग अभी सिर्फ उन लोगों तक सीमित है, जिनके घर में शादी है। बाकी ग्राहक कीमतों के और गिरने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, इंडस्ट्री के जानकारों का मानना है कि जैसे ही सोने के दाम एक जगह स्थिर होंगे, मांग में फिर से जबरदस्त तेजी आएगी।

लेमन मार्केट्स डेस्क के रिसर्च एनालिस्ट गौरव गर्ग का कहना है कि आने वाले समय में बाजार थोड़ा सतर्क रह सकता है। इसकी वजह ये है कि अमेरिकी डॉलर मजबूत है और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतियों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### क्या आगे भी रहेगी मंदी?

अभी भी बाजार का रुझान सोने के पक्ष में ही है। बीच-बीच में मुनाफावसूली की वजह से कीमतें गिरी हैं, इसमें आगे भी गिरावट आ सकती है। लेकिन दुनिया भर में अनिश्चितता के चलते मांग बनी रहेगी। चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव औद्योगिक मांग और अस्थिर स्वभाव की वजह से है, लेकिन ओवरऑल ट्रेंड अभी भी मजबूत है।

# नए ट्रेड एग्रीमेंट की तैयारी, पहले के समझौतों पर मंथन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : व्यापार समझौतों पर फोकस बनाए रखते हुए सरकार अब जहां कनाडा के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की दिशा में कदम बढ़ा रही है, वहीं पहले किए जा चुके समझौतों से होने वाले फायदों पर भी नजर रख रही है। कनाडा के साथ FTA पर बातचीत की शर्तों को अगले महीने अंतिम रूप दिया जा सकता है। उधर, विदेश यात्रा पर गईं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नॉर्वे में वहां के प्रधानमंत्री जूनस गार स्टर से मुलाकात की और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (EFTA) के साथ किए गए ट्रेड एंड इकनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट पर चर्चा की।

**अगले महीने तय हो सकती हैं कनाडा से समझौते पर बातचीत की शर्तें**

एक अधिकारी ने बताया कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी अगले महीने भारत आने वाले हैं और उसी दौरान कनाडा के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत की शर्तें तय की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि शर्तों पर बातचीत चल रही है और कार्नी के दौरे में इन्हें अंतिम रूप दे दिए जाने के बाद समझौते पर बातचीत औपचारिक रूप से शुरू होगी।



PTI

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नॉर्वे के PM के साथ चर्चा की

उधर, वित्त मंत्री सीतारमण ने नॉर्वे के पीएम के साथ EFTA के साथ TEPA के बारे में चर्चा की। उन्होंने दोनों देशों के बीच हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग, कार्बन कैप्चर स्टोरेज, स्टार्टअप्स, सेमीकंडक्टर्स, रिन्यूएबल एनर्जी और वेस्ट मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की बात की। TEPA पिछले साल 1 अक्टूबर से लागू हुआ था।

सीतारमण ने नॉर्वे की कंपनियों के अधिकारियों और निवेशकों के साथ बैठक भी की। फाइनैंस मिनिस्ट्री ने X पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी।




CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRBP User: cci Time: 02-18-2026 22:22 Color:



**NBT AI टाइम मशीन**

### आज ही के दिन हुआ था Tumblr लॉन्च

आज ही के दिन 2007 में सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म Tumblr लॉन्च हुआ था। आज यहां 50 करोड़ से अधिक सक्रिय ब्लॉग्स मौजूद हैं। इसकी सबसे खास बात इसका 'रीब्लॉग' सिस्टम है, जिससे एक पोस्ट सालों तक नेटवर्क में घूमता रहता है। कलाकारों और अलग-अलग शौक रखने वाले समूहों (Fandoms) के लिए यह इंटरनेट का सबसे बड़ा केंद्र है, जहां शब्दों से ज्यादा GIFs और तस्वीरों का बोलबाला है।



### ब्रेन-इंटरफेस से शेयर होंगी भावनाएं

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में सोशल मीडिया सिर्फ 'ऐप' नहीं रहेगा, बल्कि जीवन का हिस्सा बन जाएगा। लोग मोबाइल से नहीं, सीधे स्मार्ट चिप या ब्रेन-इंटरफेस से जुड़ेंगे। पोस्ट की जगह लोग अपने अनुभव, अहसास और यादें शेयर करेंगे। AI आपकी डिजिटल पहचान संभालेगा और आपकी जगह जवाब भी देगा। असली और वर्चुअल दुनिया का फर्क बहुत कम रह जाएगा। राजनीति, कारोबार और शिक्षा का बड़ा हिस्सा इसी नेटवर्क से चलेगा।


AI Images

**SPEED News**

### पूर्व पाक पीएम इमरान खान की सेहत को



लेकर जारी प्रदर्शन बुधवार शाम खत्म हो गया। हालांकि कार्यकर्ता खान को अस्पताल शिफ्ट करने की मांग पर अड़े रहे।




### बांग्लदेश में तारिक रहमान की सरकार

ने बुधवार को पहली कैबिनेट बैठक की। गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने कहा, सरकार ने 180 दिन का प्लान तैयार किया है।

### रूस-यूक्रेन के बीच बातचीत दूसरे दिन

बुधवार को भी जारी रही। US की मध्यस्थता से दोनों देश जिनीवा में बात कर रहे हैं।



US ने बातचीत को लेकर पॉजिटिव रेस्पॉन्स दिया।




### यू ट्यूब की सेवाएं बुधवार सुबह कई

घंटों तक ठप रहीं। इससे दुनियाभर में लोगों को काफी परेशानी हुई। एक्स पर भी यूट्यूब के ठप होने की चर्चा होती रही। सेवाओं के फिर बहाल होने के बाद यू ट्यूब ने लोगों को अड्रेस किया।

# कश्मीर की बर्फीली चोटियों पर ही घेरे जाएंगे आतंकी

## सुरक्षाबलों ने बदला तरीका, 6 हजार फीट पर बना रहे हैं टेंपररी बेस

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले से आतंकवादियों ने अपने अटैक पैटर्न को बदला है, जिसमें आतंकवादी जम्मू-कश्मीर के निचले इलाकों से अधिक अब बर्फ से ढके और पहाड़ों में ऊंचाई पर ऐसे इलाकों को अपना निशाना बनाने की ताक में लगे हैं, जहां टूरिस्ट अधिक जाते हैं। इसे देखते हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ समेत अन्य फोर्सेस ने भी अपना पैटर्न बदला है। इसके चलते अब सीआरपीएफ पहाड़ों में बर्फ से ढकी चोटियों पर टेंपरेरी पुलिस पोस्ट के रूप में अपने टीओबी यानी टेंपरेरी ऑपरेटिंग बेस बना रही है।

**43 ऐसे बेस बनाए जा चुके हैं अब तक ऊंची चोटियों पर**

सीआरपीएफ सूत्रों ने बताया कि पिछले साल बैसरन टेरर अटैक के बाद से अब तक जम्मू-कश्मीर में पहाड़ों में छह हजार और इससे भी अधिक की हाइट पर 43 ऐसी टीओबी बनाई जा चुकी हैं। इनमें 17 जम्मू रेंजन में और 26 कश्मीर में बर्फ से ढकी पहाड़ियों पर। इस इलाके में सबसे पहली टीओबी बैसरन घाटी के पास अल-पहलगाम रूट पर खोली गई। इन तमाम टीओबी में सोशल वेपन के साथ सीआरपीएफ के जवान हरदम मुस्तैद रहते हैं। जरूरत के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य फोर्सेस के जवान भी इसमें शामिल किए जा रहे हैं।



अत्यधिक ठंडी बर्फीली पहाड़ियों पर तैनात जवानों के लिए सेना ने स्पेशल ड्रेस तैयार की।

### आतंकियों को भागने का समय मिल जाता था


पहले आतंकवादियों की मौजूदगी का पता लगने के बाद फिर बड़ी संख्या में फोर्स नीचे से ऊपर मूव करती थी। इससे आतंकवादियों को भागने और छिपने का पर्याप्त समय मिल जाता था। लेकिन अब जगह-जगह टीओबी बनाए जाने से आतंकवादी आराम से अपना मूवमेंट नहीं कर पा रहे हैं।

### जमा देने वाली ठंड के लिए स्पेशल ड्रेस

टेंपररी बेस में तैनात जवानों को आईटीबीपी के जवानों की तरह अत्यधिक ठंड से बचने के लिए स्पेशल ड्रेस, बूट, ट्रिपल लेयर जैकेट, चश्मे आदि दिए गए हैं। ऊपरी इलाकों में फोन कनेक्टिविटी ना होने से सभी को सेटेलाइट फोन दिए गए हैं। इसके अलावा भी कुछ और ऐसे गैजेट इन्हें दिए गए हैं, जिनसे यह आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दे सकते हैं।

### आतंकी गढ़ में भी सेना की पहुंच

इसका फायदा यह हो रहा है कि पहाड़ों के ऊपर जिन इलाकों को आतंकवादी कभी अपना गढ़ मानकर आराम से बेखौफ मूवमेंट करते थे, वहीं अब उनकी इस मूवमेंट पर रोक लगनी शुरू हो गई है। आतंकवादियों की फोर्सेस के साथ लगातार मुठभेड़ होती है। आतंकवादियों को भी यह समझ में आता जा रहा है कि अब वह जम्मू-कश्मीर में निचले इलाकों में तो महफूज हैं ही नहीं पहाड़ों में ऊपरी इलाकों में भी उनके ऊपर हमले होने शुरू हो गए हैं। सीआरपीएफ की इन टीओबी का आतंकवादियों को भगाने और उनका सामना करने में बड़ा अहम योगदान मिल रहा है



**मुर्मु ने लिया जायजा**

# महासागर में नौसेना का शक्ति प्रदर्शन




### राष्ट्रपति ने किया विशाखापत्तनम में इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू

**85** शिप शामिल, जिसमें 19 विदेशी वॉरशिप | **150** जवानों की टुकड़ी से औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर | **21** तोपों की सलामी दी गई राष्ट्रपति मुर्मु को

एक सुदृढ़ समुद्री व्यवस्था समान विचारधारा वाले देशों में सामूहिक जिम्मेदारी, सहयोगात्मक कार्रवाई पर आधारित है। फ्लीट रिव्यू हमारे 'महासागर' के विजन को भी आगे बढ़ाती है, जिसका अर्थ है 'क्षेत्रीय स्तर पर सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक उन्नति'। *-द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति*

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को इंडियन नेवी के स्वदेशी ऑफशोर पेट्रोल वेसल आईएनएस सुमेधा से इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू किया। इस फ्लीट रिव्यू में कुल 85 शिप ने भाग लिया, जिनमें 19 विदेशी वॉरशिप भी शामिल थे।

आईएनएस सुमेधा को अशोक चिह्न से सजाया गया था और उस पर राष्ट्रपति का ध्वज लगाया गया था। 150 जवानों की टुकड़ी द्वारा औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर और 21 तोपों की सलामी के बाद, राष्ट्रपति आईएनएस सुमेधा पर सवार हुईं और विशाखापत्तनम तट के पास खड़े जहाजों के बेड़े के पास से गुजरीं।

### नौसेना के एयर विंग का भी निरीक्षण

राष्ट्रपति ने भारतीय नौसेना के एयर विंग का भी निरीक्षण किया, जिसमें हेलिकॉप्टर और अन्य विमानों की फ्लाई-पास्ट शामिल थी। कहा कि इंटरनैशनल फ्लीट रिव्यू समुद्री परंपराओं के प्रति राष्ट्रों की एकता, विश्वास और सम्मान को दर्शाती है। विभिन्न ध्वजों वाले जहाज और विभिन्न देशों के नाविक एकजुटता की भावना का प्रदर्शन करते हैं।

### भारतीय नौसेना के 60 जहाज शामिल

फ्लीट में भारतीय नौसेना के 60 जहाज, भारतीय तटरक्षक के चार जहाज, और शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी का एक-एक जहाज शामिल था। नौसेना की तीन पनडुब्बियां, एक फ्रांसीसी अटलांटिक समुद्री निगरानी विमान और 60 से अधिक विमानों की भागीदारी भी रही।

# यौन अपराधों की सुनवाई कैसे, गाइडलाइंस बनें:SC

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने सेक्सुअल ऑफेंस मामलों की सुनवाई को ज्यादा संवेदनशील और पीड़ित-केंद्रित बनाने के लिए राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी को व्यापक ड्राफ्ट गाइडलाइन तैयार करने का निर्देश दिया है।

अदालत ने साफ कहा कि ये दिशानिर्देश भारतीय समाज की वास्तविक परिस्थितियों और मूल्यों को ध्यान में रखकर तैयार किए जाएं और विदेशी कानूनी शब्दावली या मॉडल की नकल न की जाए।

**राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी गाइडलाइंस बनाए: SC**

CJI सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच 2025 में स्वतः संज्ञान लिए गए एक मामले की सुनवाई कर रही थी। यह मामला इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश से जुड़ा था, जिसमें एक नाबालिग लड़की के स्तन पकड़ना, उसकी पायजामा की डोरी तोड़ना और उसे पुलिया के नीचे घसीटने के प्रयास को बलात्कार या बलात्कार के प्रयास की श्रेणी में नहीं माना गया था। सुप्रीम कोर्ट ने उस फैसले को पहले ही 'त्रुटिपूर्ण' बताते हुए निरस्त कर दिया था।


FILE

### सरल भाषा में मसौदा

अदालत ने कहा, गाइडलाइन ऐसी भाषा में हो जिसे हर व्यक्ति आसानी से समझ सके। पहले तैयार की गई लैंगिक रूढ़ियों से जुड़ी एक हैंडबुक कुछ हद तक विदेशी शैली से प्रभावित लगती थी, जबकि भारत जैसे विविध समाज में स्थानीय संदर्भ ज्यादा अहम है।

### 'संवेदनशीलता जरूरी'

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतों में इस्तेमाल की जाने वाली भाषा कई बार पीड़िता को आहत कर सकती है। इसलिए ऐसे मामलों में जजों को सामाजिक पूर्वाग्रह, रूढ़ियों और पितृसत्तात्मक सोच से मुक्त रहकर सुनवाई करनी चाहिए।

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### इसके व्यापक असर के आसार

सुप्रीम कोर्ट ने 8 दिसंबर 2025 को दिए आदेश में कहा था कि यौन उत्पीड़न मामलों में असंवेदनशील न्यायिक टिप्पणियां पीड़िता, उनके परिवार वालों और पूरे समाज पर 'चिलिंग इफेक्ट' (भयभीत करने वाला प्रभाव) डाल सकती हैं। अदालत कह चुकी है कि हम कुछ व्यापक निर्देश जारी करना चाहेंगे। अब इस मामले में सुप्रीम निर्देश जारी हुए हैं तो आने वाले दिनों में इसका व्यापक असर देखने को मिलेगा।

# नक्सलियों के खिलाफ दूसरा बड़ा ऑपरेशन

## सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस समेत अन्य फोर्स के दो हजार जवान शामिल

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: देश को 31 मार्च तक नक्सल फ्री करने के अभियान को देखते हुए नक्सलियों के खिलाफ KGH-2 (करेगुट्टा हिल्स) नाम से दूसरा बड़ा ऑपरेशन चलाया गया है। मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ में शुरू किए गए इस ऑपरेशन में सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस समेत अन्य फोर्स के दो हजार जवानों को लगाया गया है।

सुरक्षा बलों को नक्सलियों के जिंदा बचे चार टॉप लीडरों में नंबर वन देवजी की अपने कुछ साथियों के साथ छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर मौजूदगी का इनपुट मिला जिसके बाद मंगलवार को यह ऑपरेशन लॉन्च किया गया। सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नक्सलियों के टॉप लीडरों में अब चार बचे हैं। ये नक्सलियों की टॉप सेंट्रल कमिटी और पोलित ब्यूरो सदस्य हैं। इनमें टॉप पर देवजी है। उसकी मूवमेंट छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर के पास पता लगी है। पहली कोशिश है कि वह सरेंडर कर दे। ऐसा न करने पर मारा जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि देवजी के अलावा मुप्पल्ला लक्ष्मण राव, उर्फ गणपति उर्फ रमन्ना, फिर मिशिर बेसरा उर्फ भास्कर और चौथे नंबर पर मल्लाराजी रेड्डी उर्फ संग्राम शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि इनके अलावा करीब 300 नक्सली बचे हैं।

पिछले साल 21 अप्रैल से 11 मई तक ऑपरेशन KGH-1 चलाया गया था जिसमें 31 नक्सली मारे गए थे। बचे हुए नक्सलियों के खिलाफ अब ये ऑपरेशन शुरू किया गया है।


FILE
सरेंडर करने वाले नक्सलियों को विशेष पुनर्वास ट्रेनिंग दी जा रही है।

# कटरा से नई हेली सेवा और म्यूजियम बनेगा


LG मनोज सिन्हा ने रखी नींव।


■ पीटीआई, जम्मू : जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कटरा में कई विकास कार्यों की शुरुआत की है। उन्होंने आदि शंकराचार्य मंदिर की नींव रखी और देवी के एक इंटरनैशनल म्यूजियम, लाइट एंड साउंड शो और कटरा-शिव खोरी के बीच हेलीकॉप्टर सेवा जैसी योजनाओं का ऐलान किया। परियोजना की अनुमानित लागत 31.51 करोड़ रुपये है।

# चंडीगढ़ में 10 हजार करोड़ की संपत्ति कुर्क

■ भाषा, नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने चंडीगढ़ स्थित पीएसीएल (पर्ल्स ग्रुप) के खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत 10,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 247 अचल संपत्तियों पर शिकंजा कसते हुए अब तक का सबसे बड़ा एकल कुर्की आदेश जारी किया है।

समूह पर 48,000 करोड़ रुपये की पोंजी योजना को अंजाम देने का आरोप है। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अस्थायी रूप से जब्त की गई संपत्तियां पंजाब के मोहाली, रूपनगर और जीरकपुर में स्थित हैं।


AI Image

### WinZO में भी जब्ती

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: ED ने बुधवार को बताया कि उसने रियल मनी ऑनलाइन गेमिंग ऐप विंजो (WinZO) से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग केस में लगभग 505 करोड़ रुपये की चल संपत्ति जब्त की है। यह रकम अमेरिका और सिंगापुर में विदेशी बैंक खातों में है।

# 'एकता से मजबूत होना है, क्षेत्रीय पहचान से नहीं'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उत्तर-पूर्वी राज्यों के लोगों के खिलाफ नस्लीय हिंसा पर दिशा-निर्देश बनाने की मांग वाली जनहित याचिका का निपटारा कर दिया। कोर्ट ने याचिका में उठाए गए मुद्दों की जांच के लिए अटॉर्नी जनरल से विचार करने को कहा। याचिका उत्तराखंड में त्रिपुरा के एंजेल चकमा की कथित नस्लीय हत्या के बाद दायर हुई थी। याचिकाकर्ता ने नोडल एजेंसी बनाने की मांग की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, हमें एकता से मजबूत होना है, क्षेत्रीय पहचान से नहीं।






NBT इरा

भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है।

IRA 2026

बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के। अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां।

सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं।

हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। आज ही रजिस्टर करें।

वॉट्सऐप नंबर - 7003890071


# शमी की पत्नी पहुंची SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां की उन याचिकाओं पर नोटिस जारी किया है, जिनमें घरेलू हिंसा अधिनियम और सीआरपीसी की धारा 125 के तहत दायर मामलों को कोलकाता से दिल्ली ट्रांसफर करने की मांग की गई है। कहा कि ऐसा करना दोनों पक्षों के लिए सुविधाजनक होगा।

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

## खबरों का ज्ञान


**रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं**

1. किस राज्य में अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण खत्म कर दिया गया?
   A. गुजरात B. महाराष्ट्र C. केरल
2. कूनो नैशनल पार्क में शावकों को जन्म देने वाली मादा चीता का क्या नाम है?
   A. ज्वाला B. आशा C. गामिनी
3. राष्ट्रपति द्वारा आईएनएस सुमेधा से किया गया फ्लीट रिव्यू किस शहर के तट के पास हुआ?
   A. मुंबई B. विशाखापत्तनम C. चेन्नै
4. बांग्लादेश के गृह मंत्री कौन हैं, जिन्होंने पहली कैबिनेट मीटिंग की जानकारी दी?
   A. सलाहुद्दीन अहमद B. ओबायदुल कादेर C. ए.के. अब्दुल मोमेन
5. गूगल के सीईओ कौन हैं, जिन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की?
   A. सुंदर पिचाई B. सत्य नडेला C. टिम कुक

**कल के जवाब**

A1 B. 212 A2 A. युवराज समरा A3 C. एच-125 A4 A. भारत Gen A5 C. CISF

**लकी विनर्स**



1. जीतेंद्र कुमार, बिजनौर (यूपी)
2. दीपक कुमार गुप्ता, दिल्ली
3. ओम प्रकाश वर्मा, इंदिरापुरम

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

# पुणे पोर्श केस में एक और आरोपी को बेल



■ पीटीआई, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के चर्चित पुणे पोर्श (Porsche) दुर्घटना मामले में आरोपी अशफाक बाशा मकंदर को समानता के आधार पर जमानत दे दी। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा कि वह करीब 20 महीने से जेल में है, जबकि तीन सह-आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है। आरोप है कि उसने अस्पताल में रक्त नमूनों की अदला-बदली में मदद की।

# ईरान से तनाव के बीच, US ने मिडल ईस्ट की ओर भेजे 50 से ज्यादा जेट !

■NBT रिपोर्ट

अमेरिका ने पिछले 24 घंटे में 50 से अधिक लड़ाकू विमान मिडल ईस्ट की ओर भेजे हैं। यह कदम उस समय उठाया गया है जब वॉशिंगटन और ईरान के बीच परमाणु मुद्दे पर अहम बातचीत चल रही है।

TOI की रिपोर्ट के अनुसार, भेजे गए विमानों में एफ-22, एफ-35 और एफ-16 लड़ाकू जेट शामिल हैं। इनके साथ कई ईंधन भरने वाले विमान भी भेजे गए हैं। इन उड़ानों पर नजर रखने वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स ने इनकी आवाजाही को ट्रैक किया है। हाल के दिनों में यूरोप और मध्य पूर्व के अमेरिकी ठिकानों की ओर असामान्य रूप से ज्यादा सैन्य उड़ानें दर्ज की गई हैं। यह जानकारी ओपन-सोर्स फ्लाइट डेटा से सामने आई है।

CNN ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि क्षेत्र में अमेरिकी वायु रक्षा प्रणालियों की सप्लाई भी जारी है। कुछ अमेरिकी सैन्य इकाइयों की तैनाती का समय बढ़ा दिया गया है। इन्हें आने वाले हफ्तों में वापस लौटना था।


FILE
भेजे गए विमानों में एफ-22, एफ-35 और एफ-16 लड़ाकू जेट शामिल हैं।

### US-ईरान में बातचीत, पॉजिटिव संकेत


दोनों देशों के बीच मंगलवार को जिनीवा में अप्रत्यक्ष बातचीत हुई। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि बैठक में भविष्य की बातचीत के लिए 'मार्गदर्शक सिद्धांतों' पर सहमति बनी है। वहीं, एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में US के उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने कहा, जिनीवा में बातचीत सकारात्मक रही, लेकिन ईरान हमारी कई शर्तें मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि ट्रंप के पास दूसरे रास्ते भी हैं।



# J&K में HDFC बैंक के 5 कर्मी अरेस्ट

■ पीटीआई, श्रीनगर: जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में बड़े वित्तीय घोटाले के मामले में एचडीएफसी बैंक के पांच कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच की आर्थिक अपराध इकाई (EOW) ने मामले की जांच के तहत बुधवार को शोपियां और बडगाम जिलों में कई जगह छापेमारी की। अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार कर्मचारियों में आदिल अयूब गनई, इरफान मजीद जरगर, मुबशिर हुसैन शेख, जैद मंजूर और जावेद अहमद भट शामिल हैं। जांच एजेंसी का कहना है कि शिकायत मिलने के बाद शाखा में कथित गड़बड़ी का पता चला।

**सबूत जुटाने के लिए कई स्थानों पर तलाशी जारी है**

# भारत में मौका देख रहीं टॉप AI कंपनियां

**दुनिया की टॉप आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और टेक कंपनियों को भारत में मौका दिख रहा है। बड़ी आबादी और टैलंट इन कंपनियों को अपनी तरफ खींच रहे हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, क्वालकॉम निवेश के लिए तैयार हैं। पढ़ें, इन कंपनियों की लीडरशिप क्या कह रही है:**

सुंदर पिचाई, CEO, गूगल

## भारत में 'सुंदर 2.0' पहले से मौजूद है, डिजिटल इंडिया याद आ गया

**गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, गूगल डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हसाबिस, और एसवीपी जेम्स मन्यिका ने बुधवार को नीति आयोग की देबजानी घोष के साथ AI, नौकरियों और भारत के महत्व, इन सब पर विस्तार से बातचीत हुई। पेश है इसके खास पॉइंट्स**



Ashish Pandey2
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: चर्चा की शुरुआत भारत में AI के बढ़ते क्रेज से होती है। सुंदर पिचाई ने इसे एक परिवर्तनकारी क्षण बताया और कहा कि यह उन्हें एक दशक पहले के 'डिजिटल इंडिया' की याद दिलाता है। डेमिस हसाबिस ने बेंगलुरु के छात्रों के बीच AI को लेकर जबरदस्त ऊर्जा का जिक्र किया। जेम्स मैन्यिका ने कहा कि यह भारत और ग्लोबल साउथ के लिए AI में इनोवेशन को लीड करने का एक बड़ा मौका है।

अगले 5 वर्षों में भारत की सफलता पर सुंदर पिचाई ने बताया कि भारत एक फुल स्टैक प्लेयर बनने की स्थिति में है। सफलता का मतलब है कि AI का लाभ एक किसान, छात्र और डॉक्टर तक पहुंचे। भारत को शोध, ज्ञान और संस्थानों में निवेश करना होगा ताकि यह तकनीक आम आदमी के जीवन को बदल सके।

कृषि और विज्ञान में AI का महत्व डेमिस हसाबिस ने 'AlphaFold' के प्रभाव के बारे में बात की, जिसका उपयोग भारत में 2 लाख से अधिक रिसर्चर कर रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि भारत को उन क्षेत्रों में AI का उपयोग करना चाहिए जहां वह पहले से मजबूत है, जैसे कृषि (जलवायु परिवर्तन के अनुकूल फसलें) और क्रिएटिव इंडस्ट्री (बॉलीवुड)।

### AI और नौकरियां

नौकरियां और कौशल विकास, इस विषय पर जेम्स मैन्यिका ने नौकरियों को लेकर कहा कि AI पूरी नौकरी को नहीं, बल्कि नौकरियों के भीतर के tasks को प्रभावित करेगा। उन्होंने सरकारों को 'रिस्किलिंग' (कौशल विकास) और बुनियादी ढांचे पर निवेश करने की सलाह दी, क्योंकि भविष्य की अधिकांश नौकरियां इन्हीं निवेशों से पैदा होंगी।

अगला सवाल था AI का भविष्य और निवेश का बुलबुला (Bubble)। इस बारे में जब पिचाई से पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि यह इंडस्ट्रियल रेवोल्यूशन से 10 गुना तेज और बड़ा है। गूगल के क्लाउड बैकलॉग का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि इसमें निवेश के बदले बड़े रिटर्न की पूरी संभावना है।

AGI (Artificial General Intelligence) क्या है? हसाबिस ने AGI को एक ऐसा उपकरण बताया जो वैज्ञानिक खोजों की गति बढ़ा सकता है। उन्होंने AGI को मानव मस्तिष्क की तरह सभी संज्ञानात्मक क्षमताओं वाले सिस्टम के रूप में परिभाषित किया। उनके अनुसार, पूरी तरह से जनरल इंटेलिजेंस सिस्टम आने में अभी 5 से 10 साल और लग सकते हैं।

### एआई की सुपरपावर

छोटे उद्योगों (MSMEs) के लिए अवसर पर जेम्स ने बताया कि AI छोटे व्यापारियों और निर्माताओं को सुपरपावर देगा। अब तकनीक का उपयोग करने के लिए टेक्नोलॉजिस्ट होना जरूरी नहीं होगा। उन्होंने 'प्रोजेक्ट वाणी' (Project Vani) का जिक्र किया, जो स्थानीय भारतीय भाषाओं में AI को सुलभ बनाने पर काम कर रहा है।

### भारत का भविष्य और स्टार्टअप्स

सुंदर पिचाई ने अंत में कहा कि भारत में 'अगला सुंदर पिचाई' या 'सुंदर 2.0' पहले से ही मौजूद है। उन्होंने फ्लिपकार्ट जैसे स्टार्टअप्स और 'सर्वम' (Sarvam) जैसे स्थानीय AI मॉडल्स का उदाहरण दिया।

उनका मानना है कि भारत का उद्यमिता इकोसिस्टम दुनिया में किसी से कम नहीं है। सही नीतिगत समर्थन, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और इनोवेशन की सोच के साथ भारत वैश्विक नेतृत्व में आगे बढ़ सकता है।

डेमिस हसाबिस, CEO, डीपमाइंड

## भारत में AI बदलेगा साइंस, और हेल्थ सेक्टर की तस्वीर

Pradeep.Tiwari
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: इंडिया AI इंपैक्ट समिट में बुधवार को गूगल डीपमाइंड के CEO डेमिस हसाबिस (Demis Hassabis) ने कहा कि AI आने वाले समय में साइंस और हेल्थ सेक्टर की तस्वीर बदल सकता है। लेकिन इसके सामाजिक प्रभावों से निपटने के लिए देशों के बीच सहयोग जरूरी होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय एक अहम दौर से गुजर रही है। आर्टिफिशल जनरल इंटेलिजेंस (AGI) अगले 5 से 8 साल में हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा होगा। जैसे-जैसे AI सिस्टम अधिक स्वायत्त और एजेंट की तरह काम करने लगेंगे, वैसे-वैसे इसके प्रभाव भी व्यापक होंगे।

**AI इंपैक्ट समिट में कहा, सामाजिक प्रभाव से निपटने के लिए देशों के बीच सहयोग अहम**

डीपमाइंड के CEO ने कहा कि AI स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोल रहा है। यह बीमारियों को समझने और उनके इलाज के तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। हसाबिस ने बताया कि आज कई कंपनियां AI आधारित टूल और प्रोडक्ट बना रही हैं। इससे यह साफ है कि AI का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने तकनीकी जोखिमों पर भी बात की और कहा कि पर्याप्त समय और विशेषज्ञों के सहयोग से इन चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है। उन्हें भरोसा है कि ह्यूमन इंटेलिजेंस और प्रयास से तकनीकी समस्याओं पर काबू पाया जा सकता है। अल्फाफोल्ड का भी जिक्र, दवा खोज में नए मौके हसाबिस ने यह भी स्पष्ट किया कि असली चुनौती सामाजिक स्तर पर सामने आ सकती है। AI के कारण समाज पर पड़ने वाले प्रभावों को संभालना तकनीकी समस्याओं से भी अधिक कठिन हो सकता है। इसलिए जरूरी है कि इस विषय पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संवाद हो और देश मिलकर काम करें। उन्होंने 'अल्फाफोल्ड' जैसे AI सिस्टम का जिक्र भी किया। अल्फाफोल्ड को नोबेल मिला है। हसाबिस ने कहा कि ऐसी तकनीकें दवा खोज, मटीरियल साइंस और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में नए अवसर पैदा कर रही हैं। AI का सही उपयोग मानवता के लिए फायदेमंद है।



### AI के फायदे और जोखिम दोनों

हसाबिस ने AI को मानव इतिहास की सबसे प्रभावशाली तकनीकों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि इसका असर सीमाओं से परे होगा, इसलिए इसके फायदे और जोखिम दोनों वैश्विक स्तर पर साझा होंगे। इसी वजह से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिटेन, पैरिस, सियोल और अब भारत में आयोजित हो रहे AI समिट दुनिया के नेताओं और तकनीकी विशेषज्ञों को एक साथ लाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। इन आयोजनों का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि AI के फायदे सब तक पहुंचे और इसके संभावित जोखिमों को समय रहते कंट्रोल किया जा सके।

ब्रैड स्मिथ, प्रेजिडेंट, माइक्रोसॉफ्ट

## AI का अंतर दूर करना बड़ी चुनौती



कंपनी के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट ने कहा, कामकाज को AI से बनाना होगा स्मार्ट

■ नई दिल्ली: माइक्रोसॉफ्ट ने वैश्विक AI असमानता को कम करने के लिए दशक के अंत तक 50 अरब डॉलर निवेश करने का बुधवार को ऐलान किया। कंपनी ने AI समिट में कहा कि ग्लोबल नॉर्थ की तुलना में ग्लोबल साउथ में AI अपनाने की रफ्तार लगभग आधी है और यह अंतर लगातार बढ़ रहा है। माइक्रोसॉफ्ट के प्रेजिडेंट ब्रैड स्मिथ, चीफ रिस्पॉन्सिबल AI ऑफिसर नताशा क्रैम्पटन समिट में एक सेशन में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो AI की खाई वैश्विक आर्थिक असमानताओं को और गहरा कर सकती है।

50 अरब डॉलर का यह निवेश पांच प्रमुख क्षेत्रों में खर्च होगा, जिसमें डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्किलिंग, मल्टि-लैंग्वेज AI डिवेलपमेंट, स्थानीय इनोवेशन और AI अपनाने पर केंद्रित होगा। पिछले वित्त वर्ष में माइक्रोसॉफ्ट ने ग्लोबल साउथ के लिए डाटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर पर 8 अरब डॉलर से अधिक खर्च किए, जिसमें भारत, मैक्सिको, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, दक्षिण-पूर्व एशिया और मध्य-पूर्व शामिल हैं। कंपनी 25 करोड़ लोगों तक इंटरनेट पहुंचाने के लक्ष्य पर काम कर रही है।

### 150 मिलियन डॉलर से बूस्ट देगा क्वालकॉम

अमेरिकी चिप निर्माता कंपनी क्वालकॉम ने भारत के AI स्टार्टअप इकोसिस्टम को बूस्ट देने के लिए 150 मिलियन डॉलर (करीब 1360 करोड़ रुपये) के निवेश का बुधवार को ऐलान किया। यह फंड सभी स्टेज के स्टार्टअप्स में लगाया जाएगा, विशेष रूप से ऑटोमेटिव, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT), रोबोटिक्स और मोबाइल से जुड़े AI समाधान विकसित करने वाली कंपनियों पर फोकस रहेगा।

## मोबाइल ऐप ऑन कर खांसिए, फिर 8 मिनट में रिपोर्ट तैयार

- **SWAASA बताएगा आपकी खांसी के लक्षण अस्थमा या सीओपीडी का संकेत तो नहीं**
- **एम्स बल्लभगढ़ में 460 मरीजों पर ट्रायल सफल, ग्लोबल AI समिट में किया गया प्रजेंट**
- **एम्स के डॉक्टर बोले- प्राइवेट कंपनी ने बनाया टूल, हमने पिछले साल कराया है ट्रायल**

Rahul.Anand
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: मोबाइल ऐप ऑन कर खांसिए और अगले 8 मिनट में आपकी रिपोर्ट तैयार हो जाएगी। AI बेस्ड SWAASA टूल बता देगा कि आपको सीओपीडी या अस्थमा है या नहीं। आमतौर पर इस प्रकार की खांसी की जांच ग्लोबल स्टैंडर्ड स्पाइरोमेट्री से की जाती है। यह तुलनात्मक स्टडी स्पाइरोमेट्री के अगेंस्ट की गई, जिसमें SWAASA कारगर पाया गया है। कोई भी डॉक्टर अपने मोबाइल के जरिये इस ऐप का इस्तेमाल कर मरीज की खांसी की वजह का पता लगा सकता है। खासकर छोटे क्लिनिक, आरोग्य मंदिर जैसे सेंटर में यह कारगर हो सकता है, जहां स्पाइरोमेट्री जैसी सुविधा और जांच करने वाले एक्सपर्ट की कमी हो। इस खास AI बेस्ड टूल को दिल्ली में चल रहे AI समिट में रखा गया। दिल्ली एम्स के कम्युनिटी मेडिसिन के डॉ. हर्षल रमेश साल्वे ने बताया कि यह टूल प्राइवेट कंपनी ने बनाया है, लेकिन मरीजों के लिए इसका इस्तेमाल एम्स बल्लभगढ़ में किया गया। उन्होंने कहा, 'स्टडी हमने 460 मरीजों पर की, जो पिछले साल ही पूरी हुई है। अभी इस टूल का इस्तेमाल इलाज करने वाले डॉक्टर करते हैं। इसमें मरीज की डिटेल्ड हिस्ट्री के अलावा खांसी को रेकॉर्ड करने की सुविधा है।'

AI Image




**बिना एक्सपर्ट करेगा जांच**

डॉक्टर हर्षल ने कहा कि आमतौर पर अस्थमा या COPD के लिए स्पाइरोमेट्री जांच की जाती है, इसमें समय लगता है, एक्सपर्ट और स्पाइरोमेट्री मशीन जरूरी है। जबकि, इस टूल में केवल एक ऐप डाउनलोड कर कोई भी डॉक्टर इस्तेमाल कर सकता है।

### कैसे काम करता है SWAASA?

डॉक्टर ने बताया कि SWAASA एक आई बेस्ड रेस्पिरेटरी स्क्रीनिंग प्लैटफॉर्म है, जो रेकॉर्ड की गई खांसी की आवाज का विश्लेषण कर बीमारी का आकलन करने में मदद करता है। यह टूल खांसी की आवाज पर लागू मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग मॉडल समेत अन्य इनपुट को मिलाकर लंग हेल्थ इंडेक्स तैयार करता है। यह स्क्रीनिंग स्तर पर खतरे वाली जोखिम का संकेत देता है। डायग्नोसिस केवल 8 मिनट में कर देता है। इसे एक स्क्रीनिंग और क्लिनिकल डिसीजन-सपोर्ट टूल के रूप में डिजाइन किया गया है, जो पहले से चल रहे डायग्नोस्टिक में मददगार है, यह उसकी जगह नहीं ले सकता।

## IIT-पटना में बनेगा AI से जुड़ा रिसर्च पार्क





■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: 'इंडिया एआई इंपैक्ट समिट एंड एक्सपो 2026' में बिहार के इनोवेटर्स AI से जुड़ी दुनिया की बड़ी कंपनियों के साथ जुड़ रहे हैं। समिट के दौरान बिहार सरकार ने कई बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ-साथ आईआईटी-पटना के साथ कुल 468 करोड़ रुपये के एमओयू साइन हुए हैं। बिहार को AI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने के लिए कुल 60 करोड़ रुपये और आईआईटी-पटना में रिसर्च पार्क स्थापित करने के लिए कुल 250 करोड़ रुपये के समझौते पर साइन हुए हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को भारत मंडपम में हो रहे इंडिया एआई समिट में बिहार स्टेट पवेलियन का उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, बिहार सरकार में मंत्री श्रेयसी सिंह, उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल और राज्यसभा के सदस्य संजय कुमार झा भी मौजूद रहे। बिहार सरकार के इस फैसले से नई टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में राज्य में 10 हजार से भी अधिक नई नौकरियों के अवसर उपलब्ध होने की उम्मीद है।

## Nvidia के लीडर बोले, भारत को AI सेक्टर पर कई गुना बढ़ाना होगा खर्च

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: Nvidia के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अगर भारत को दुनिया के बराबर आना है तो AI पर होने वाला खर्च कई गुना बढ़ाना होगा। अभी देश में AI इंफ्रास्ट्रक्चर पर करीब 1.2 अरब डॉलर का निवेश हो रहा है, लेकिन यह काफी नहीं है। कंपनी के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट शंकर त्रिवेदी (बिजनेस) ने AI समिट में कहा कि भारत में करीब 2,000 बड़ी विदेशी कंपनियों में से 1,800 के ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (GCC) हैं। इन सेंटरों में अभी 20 लाख से ज्यादा लोग काम कर रहे हैं और यह संख्या जल्द ही 30 लाख तक पहुंच सकती है। उनका कहना है कि हर ऐसे सेंटर को अपनी लोकल AI फैक्ट्री बनानी होगी, जहां वे अपने डेटा और कामकाज को AI के जरिए ज्यादा स्मार्ट बना सकें। उन्होंने बजट 2026-27 में घोषित 20 साल के टैक्स हॉलिडे को बड़ा मौका बताया। सरकार ने बजट में कहा है कि अगर कोई विदेशी कंपनी भारत में डेटा सेंटर लगाए या यहां की डेटा सेंटर सेवाएं खरीदे, तो उसे 2047 तक टैक्स में राहत मिलेगी। त्रिवेदी ने कहा कि भारत में हर साल सड़कों, रेलवे, एयरपोर्ट, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं पर करीब 150 अरब डॉलर खर्च होते हैं। लेकिन AI के लिए सिर्फ 1.2 अरब डॉलर खर्च करना बहुत कम है।

**कंपनी प्रेजिडेंट ने कहा, बजट में घोषित टैक्स हॉलिडे निवेश करने वालों के लिए मौका**



### नैशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ने किया Nvidia के साथ करार

नैशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने भारत के पेमेंट सिस्टम के लिए स्पेशल तौर पर अपने ऑटोनॉमस AI मॉडल की क्षमता को बढ़ाने के लिए Nvidia के साथ बुधवार को करार किया। कंपनी ने कहा कि यह पहल बड़े पैमाने पर रियल टाइम में पेमेंट से जुड़ी जरूरतों को पूरा करेगी। कंपनी के CTO ने कहा कि हमारा लक्ष्य AI क्षमताओं को आगे बढ़ाना है।

## AI इंपैक्ट समिट में दिख रहे बदलाव लाने वाले प्रोडक्ट


### खतरे वाली जगहों पर काम करने वालों की सुरक्षा बढ़ा रहा रोबॉट




खतरनाक इंडस्ट्रियल एनवायरमेंट में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाने के लिए ग्लोबल कंसल्टिंग कंपनी EY ने स्काउट नाम का एक अडवांस रोबॉटिक समाधान पेश किया है। यह पहल डिजिटल ट्विन, रोबॉटिक्स और फिजिकल AI के संयोजन पर आधारित है, जिसका मकसद इंसानी कर्मचारियों के सहयोगी के रूप में काम करना है। किसी भी खतरे का अलर्ट मिलने के बाद कर्मचारियों की जगह स्काउट को मौके पर भेजा जा सकता है। स्काउट वहां फोटो, विडियो और CAD सेंसर से डेटा जुटाता है। इस डेटा को AI और लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) के साथ एकीकृत कर एनालिसिस किया जाता है, जिससे आवश्यक कार्रवाई के बारे में सही सुझाव मिलता है। EY के अनुसार, इस समाधान से रोबॉट इंसानों का सहयोगी बनकर सुरक्षित माहौल में काम करने में उनकी मदद कर सकता है। इस तकनीक के जरिए जोखिम वाले क्षेत्रों में इंसानी हस्तक्षेप को कम किया जा सकता है, जिससे हादसों की आशंका कम हो जाएगी। प्रस्तुति: प्रदीप तिवारी

### राइटिंग से पता चलेगा दिमाग में क्या चल रहा

क्या राइटिंग से आपके व्यवहार और भावनात्मक स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है? AI समिट में Prisma AI कंपनी ऐसा दावा कर रही है। लिखते समय एक ब्रेन-ड्रिवन मोटर एक्टिविटी होती है, जिसमें दिमाग हाथ की मांसपेशियों को संकेत भेजता है। इसी प्रक्रिया में बनने वाले पैटर्न- जैसे स्लांट, प्रेशर, स्पेसिंग, बेसलाइन अलाइनमेंट और लेटर फॉर्मेशन का एनालिसिस करके उनका प्रोडक्ट GrySENSE व्यावहारिक कंडीशन को समझता है। कंपनी का दावा है कि हर व्यक्ति की लिखावट उसकी 'न्यूरोलॉजिकल सिग्नेचर' होती है। यह विश्लेषण भावनात्मक स्थिरता, स्ट्रेस और एंग्जायटी संकेतक, आत्मविश्वास, लीडरशिप प्रवृत्ति, निर्णय लेने की शैली, मानसिक थकान, फोकस और अनुशासन जैसे पहलुओं पर रोशनी डालता है। कंपनी कुछ सिलेक्टेड प्रोफेशनल्स तक यह प्रोडक्ट पहुंचा रही है।





### AI से डेटा की चिंता? ये बॉक्स करेगा मदद

तेजी से बढ़ती AI तकनीक के बीच सवाल है कि डेटा पर कंट्रोल किसका होगा। सरकारों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे से जुड़े क्षेत्रों में सॉवरेन AI यानी स्वयंभू AI की जरूरत महसूस की जा रही है। इसी दिशा में ParadigmIT ने Sovereign AI Box पेश किया है। यह पूरी तरह ऑन-प्रिमाइसेस, एयर-गैप्ड प्राइवेट AI क्लाउड समाधान है, जिसे खास तौर पर सरकारी विभागों और मिशन-क्रिटिकल संस्थानों के लिए तैयार किया गया है। एयर-गैप्ड होने का मतलब है कि यह सिस्टम इंटरनेट या पब्लिक क्लाउड से पूरी तरह अलग रहता है, जिससे डेटा लीक का खतरा काफी कम हो जाता है।



### एक्सरसाइज सही कर रहे या नहीं, AI बताएगा



स्वदेशी हेल्थ-टेक स्टार्टअप Krigat अपने स्पेशल AI बेस्ड फिजियोथेरेपी टूल की वजह से चर्चा में है। कंपनी ने ऐसी तकनीक विकसित की है जो साधारण कैमरे की मदद से शरीर की गतिविधियों का विश्लेषण करती है। इसकी तकनीक कंप्यूटर विजन और बायोमैकेनिक्स पर आधारित है। जब कोई व्यक्ति एक्सरसाइज या फिजियोथेरेपी मूवमेंट करता है, तो कैमरा उसकी हरकतों को रेकॉर्ड करता है। इसके बाद AI सिस्टम शरीर के जोड़ों के एंगल, संतुलन और मूवमेंट की गुणवत्ता का विश्लेषण करता है। यह पूरी प्रक्रिया रियल-टाइम में होती है। इसका सबसे बड़ा फायदा मरीजों और डॉक्टरों दोनों को होता है। फिजियोथेरेपिस्ट को तुरंत पता चल जाता है कि मरीज सही तरीके से एक्सरसाइज कर रहा है या नहीं। अगर कोई गलती हो रही है तो उसे तुरंत सुधारा जा सकता है। वहीं, मरीज घर बैठे भी सही गाइडेंस ले सकता है।

### बगैर इंसानी दखल के डिलिवर होगा सामान

Skye Air Mobility ने AI समिट में एंड-टु-एंड ऑटोनॉमस कॉमर्स डिलिवरी सिस्टम दिखाया। इस हाइपरलोकल ड्रोन डिलिवरी प्लैटफॉर्म ने Arrive AI और Ottonomy के साथ करार करके इस सिस्टम को बनाया है। इसमें एरियल ड्रोन, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्राउंड रोबॉटिक्स को इंटीग्रेट किया गया है। यह सिस्टम बिना किसी इंसानी हस्तक्षेप के सामान सीधे ग्राहकों के दरवाजे तक पहुंचाने में सक्षम है। कंपनी के अनुसार, पिछले 2 साल में 36 लाख से अधिक डिलिवरी इससे पूरी की गई हैं। कंपनी के संस्थापक अंकित कुमार ने बताया कि कंपनी के ड्रोन को विशेष रूप से शहरी लॉजिस्टिक्स के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी पेलोड क्षमता 10 किलोग्राम तक है।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP3 User: cci Time: 02-18-2026 21:59 Color:



# आज से फिर सताएगी धूप

## बूंदाबांदी के बीच बुधवार को 9 डिग्री गिरा अधिकतम तापमान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**बूंदाबांदी के** साथ एक ही दिन में तापमान 9 डिग्री तक गिर गया। हालांकि आज से फिर धूप की तपिश परेशान करेगी। अगले दो दिनों में तापमान एक बार फिर 30 डिग्री के स्तर पर पहुंच सकता है। इसके बाद अगले 6-7 दिनों में इसके 32 डिग्री के पार जाने की भी संभावना है। राजधानी में बुधवार सुबह से ही बूंदाबांदी शुरू हो गई थी। बारिश तेज नहीं थी लेकिन बादल और बारिश की वजह से तापमान में बड़ी गिरावट हुई। दिल्ली (सफदरजंग) में शाम 5.30 बजे तक 1.5 एमएम, पालम में 2.1 एमएम, लोदी रोड में 0.7 एमएम, रिज में बूंदाबांदी, आया नगर में 1.4 एमएम, पूसा में 0.5 एमएम और जनकपुरी में एक एमएम बारिश हुई।

बारिश की वजह से अधिकतम तापमान कम होकर 21.3 डिग्री पर सिमट गया। यह सामान्य से 3.3 डिग्री कम रहा। बीते मंगलवार को अधिकतम तापमान 30.9 डिग्री था। न्यूनतम तापमान बढ़कर 15.8 डिग्री पहुंच गया। यह सामान्य से 4.6 डिग्री अधिक रहा। पूर्वानुमान के अनुसार गुरुवार को आसमान साफ रहेगा। सुबह के समय कुहासा रह सकता है। अधिकतम तापमान 27 और न्यूनतम 13 डिग्री तक रह सकता है। 20 और 21 फरवरी को अधिकतम तापमान 27 से 31 और न्यूनतम 12 से 14 डिग्री तक रह सकता है। इसके बाद 22 से 24 फरवरी तक अधिकतम तापमान 29 से 32 और न्यूनतम 12 से 16 डिग्री तक पहुंच सकता है।

स्काईमेट के अनुसार बारिश का दौर गुरुवार से थम जाएगा। अब फरवरी के बचे हुए दिनों में मौसम साफ रहेगा। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में सर्दी अब लगभग खत्म मानी जा रही है और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ऊपर बना रहेगा। सतही और निचले स्तर की हवाएं तेज होंगी। यह प्री मॉनसून सीजन के बदलाव का संकेत है।




**फिर बदला मौसम:** राजधानी में बुधवार सुबह से ही बूंदाबांदी शुरू हो गई थी

### दिल्ली-एनसीआर से हट गया GRAP-2

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : प्रदूषण में लगातार आ रही कमी को देखते हुए बुधवार को दिल्ली एनसीआर से GRAP-2 भी हटा लिया गया है। कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) के अनुसार, पूर्वानुमान में भी प्रदूषण के स्तर के बढ़ने की संभावना नहीं है। बल्कि आने वाले दिनों में इसमें कमी आएगी। यही वजह है कि लोगों को राहत देते हुए GRAP-2 हटा लिया गया है। एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह GRAP-2 का सख्ती से पालन करें।

### बारिश ने किया निराश

**फरवरी सर्दियों** की सबसे अधिक बारिश वाला महीना होता है। इस महीने सामान्य तौर पर 21.3 एमएम बारिश होती है। यह बारिश इसलिए भी जरूरी होती है ताकि तापमान में नमी बनी रहे और बसंत का सीजन बना रहे। लेकिन बीते कुछ सालों से फरवरी की बारिश कम होने से सर्दी के बाद सीधे गर्मी शुरू हो रही है। 2026 में अब तक फरवरी में महज 1.4 एमएम बारिश हुई है। इसकी वजह से अगले दो से तीन दिनों में तापमान फिर से 30 डिग्री पहुंच जाएगा। अगले छह से सात दिनों में तापमान 32 डिग्री को भी पार कर सकता है। फरवरी के बचे हुए दिनों में बारिश की संभावना नहीं है। ऐसे में बचे हुए दिन गर्म और नमी भरे रह सकते हैं।




**दिग्गज ऐक्टर** पीयूष मिश्रा ने अदाकारी के साथ-साथ अपनी गायकी से भी सबका दिल जीता है। उनका गाना 'आरंभ है प्रचंड' इतना फेमस हुआ कि अब तक उन्होंने जितने भी शो किए सभी हाउसफुल रहे। इसके साथ ही उन्होंने अपने खास गानों की श्रृंखला से हर किसी का दिल जीता है। अगर आप भी उनके शो का इंतजार कर रहे हैं, तो नवभारत टाइम्स लेकर आया है पीयूष मिश्रा के साथ आरंभ 2.0 इंडिया टूर, जिसके तहत अब दिल्ली में उनका कॉन्सर्ट होने जा रहा है। 7 मार्च 2026 को शाम 7 बजे **एनएसयूआई: एग्जीबिशन ग्राउंड, गेट नंबर 6, ओखला** में वह परफॉर्म करने वाले हैं। सबसे खास बात है कि इस शो में वह अपने गाने 'आरंभ' का नया वर्जन आरंभ 2.0 भी परफॉर्म करेंगे। अगर आप भी इस खूबसूरत और दिल को छूने वाले शो में शामिल होना चाहते हैं तो नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें और अपनी सीट बुक करें।

(नियम व शर्तें लागू)

**आरंभ 2.0: पीयूष मिश्रा का शो**
LIVE
तारीख: 7 मार्च 2026
समय: शाम 7 बजे से
स्थान: ओखला






### नाबालिग से रेप का आरोपी किया अरेस्ट

■ NBT न्यूज, रेवाड़ी : थाना कोसली पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, बीती 17 फरवरी को एक गांव निवासी व्यक्ति ने दी शिकायत में बताया था कि सोमवार शाम करीब 4:30 बजे उनकी नाबालिग बेटी और छोटा बेटा गांव की एक दुकान पर जा रहे थे। रास्ते में गांव के ही एक युवक ने बेटी का हाथ पकड़कर उसे जबरन अपने घर में खींच लिया। बेटे ने तुरंत घर जाकर इसकी सूचना दी।

तलाश करने पर लड़की एक दुकानदार के प्लॉट के पीछे मिली। उसने बताया कि आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना कोसली में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया। मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### झज्जर: कैथल जा रही रोडवेज बस की छीनी चाबी

■ NBT न्यूज, झज्जर : शहर में बुधवार को रेवाड़ी से चलकर आई जींद डिपो की रोडवेज बस और एक निजी बस के ड्राइवर की आपस में कहासुनी हो गई। आरोप है कि रोडवेज बस को प्राइवेट ठेकेदार ने रोककर जबरन सवारियां नीचे उतार दीं। इस दौरान आरोपी ने रोडवेज बस से चाबी निकाल ली। काफी देर सवारियों को नीचे खड़े रहना पड़ा। घटना का विडियो वायरल हो गया। विडियो में रोडवेज बस कंडक्टर ने कैश लूटने का भी आरोप लगाया है।

> इस घटना का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल

रोडवेज बस रेवाड़ी से चलकर कैथल की ओर जा रही थी। सुबह करीब 11 बजे बस झज्जर के गुड़ा बाईपास पहुंची थी। इस दौरान सवारियां बैठाने को लेकर रोडवेज बस और प्राइवेट बस के ड्राइवर के बीच हुई बहस हुई। वायरल विडियो में एक युवक कह रहा है कि रोडवेज बस की चाबी को निजी बसों के ठेकेदार ने निकाल लिया है। इस मामले में जब झज्जर रोडवेज के जीएम संजीत [illegible] से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि बसों के ड्राइवरों के बीच मामूली कहासुनी हुई थी। आपसी गलतफहमी के कारण बहस हुई, फिलहाल मामला शांत हो गया है। रोडवेज बस अपने गंतव्य की ओर रवाना हो चुकी है।

Z-28015/45/2025-PMSSY-IV(8323809)
भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
(पीएमएसएसवाई प्रभाग)

कमरा नंबर 12100, कर्तव्य भवन-1,
नई दिल्ली-110001

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (पीएमएसएसवाई प्रभाग) एम्स **बठिंडा (पंजाब)** में प्रतिनियुक्ति के आधार पर उप निदेशक (प्रशासन) के पद को स्तर-13 (रु. 123100-215900) (7वें सीपीसी के अनुसार) पर भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

2. अधिक विवरण के लिए, कृपया मंत्रालय और इस प्रभाग की वेबसाइट अर्थात् https://mohfw.gov.in और https://pmssy.mohfw.gov.in पर जाएं।

3. विस्तृत विज्ञापन रोजगार समाचार में प्रकाशित किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45वां दिन होगी।

उप सचिव
दूरभाष. 011-24013197/98

CBC 17101/11/0049/2526













CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-02-2026 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRP4 User: kshitish.misra@timesofindia.co Time: 02-18-2026 22:18 Color:



# हरियाणा विधानसभा का बजट सेशन कल से, तैयारियां पूरी

## हरियाणा, यूटी और पंजाब की पुलिस चप्पे-चप्पे पर रहेगी

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़


स्पीकर ने बुधवार को बैठक कर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया।

**हरियाणा विधानसभा** के 20 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बुधवार को जहां पूरा दिन बैठकों का आयोजन किया वहीं राज्यपाल प्रो. असीम घोष से मुलाकात करके उन्हें सदन में अभिभाषण के लिए औपचारिक निमंत्रण भी दिया।

**राज्यपाल से मुलाकात कर दिया सदन में अभिभाषण का निमंत्रण**

स्पीकर ने बुधवार को हरियाणा, पंजाब सीआईएसएफ और यूटी चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। शुक्रवार को अभिभाषण के बाद राज्यपाल महोदय के साथ सभी सदस्यों की सामूहिक फोटो भी होगी। चंडीगढ़ यूटी प्रशासन को इस बारे में कदम उठाने की जरूरत है। गुरुवार को भी सत्र को लेकर बैठकों का दौर जारी रहेगा। सुबह कार्य सलाहकार समिति की तथा शाम को समिति सभापतियों के साथ बैठकें होंगी।


हरियाणा, पंजाब और यूटी चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए विस अध्यक्ष ने कहा कि सत्र के दौरान सभी व्यवस्थाएं समुचित ढंग से की जाएं। उन्होंने सुरक्षा में तैनात होने वाले सुरक्षाकर्मियों के भोजन, जलपान तथा अन्य दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के \

उन्होंने कहा कि मीडिया कर्मियों की जांच एक बार से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही विस अध्यक्ष ने पत्रकार दीर्घा समेत सभी दीर्घाओं में अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने पर बल दिया।

**INLD की सरकार को घेरने की तैयारी**

हरियाणा विधानसभा के 20 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र से पहले इंडियन नेशनल लोकदल (INLD) ने सरकार को कई अहम मुद्दों पर घेरने की तैयारी कर ली है। INLD विधायक दल के नेता आदित्य देवीलाल और विधायक अर्जुन चौटाला ने जनहित से जुड़े 11 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सदन में दिए हैं।

# हिसार के रैनबसेरे में पीटकर युवक की हत्या, केस


रैनबसेरे के बाहर सुबह भीड़ लग गई

■ NBT न्यूज, हिसार : हिसार शहर में मधुबन पार्क के पास नगर निगम के अस्थायी रैन बसेरे में मंगलवार देर रात एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान जींद निवासी 45 वर्षीय बलकार के रूप में हुई है। बुधवार सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार ठंड से बचाव के लिए नगर निगम ने मधुबन पार्क के सामने अस्थायी रैन बसेरा बनाया हुआ है, जहां रोजाना जरूरतमंद लोग रात बिताते हैं। मंगलवार देर रात रैन बसेरे में ठहरे 3-4 लोगों के बीच शराब पीने के दौरान कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि झगड़े में बलकार के सीने पर जोरदार चोट मारी गई। चोट लगने के बाद उसकी नाक से खून बहने लगा और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। सुबह अन्य लोगों ने बलकार को बेसुध हालत में देखा और पुलिस को सूचना दी।

# सुप्रीम कोर्ट HUDA सोसायटी में भाई-भतीजावाद पर सख्त नाराज़

## दो फ्लैटों के आवंटन को अवैध बताया, जुर्माना भी लगाया

■ NBT रिपोर्ट/भाषा, नई दिल्ली


AI Image

**सुप्रीम कोर्ट ने** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (HUDA) के कर्मचारियों की हाउसिंग सोसाइटी (HEWO) द्वारा किए गए दो 'सुपर डीलक्स' फ्लैटों के आवंटन को "धोखाधड़ी" और "स्व-प्रशंसा का शर्मनाक प्रदर्शन" बताते हुए बुधवार को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि सोसाइटी के गवर्निंग बॉडी सदस्य और उनके अधीनस्थ कर्मचारी को किए गए ये आवंटन पूरी तरह से मनमाने, पक्षपाती और पात्रता नियमों के उल्लंघन में थे। सुप्रीम कोर्ट ने अपील स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया। कोर्ट ने HEWO पर 1 लाख रुपये, प्रतिवादी 3 पर 50,000 रुपये और प्रतिवादी 4 पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही, सोसाइटी को निर्देश दिया कि वह अपीलकर्ता को कानूनी खर्च के रूप में 50,000 रुपये का भुगतान करे।

न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें आवंटन प्रक्रिया में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया गया था। न्यायालय "हुडा, शहरी संपदा और नगर एवं ग्रामीण योजना कर्मचारी कल्याण संगठन" (एचईडब्ल्यूओ) के सदस्य दिनेश कुमार की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उच्च श्रेणी के दो सुपर डीलक्स फ्लैट के आवंटन को चुनौती दी गयी थी। यह विवाद 'हुडा, अर्बन एस्टेट एंड टाउन एंड कंट्री प्लानिंग एम्प्लॉइज वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन' (HEWO) द्वारा निर्मित अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स में दो फ्लैटों के आवंटन से संबंधित है। यह संस्था सरकारी कर्मचारियों को आवास सुविधा प्रदान करने के लिए बनाई गई थी।

- सोसाइटी को निर्देश दिया कि वह अपीलकर्ता को कानूनी खर्च के रूप में 50,000 रुपये का भुगतान करे।
- मूल पात्र पाए गए चार आवेदकों के बीच फिर से पारदर्शी तरीके से ड्रॉ आयोजित करे।

**आवंटन में पारदर्शिता जरूरी है : SC**

पीठ ने कहा, "भाई-भतीजावाद और स्वार्थपरता लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रतिकूल और सामाजिक अभिशाप है, विशेषकर तब जब यह ऐसे समाज के भीतर हो, जिसमें सरकारी सेवा के सदस्य शामिल हों। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रतिवादियों की ओर से जमा की गई राशि बिना ब्याज के वापस की जाएगी। उन्हें रिफंड मिलने के एक महीने के भीतर फ्लैट खाली करना होगा। सोसाइटी को निर्देश दिया गया है कि वह मूल रूप से पात्र पाए गए चार आवेदकों के बीच फिर से पारदर्शी तरीके से ड्रॉ आयोजित करे। यदि केवल अपीलकर्ता ही पात्र बचते हैं, तो एक फ्लैट उन्हें आवंटित किया जाएगा। कोर्ट ने सोसाइटी को छूट दी है कि जुर्माना उन सदस्यों से वसूल सकती है जिन्होंने निर्णय लिया था।

# झूठे वादों से कांग्रेस ने तीन पीढ़ियों तक जमकर काटी वोटों की फसल : CM

## उचाना पहुंचे सैनी, 103 करोड़ के प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी दिखाई

■ NBT न्यूज, जींद




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उचाना विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं की कुल लागत 103 करोड़ 30 लाख 84 हजार रुपये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का काम केवल और केवल दुष्प्रचार करना है। मुद्दा हासिल करने के लिए ये हाथ पांव मार रहे हैं, लेकिन इनके पल्ले कुछ नहीं है। झूठे वादे कर आपके वोटों की फसल तो तीन पीढ़ियों तक काटी लेकिन विकास के नाम पर कुछ नहीं किया। झूठे सपने दिखा कर अपनी पीढ़ियों को आगे बढ़ाया। परिवारवाद की दलदल में फंसे इन लोगों ने केवल अपना फायदा सोचा है। उचाना के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

मनरेगा की आड़ में हुए भ्रष्टाचार को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने विकसित भारत जी राम जी ग्रामीण को शुरू किया और अब 100 नहीं 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी लेकिन कांग्रेस इसे लेकर भी दुष्प्रचार करने लगी। कांग्रेस केवल और केवल झूठ बोलती है। 24 घंटे बिजली देने की भी कांग्रेस ने बात कही थी लेकिन किया कुछ नहीं। कांग्रेस ने पेंशन के मुद्दे पर भी प्रदेश को गुमराह करने की कोशिश की। सीएम ने कहा कि केवल वोट लेने का काम किया।

# CM से मिलने की बात पर बैंक ने किसानों को सौंपे कागज़ात

■ NBT न्यूज, जींद : भारतीय किसान यूनियन का अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को पुरानी अनाज मंडी में आइसीआइसीआई बैंक के सामने बुधवार को दूसरे दिन जारी रहा। धरने की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष बिंद्र लंबरदार ने की। किसान नेता बारिश में भी धरने पर बैठे रहे। बीकेयू के जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल ने कहा कि बुधवार को उचाना में आयोजित रैली कार्यक्रम में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलने की बात कही। उसके बाद बैंक मैनेजर ने तुरंत किसानों की मांग को माना और लिखित रूप में बैंक मैनेजर ने किसानों को कागज दिए। किसानों ने कहा कि बैंक ने बीमा प्रीमियम राशि काट ली थी लेकिन जब फसल खराब हुई तो बैंक ने पालिसी नंबर नहीं दिया।

# MDU में VC ने रजिस्ट्रार को किया सस्पेंड, गवर्नर ने पलट दिया आदेश

■ NBT न्यूज, रोहतक




एमडीयू के वीसी व रजिस्ट्रार, 15 फरवरी को ही क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के दौरान साथ नजर आए थे। बीच में बैठे हैं कांग्रेस विधायक आनंद सिंह दांगी।


**महर्षि दयानंद** यूनिवर्सिटी (एमडीयू) की एग्जीक्यूटिव काउंसिल (ईसी) मीटिंग को लेकर वीसी प्रोफेसर राजबीर सिंह और रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत के बीच ठन गई है। वीसी ने मंगलवार रात 11 बजे रजिस्ट्रार को सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिए। एमडीयू के कंप्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशन के सीनियर प्रोफेसर डॉ. नसीब सिंह गिल को भी सस्पेंड किया गया। ईसी की मीटिंग में कुछ शिक्षकों की भर्ती पर अंतिम मोहर लगनी थी। लेकिन बुधवार को एमडीयू के चांसलर व हरियाणा के गवर्नर प्रो. असीम कुमार घोष ने रजिस्ट्रार को बहाल कर दिया और वीसी के आदेश पर रोक लगा दी। इसी के साथ ईसी की मीटिंग पर भी रोक लगाने के आदेश जारी कर दिए। यह सारा विवाद उस समय हुआ है जब प्रो. राजबीर सिंह का वीसी के तौर पर कार्यकाल 20 फरवरी को खत्म होना है।

दरअसल हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट एडिशनल चीफ सेक्रेटरी ने 18 फरवरी की ईसी की मीटिंग न करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद रजिस्ट्रार ने हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट एडिशनल चीफ सेक्रेटरी के निर्देशों का पालन करने को लेकर सभी संबंधित विभागों को पत्र लिख दिया था। इसके बावजूद वीसी ने रजिस्ट्रार को सस्पेंड करने के आदेश जारी किया।

**TIMES TRIBUTE**
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad logon to ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)


In Fond Remembrance of
**Smt. Kamla Yadav**
14/01/1940 - 19/02/1994
You were Love personified those remarkable memories of you will sure bring back a smile, If only we all could have you back for just a little while.
That you are no longer here with us is the Reality yet you will remain in our hearts forever is the truth.
Fondly Remembered & Deeply Missed by
**RAMPRASTHA**
Ch. Balwant Singh
Sandeep, Monia, Anjuu, Nohar, Siya & Avyaan


**REMEMBRANCE**
SHARING MEMORIES


**श्री थान सिंह नेगी**
दसवीं पुण्यतिथि
06.01.1938-19.02.2016
आप हमारी प्रसन्नता के वाहक थे, हमारे चरित्र निर्माण की नींव थे, हमारे जीवन में सदा आपकी कमी महसूस होती रहेगी।
**श्रीमती सम्पति देवी (पत्नी)**
**अभिषेक, तृप्ती, अदिति, स्वाती, प्रिया और राहुल।**
**मोबाईल: 9643380008, 9891695097**

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".
The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
**Vinod : 9958992088**
**Pankaj : 8130604727**


Prayer Ceremony
in loving memory of
**Mrs. Namita Singh**
(28th April 1939 -16th February 2026)
(Wife of Late Dhirendrajit Singh)
A life so beautifully lived deserves to be beautifully remembered
On Thursday 19th February, 2026
Time: 3.00pm-4.00pm
Venue: Sri Sathya Sai Auditorium, Gate No. 3, Pragati Vihar, Lodhi Road, New Delhi-110 003
Fondly remembered by
Madhavi & Gautam Jain
Samaira & Maanya
Late Savita & Late Ramesh Nair
Vijay & Late Radhe Kapur
Rajiv & Ritu Maira
Chandra & Anil Hari
Suniti & Hemant Thapar
Vikram Nair
Virenderjit & Nandita Singh
Pradeep & Latika Mehra
Late Rajendrajit & Shanti Singh
Gita & Late Arvind Mittal
Raghvendrajit & Suchitra Singh
Nieces, Nephews & Relatives

**TIMES TRIBUTES**
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019
▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.
To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
**Vinod: 9958992088**
**Pankaj : 8130604727**

# HSSC ने कहा- पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती का PMT-PST टेस्ट जल्द




■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : हरियाणा पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती के लाखों उम्मीदवारों के शारीरिक माप परीक्षण और शारीरिक स्क्रीनिंग टेस्ट (PST) की तैयारियों को हरियाणा लोक सेवा आयोग अंतिम रूप दे रहा है। आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से संकेत दिया है कि विस्तृत शेड्यूल शीघ्र जारी किया जाएगा। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने पुलिस भर्तियों में सामान्य अभ्यर्थियों तथा स्पोर्ट्स कोटा अभ्यर्थियों के पीएमटी व पीएसटी एक साथ करवाने का फैसला किया है।

आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने बुधवार को बताया कि हरियाणा पुलिस में 5500 कॉन्स्टेबलों के लिए भर्ती प्रक्रिया कर्मचारी चयन आयोग द्वारा चलाई जा रही है। इसके लिए करीब तीन लाख युवाओं ने आवेदन किया है। आवेदन करने वाले युवा इन दिनों फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट (पीएमटी) और फिजिकल स्क्रीनिंग टेस्ट (पीएसटी) की तैयारियों में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स कोटे के अभ्यर्थियों का पीएमटी व पीएसटी एक साथ आयोजित किया जाएगा। आयोग के चेयरमैन ने आवेदन करने वाले युवाओं से तैयारी करने का आह्वान करते हुए यह जानकारी हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष जसविंदर मीनू बैनीवाल तथा प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम के साथ भी साझा की है ताकि खेल कोटे के उम्मीदवारों को बदलाव के बारे में पता चल सके

# खिलाड़ियों को छह महीने का डाइट भत्ता जल्द ही

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़



**हरियाणा के** खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने ऐलान किया है प्रदेश के खिलाड़ियों को बहुत जल्द छह माह की लंबित डाइट मनी दी जाएगी। यह धनराशि करीब 33 करोड़ रुपये बनती है। विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों को खारिज करते हुए गौरव गौतम ने स्पष्ट किया कि डाइट मनी का बजट छह-छह माह का मंजूर होता है। वर्तमान में बजट मंजूर हो चुका है। संभवत प्रदेश के बजट से पहले यह राशि खिलाड़ियों को दे दी जाएगी।

खिलाड़ियों को ऐसी ढांचागत सुविधाएं देंगे, ताकि हमारे खिलाड़ी कॉमनवेल्थ और ओलिंपिक गेम्स में पदकों की झड़ी लगा दें। खेल मंत्री ने बताया कि मौजूदा बुनियादी ढांचे के आधार पर सरकार से बजट की मांग की गई है। पिछले साल बजट में खेल विभाग के लिए 589 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। इस बार यह राशि दोगुनी होने की संभावना है। 800 करोड़ रुपये अकेले खेलों के ढांचागत सुधार पर खर्च होंगे।

# जज ने ज़मानती को कोर्ट रूम से कराया गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, करनाल : करनाल की अदालत में जमानत प्रक्रिया के दौरान एक बड़े 'फर्जी जमानती नेटवर्क' का भंडाफोड़ किया गया। मधुबन थाने में दर्ज एक केस में आरोपी को जमानत दिलाने पहुंचे जमानती की जानकारी अदालत के सिस्टम में संदिग्ध पाई गई। जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि जमानती एक ही जमीन के कागजात के सहारे अलग-अलग जिलों में कई आरोपियों की जमानत कराता रहा है। इसके लिए फर्जी आधार नंबरों का इस्तेमाल करता था।

# क्लर्क पर 2.5 लाख उड़ाने का आरोप, केस

■ NBT न्यूज, कुरुक्षेत्र

हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले में बैंक में जमा चेक पर नाम बदलकर ढाई लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है। चेक महिला के नाम से दिया गया था। लेकिन उस नाम के पीछे थी और जोड़कर चेक किसी दूसरे व्यक्ति के खाते में चला गया। आरोपी चेक के पीछे आधार कार्ड और मोबाइल नंबर गलत लिख चेक को क्लियर करवाया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बुधवार को केस कर दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपी क्लर्क से पूछताछ की। साथ ही पुलिस रिया जिंदल की तलाश कर रही है। हालांकि चेक के पीछे मोबाइल नंबर लिखा गया था, लेकिन नंबर गलत लिखा गया। कुरुक्षेत्र के रहने वाले देसराज और बृजमोहन ने पुलिस को बताया कि वे दोनों पार्टनर हैं और उनकी नई अनाज मंडी में आढ़त की दुकान है। उन्होंने 2 लाख 50 हजार रुपये का भारतीय स्टेट बैंक (SBI) शाखा कुरुक्षेत्र का चेक जारी किया था। कंपनी ने यह चेक अपने कर्मचारी राहुल को दिया था राहुल ने इस चेक को रिया जिंदल के अकाउंट में जमा करवाया था। राहुल ने चेक PNB की क्लर्क को सौंपा और इसे रिया जिंदल के अकाउंट में जमा करने के लिए पकड़ा दिया। पैसा अकाउंट में नहीं आया।

# पानीपत में विधायक ने दुकान का ताला तुड़वाया, दबंगों से कहा-कायदे में रहो

## पिता की मौत के बाद लड़की ने विधायक से दुकान पर कब्जे की शिकायत की थी

■ NBT न्यूज, पानीपत


विधायक मनमोहन भड़ाना ने ताला लगाने वाले को धमकाया

पानीपत के सनौली-छाजपुर खुर्द निवासी सुभाष की संदिग्ध मौत का मामला अब गरमाता जा रहा है। रविवार को दो गांवों की पंचायत में परिजनों ने इस मामले में नया मोड़ लाते हुए इसे सड़क हादसा नहीं, बल्कि जमीनी रंजिश के कारण की गई हत्या करार दिया है। इस मामले को लेकर परिजनों ने समालखा से बीजेपी विधायक मनमोहन भड़ाना से मुलाकात की और निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। इसके बाद विधायक के सामने मृतक के परिवार से नाबालिग लड़की ने दबंगों द्वारा दुकान को जबरन बंद करवाए जाने की बात रखी। विधायक बुधवार को दुकान का ताला खुलवाने मौके पर पहुंचे। उन्होंने ताला लगाने वाले व्यक्ति को उंगली दिखाते हुए कायदे में रहने की स्पष्ट चेतावनी दी। विधायक ने कहा- 'पीड़ित परिवार को एक खरोंच भी आई तो ऐसा हाल बनाऊंगा कि याद रखेगा जिंदगी भर।' जब संबंधित व्यक्ति ने अपनी बात रखने की कोशिश की, तो विधायक ने उसे टोकते हुए कहा, 'आराम से बोलो, उल्टा न बोलो।' इसके बाद विधायक के आदेश पर लोगों ने दुकान का ताला तोड़ दिया।

**'अगर एक खरोंच भी आई तो...'**

विधायक ने कहा-पीड़ित परिवार को एक खरोंच भी आई तो ऐसा हाल बनाऊंगा कि याद रखेगा जिंदगी भर। बता दिया, बच्चों को हाथ न लगा दियो। सुभाष का शव बीती 8 फरवरी को सनौली रोड पर निम्बरी गांव के पास एफसीआई गोदाम के सामने मिला था। शुरुआत में पुलिस ने इसे सड़क हादसे के तौर पर दर्ज किया था। हालांकि, अब परिजनों का स्पष्ट कहना है कि सुभाष की हत्या की गई है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-02-2026 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRP5 User: cci Time: 02-18-2026 22:08 Color:



# स्मार्ट हो रहा चिड़ियाघर: बाड़े के बाहर लगा QR कोड देगा जानवरों की पूरी जानकारी

■ राम त्रिपाठी, चिड़ियाघर

**चिड़ियाघर में** घूमने आए विजिटर्स अब वन्यजीवों के बाड़े के बाहर QR कोड वाले साइन बोर्ड से वन्यजीवों की सारी जानकारी तुरंत पढ़ सकेंगे। रेनोवेशन और विजिटर्स की सुविधा के लिए नए साइन बोर्ड बदलने के साथ पहली बार कई साइन बोर्ड लगाए जा रहे हैं। 1000 से अधिक साइन बोर्ड लगाने का काम शुरू हो चुका है। 20 बीटों के 72 बाड़ों में 96 प्रजातियों के करीब 1300 वन्यजीव रह रहे हैं। नए साइन बोर्ड में उस जानवर के नाम की जानकारी के साथ QR कोड लगे होंगे। मोबाइल से कोड स्कैन करने पर जानवरों की सारी जानकारी मिल जाएगी। चिड़ियाघर के एक अधिकारी ने बताया कि इससे वाइल्डलाइफ और पर्यावरण के प्रति लोगों का रुझान बढ़ाने के उद्देश्य में सफलता मिलेगी। चिड़ियाघर के ज्यादातर साइन बोर्ड बहुत पुराने हो चुके थे। कई बोर्ड में ठीक से पढ़ा भी नहीं जा पा रहा था। खतरनाक जानवर की सूचना देते हुए बाड़े की रेलिंग से दूर रहने आदि के करीब 100 वॉर्निंग साइन बोर्ड, बाड़ों में बंद जानवरों के नाम के 200 से अधिक साइन बोर्ड लगाए जाएंगे।

**1000 से अधिक साइन बोर्ड लगाने का काम हो चुका है शुरू**



कोड स्कैन करने पर जानवरों की सारी जानकारी मिल जाएगी

## रिक्शा स्टॉप पर भी बोर्ड

बैटरी रिक्शा स्टॉप पर भी नए साइन बोर्ड लगेंगे। अभी उनकी हालत बहुत ठीक नहीं है। कई जगह साइन बोर्ड नहीं है। लेकिन विजिटर को बैटरी रिक्शा लेने के लिए अब इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। चिड़ियाघर के कई रास्तों की जानकारी देते हुए भी बोर्ड लगाए जा रहे हैं। किस रास्ते पर किस जानवर का बाड़ा है, इसकी जानकारी भी साइन बोर्ड से दी जाएगी। इससे चिड़ियाघर घूमने आए लोगों को अपना रूट तय करने में आसानी मिलेगी। उन्हें अपनी पसंद के जानवरों को ढूंढने में अब ज्यादा भटकना नहीं पड़ेगा।

## हाथी से बाघ तक, एक दिन के लिए भी ले सकेंगे गोद

**चिड़ियाघर** अपने राजस्व को बढ़ाने के लिए 'वन्यजीव गोद' योजना में बड़े सुधार करने जा रहा है। अब आप किसी वन्यजीव को एक दिन के लिए भी गोद ले सकते हैं। तिमाही और छमाही समय तक के लिए भी गोद लिया जा सकता है। मार्च से यह योजना चालू हो रही है।

इसके तहत वन्यजीव की खुराक और रखरखाव का खर्चा शामिल है। 2022 में शुरू हुई वन्यजीव गोद योजना के तहत एक साल और दो साल की अवधि के लिए वन्यजीवों को गोद लिया जा सकता था। योजना सफल नहीं रही। गिनी-चुनी बड़ी कंपनियों ने ही बामुश्किल आधा दर्जन वन्यजीवों को गोद लिया था। अशोकी शंकर हाथी को भी गोद लिया गया था, जिसकी पिछले साल मौत हो चुकी है। चिड़ियाघर के डायरेक्टर डॉ संजीव कुमार ने बताया कि आमदनी बढ़ाने के लिए वन्यजीव गोद योजना की समय अवधि को बदला जा रहा है।

# पाठशाला और थिएटर का नया हब बनेंगे पार्क

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


**दिल्ली के** पार्क अब सही मायने में पब्लिक स्पेस बनेंगे। इन पार्कों में लोगों को कई चीजें सीखने को मिलेंगी। पार्कों में कई तरह की एक्टिविटी होंगी। इनकी खूबसूरती बढ़ाई जाएगी, जो लोगों को प्रकृति से जोड़ने का काम करेंगी।

पार्कों को लेकर डीडीए ने कई इंस्टिट्यूट्स आदि से एमओयू साइन किए हैं। डीडीए के अनुसार लोगों को प्रकृति, इकोलॉजी से जोड़ने के साथ उन्हें पर्यावरण को लेकर कई बातें सीखने को मिलेंगी। पार्कों में थिएटर वर्कशॉप से लेकर इकोलॉजिकल रिसर्च आदि के लिए भी स्पेस होगी। बांसेरा में आयोजित पहले ग्रीन एक्सपो में एलजी वीके सक्सेना के नेतृत्व में डीडीए ने इसके लिए दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू), डीयू, नैशनल मेडिसिनल प्लांट बोर्ड, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया, नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) और मथुरा वृंदावन डिवेलपमेंट अथॉरिटी के साथ एमओयू साइन किए हैं।

**DDA ने कई इंस्टिट्यूट्स आदि से MOU साइन किए हैं**

एनएसडी के साथ मिलकर डीडीए के पार्कों में बच्चों, बुजुर्गों, युवाओं आदि के लिए कल्चरल व थिएटर वर्कशॉप होंगी। ओपन पार्कों में यह फ्री में लगेंगी। हर बैच में 30 स्टूडेंट्स होंगे। एक साथ कई पार्कों में वर्कशॉप को चलाया जाएगा। डीयू अपने स्टूडेंट्स को इन पार्कों में अर्बन इकोलॉजिकल रिसर्च के लिए लाएगा। ग्रीन एरिया और फ्लड प्लेन में रिसर्चर आएंगे और फील्डवर्क करेंगे। वहीं डीटीयू पार्क प्लानिंग एंड मैनेजमेंट के लिए यूथ इनोवेशन में मदद करेगा।

AI Image



## पार्क मे मेडिसनल प्लांट

नैशनल मेडिसिनल प्लांट बोर्ड डीडीए के पार्कों में मेडिसनल नर्सरी बनाएगा। यह चुनिंदा पार्कों में बनेगी। इन नर्सरी में लोगों को कम प्रचलित मेडिसनल प्लांट की जानकारियां मिलेंगी। साथ ही देश की बॉटैनिकल हैरिटेज की जानकारी भी यहां मिलेगी। वहीं यमुना किनारे बने असिता में सिटिजन नेचर हब बनेगा। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के साथ डीडीए ने इसके लिए एमओयू साइन किया है। इस हब में लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के साथ नेचर वॉक आदि का आयोजन किया जाएगा। मथुरा वृंदावन डिवेलपमेंट अथॉरिटी सस्टेनेबल अर्बन प्लानिंग, नेचर बेस्ड डिवेलपमेंट प्रैक्टिस के लिए डीडीए की नॉलेज पार्टनर रहेगी।

## NBT Lens — खबरों के अंदर की बात: पार्कों की बढ़ेगी उपयोगिता


डीडीए इस समय 16 हजार एकड़ में ग्रीन कवर विकसित कर चुका है। इसमें 7 बायोडायवर्सिटी पार्क, 11 बड़े इकोलॉजिकल रिस्टोरेशन प्रोजेक्ट (यमुना बाढ़ क्षेत्र में) और 773 अर्बन पार्क हैं। अर्बन पार्क का इस्तेमाल अभी बहुत व्यापक नहीं है। इनकी मेंटिनेंस पर भी लोग सवाल उठाते रहते हैं। कई जगहों पर पार्क में असामाजिक तत्वों की शिकायतें भी आरडब्ल्यूए व लोग करते रहे हैं। इन पार्कों में इस तरह की गतिविधियों से पार्कों से लोग जुड़ेंगे। लोग पार्कों के रखरखाव में सहयोग करेंगे। हर वर्ग के लोगों का पार्क में आना जाना बढ़ेगा और उनका बेहतर इस्तेमाल हो सकेगा।

# NHAI ने MCD को कहा, जगह खाली करें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**नैशनल हाइवे** अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) ने एमसीडी के आरपी सेल विभाग से गांधी नगर-कैलाश नगर पुश्ता पर बनी पार्किंग को खाली करने के लिए कहा है। NHAI ने इस पार्किंग के लिए मात्र 34 गाड़ियां खड़ी करने की परमिशन दी थी, लेकिन फिलहाल इस पार्किंग पर टू व्हीलर और कारों आदि को मिलाकर एक हजार से भी अधिक गाड़ियां खड़ी हो रही है। इसके लिए पार्किंग ठेकेदार ने पार्किंग के लिए निर्धारित की गई जगह से कई गुना अधिक जगह घेर रखी है। इतना ही नहीं सड़क किनारे बनाए गए नाले के ऊपर और सड़क के एक बड़े हिस्से पर भी अवैध रूप से कारें खड़ी की जा रही है। इस वजह से व्यस्त समय में यहां अक्सर लोगों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरपी सेल विभाग के अधिकारी शिकायत के बाद भी संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लेते।

AI Image



वहीं, आरपी सेल विभाग के एक सीनियर अधिकारी ने इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि NHAI ने गांधी नगर-कैलाश नगर पुश्ता रोड पर हाइवे की जगह पर बनी पार्किंग वापस तो मांगी है, लेकिन अभी तक अपना कोई प्लान बनाकर नहीं दिया है। इस वजह से अभी पार्किंग खाली नहीं कराई गई है। अधिकारी ने माना कि एनHAI द्वारा जितनी गाड़ियों की परमिशन दी हुई है, उससे कई गुना अधिक गाड़ियां अभी वहां खड़ी हो रही है।

**गांधी नगर पुश्ता पर बनी पार्किंग खाली करने को कहा**

# AI से ब्रेस्ट कैंसर की होगी समय पर पहचान, इलाज की राह होगी आसान

Rahul.Anand
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** AI से ब्रेस्ट कैंसर का अर्ली डिटेक्शन संभव होगा। एम्स ने AI बेस्ड एक ऐसी तकनीक बनाई है, जो 95% तक कारगर है। इसका क्लीनिकल ट्रायल शुरू कर दिया गया है। पूरे देश में कई सेंटरों पर इसका ट्रायल जारी है। एम्स की कैंसर डिपार्टमेंट की AI एक्सपर्ट डॉक्टर कृतिका रंगनाथन ने बताया कि एम्स में ब्रेस्ट कैंसर की जांच के लिए यह टूल बनाया गया है। इससे जांच में काफी तेजी आएगी, डॉक्टरों का समय बचेगा और ऐसी महिला मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेगा।

एम्स की मीडिया प्रोटोकॉल की चेयरपर्सन डॉ रीमा दादा ने बताया कि एम्स ने बड़े स्तर पर AI का इस्तेमाल शुरू कर दिया है और कई स्तर पर रिसर्च और ट्रायल चल रहे हैं। एम्स को AI का सेंटर ऑफ एक्सिलेंस बनाने के लिए प्रशासन ने आईआईटी दिल्ली के साथ एमओयू भी किया है। उन्होंने कहा कि एम्स में जल्दी जांच के लिए रेडियोलॉजी विभाग में इसपर काम चल रहा है। वहीं, डॉक्टर कृतिका ने बताया कि हम AI पर एक ऐसा टूल बना रहे हैं, जो मरीज की हिस्ट्री को समेटकर करके पेश करेगा, यानी मरीज की बीमारी से संबंधित कई प्रकार की जानकारी में से जरूरी पॉइंट्स निकाल कर पेश करेगा, जिससे डॉक्टर का समय बचेगा। इसी प्रकार एम्स के आरपी सेंटर ने डायबिटीज की वजह से होने वाली आंखों की बीमारी डायबिटिक रेटिनोपैथी की जल्दी जांच के लिए भी टूल बनाया है। इसके अलावा, एम्स चेस्ट एक्सरे की जांच के लिए भी AI टूल बनाने पर काम कर रहा है। डॉक्टर कृतिका ने बताया कि यह टूल चेस्ट एक्सरे देखकर बता सकता है कि रिपोर्ट नॉर्मल है या नहीं। इसकी खासियत यह है कि बहुत कम समय में रिपोर्ट देने में सक्षम है, जिससे डॉक्टर को एब्नॉर्मल मरीजों की रिपोर्ट पर काम करने का समय मिल जाता है। चूंकि जिसका नॉर्मल है, उसकी रिपोर्ट नॉर्मल है, उस रिपोर्ट को देखने में समय नहीं देना पड़ता। यह एडवांस में ही बीमारी की पहचान करने में सक्षम है। हालांकि, डॉक्टर का कहना है कि हम AI का इस्तेमाल डॉक्टरों की देखरेख में कर रहे हैं, ऐसा नहीं है कि सब कुछ AI पर छोड़ दे रहे हैं।



**खुशखबरी**
- एम्स ने 95% सटीक AI टूल तैयार किया, कई सेंटरों पर ट्रायल जारी
- इससे जांच में काफी तेजी आएगी, डॉक्टरों का समय बचेगा

# चंद्रावल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से 22 लाख लोगों की बुझेगी प्यास

Sudama.Yadav
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** पुरानी दिल्ली और नॉर्थ दिल्ली के करीब 22 लाख लोगों की प्यास बुझाने के लिए नया चंद्रावल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बनकर अब पूरी तरह से तैयार हो चुका है। जल बोर्ड ने मॉनसून से नए प्लांट में पानी उत्पादन का ट्रायल शुरू करने का प्लान बनाया है। इसी साल सितंबर या अक्टूबर से इस प्लांट से पानी सप्लाई का प्लान है। पुराने चंद्रावल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में दो यूनिट हैं, जिसमें से एक 90 साल से भी अधिक और दूसरा 70 साल पुराना है और बेहद आउटडेटेड है।

जल बोर्ड अफसरों के अनुसार पुराने चंद्रावल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी उत्पादन के लिए दो यूनिट हैं। इसमें एक यूनिट 1935 में लगाया गया था, जिससे 35 एमजीडी पानी उत्पादन होता है। दूसरा यूनिट 1955 में लगाया गया था, जिससे 55 एमजीडी पानी उत्पादन होता है। प्लांट का पहला यूनिट तो 90 साल से भी अधिक पुराना हो चुका है। दूसरा यूनिट 70 साल पुराना है। दोनों यूनिट इतने अधिक पुराने और आउटडेटेड हो चुके हैं कि आए दिन तकनीकी खराबी आती है, जिससे प्लांट में पानी उत्पादन पूरी तरह से ठप हो जाता है और पुरानी दिल्ली के लोगों को सप्लाई वॉटर ही नहीं मिलता। ऐसे में प्लान बनाया गया कि चंद्रावल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में ही नया वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाए। दिल्ली सरकार ने इस प्लांट परिसर में 105 एमजीडी का नया प्लांट बनाने का प्लान बनाया। प्लांट से सितंबर-अक्टूबर से पीने के पानी का सप्लाई होगा।

AI Image



**105 एमजीडी** का बनाया गया है नया चंद्रावल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, इसी साल सितंबर या अक्टूबर से इस प्लांट से पानी सप्लाई का है प्लान

## तीन साल की देरी से हो रहा है प्लांट शुरू

निर्माण का काम जल बोर्ड ने एल एंड टी कंपनी को अक्टूबर, 2019 में दिया, जिसे अप्रैल 2023 तक कंप्लीट करना था। लेकिन, तीन साल की देरी के बाद अब प्लांट का काम कंप्लीट हुआ है। प्लांट निर्माण के लिए जापान इंटरनैशनल कोऑपरेशन एजेंसी (JICA) से सरकार ने लोन लिया है। अफसरों के मुताबिक प्लांट से का ट्रायल मॉनसून के दौरान शुरू होगा।

# टिल्लू-गोगी की गैंगवॉर में हुआ था रोहिणी में मर्डर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**क्राइम ब्रांच** ने रोहिणी सेक्टर-17 में दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज हत्या में शामिल दो नाबालिगों को पकड़ा है। पुलिस का दावा है कि यह हत्याकांड रोहिणी कोर्ट में सितंबर 2021 को मारे गए जितेंद्र मान उर्फ गोगी और मई 2023 में तिहाड़ जेल में मारे गए सुनील उर्फ टिल्लू ताजपुरिया गैंग के बीच एक दशक से चल रही गैंगवॉर का नतीजा था। दोनों नाबालिग टिल्लू गिरोह से सोशल मीडिया के जरिए जुड़े। मृतक साहिल सोलंकी गोगी गैंग से था, जो टिल्लू गैंग के एक मेंबर की हत्या में अरेस्ट हुआ था और 18 फरवरी 2025 को हाई कोर्ट से जमानत लेकर बाहर आया था।

डीसीपी (क्राइम) संजीव कुमार यादव के मुताबिक, रोहिणी सेक्टर-17 में 14 फरवरी को तीन हथियारबंद बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर साहिल सोलंकी की हत्या कर दी थी। थाना केएन काटजू मार्ग में मुकदमा दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर मान सिंह, सुंदर गौतम, अरविंद सिंह, नीरज शर्मा और संदीप तुशीर की टीमों को एक नाबालिग के बारे में 17 फरवरी को इनपुट मिले। नरेला सेक्टर-6 बस स्टैंड के पास इसे पकड़ा गया।

पूछताछ में नाबालिग आरोपी ने बताया कि वह इंस्टाग्राम के जरिए टिल्लू गैंग से जुड़े एक अन्य नाबालिग से जुड़ा। इसने जंगी ऐप के जरिए मोहित से मिलवाया, जिसके शानदार लाइफस्टाइल के सपने दिखाने पर वह गैंग में शामिल हो गया। 14 फरवरी को सोनू उर्फ गोनी ने चोरी की बाइक और हथियार मिले। इसके बाद दोनों नाबालिग और सोनू बाइक से सेक्टर-17, रोहिणी आए। गोनी और दूसरे नाबालिग ने फायरिंग की, जबकि वह बाइक चला रहा था।

दूसरे ऑपरेशन में रोहिणी स्थित समयपुर गांव के पास वारदात में शामिल दूसरे 17 साल के नाबालिग को भी दबोच लिया गया। पूछताछ में इसने बताया कि वह बिहार के मुजफ्फरपुर से है और समयपुर में किराये पर रहता है। वॉटर सप्लाई वर्कर के तौर पर काम करना शुरू किया। जनवरी 2025 में एक बैंसी के बेटे पर चाकू से हमला किया था। जुवेनाइल होम से तीन महीने बाद आया तो इंस्टाग्राम के जरिए अनिल उर्फ गोनी उर्फ सोनू से जुड़ा और टिल्लू गैंग में शामिल हो गया।

**खुलासा**
- साहिल सोलंकी की हत्या में दो नाबालिगों को पकड़ा, पुलिस का खुलासा
- सोशल मीडिया के जरिए नाबालिगों को जोड़ टिल्लू गैंग ने वारदात को दिलाया था अंजाम

# कारोबारी पर फायरिंग में 'बिल्ली' अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, स्वरूप नगर

**स्वरूप नगर** इलाके में सोमवार रात एक गारमेंट्स कारोबारी करन उर्फ राहुल पर हत्या की कोशिश में फायरिंग करने वाले मास्टरमाइंड को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान केशव उर्फ अभिषेक उर्फ बिल्ली के तौर पर की है। इसके पास से वारदात में इस्तेमाल पिस्टल व एक कारतूस बरामद हुआ है। जांच में पता चला कि गैर इरादतन हत्या के मामले में करन की 23 फरवरी को अदालत में गवाही थी। इस बीच आरोपी अपने साथी के साथ मौके पर पहुंचा और पीड़ित पर जान से मारने की इरादे से गोलियां चला दीं। पीड़ित ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। आरोपी गोली चलाकर फरार हो गए।

आउटर नॉर्थ जिला डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी के मुताबिक सोमवार रात 11:50 बजे गारमेंट्स कारोबारी करन स्वरूप नगर स्थित अपनी दुकान बंद कर रहे थे। इस बीच वह सिगरेट लेने दुकान पर जाने लगे। तभी आरोपी केशव अपने साथी दीपक उर्फ लोटे के साथ वहां स्कूटी पर सवार होकर पहुंचा। केशव ने करन से कहा कि 23 फरवरी को जो अदालत में गवाही देने वाला है, उन आरोपों को वापस ले ले। मना करने पर केशव ने पिस्टल निकाली और करन पर दो राउंड गोलियां चला दीं। किसी तरह गली में भागकर उन्होंने जान बचाई। बाद में आरोपी फरार हो गए।

पीड़ित का आरोप है कि केशव ने आशीष मल्होत्रा के कहने पर गोली चलाई। वारदात के समय आशीष भी कार में मौजूद था। मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्या की कोशिश का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। मंगलवार केशव को दबोच लिया गया।

AI Image



**हत्या की कोशिश के एक केस में 23 फरवरी को गवाही देने वाले हैं पीड़ित कारोबारी**

# दिल्ली दंगा: जमानत अर्जी पर नोटिस

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने यूनाइटेड अगेंस्ट हेट के सदस्य खालिद सैफी द्वारा दायर उस याचिका पर नोटिस जारी किया जिसमें उन्होंने 2020 के दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश से जुड़े मामले में दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा जमानत से इनकार किए जाने को चुनौती दी है। इस मामले में भारतीय दंड संहिता (IPC) और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (UAPA) के तहत आरोप लगाए गए हैं। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पी.बी. वराले की पीठ ने हालांकि मौखिक रूप से कहा कि सैफी सुप्रीम कोर्ट के जनवरी के उस फैसले के आधार पर समानता (पैरिटी) का दावा नहीं कर सकते, जिसमें पांच सह-आरोपियों को जमानत दी गई थी।

# 7.5 करोड़ की ड्रग के साथ दंपती समेत तीन को दबोचा


फैमिली की आड़ में कर रहे थे तस्करी, 1,504 ग्राम हेरोइन बरामद

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कार में 'फैमिली' की तरह सफर करते हुए हेरोइन की तस्करी करने वाले गिरोह का क्राइम ब्रांच ने भंडाफोड़ किया है। नारायण गांव निवासी मुख्य आरोपी आरिफ (46), उसकी पत्नी शिखा अली (30) और इनसे माल खरीदने वाले भलस्वा डेरी के जुम्मन (32) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनसे 1,504 ग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी कीमत इंटरनैशनल मार्केट में करीब 7.5 करोड़ आंकी गई है।

डीसीपी (क्राइम) संजीव कुमार यादव के मुताबिक, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) बरेली निवासी आरोपी आरिफ के हेरोइन लाकर गाजियाबाद के लोनी और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में सप्लाई करने की खुफिया जानकारी मिली। वह पुलिस को चकमा देने के लिए रात के अंधेरे में कार से पत्नी के साथ 'फैमिली यात्रा' दिखाने की कोशिश करता। दोनों को भोपुरा बॉर्डर रोका गया। तलाशी में 303 ग्राम हेरोइन आरोपियों से, जबकि 1,007 ग्राम कार की पिछली सीट पर रखे बैग से रिकवर हुई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि ये भलस्वा डेरी निवासी जुम्मन को भी ड्रग्स सप्लाई करते थे। भलस्वा डेरी स्थित जेजे कॉलोनी में छापेमारी कर जुम्मन को गिरफ्तार किया गया, जिसके घर से 194 ग्राम हेरोइन और बरामद की गई। मुख्य आरोपी आरिफ पहले गाजीपुर मार्केट में अकाउंटेंट था, जिसकी कोविड के दौरान नौकरी छूटी तो टैक्सी चलाने लगा। इसी दौरान बरेली के ड्रग किंगपिन से संपर्क हुआ तो पत्नी समेत सप्लाई चेन का हिस्सा बन गया। आरोपी जुम्मन इलेक्ट्रिशन था, जो रेलवे लाइन पर पुड़िया बना कर बेचता था।

**कार में 'फैमिली' की तरह सफर करते हुए करते थे तस्करी**

## 2 करोड़ की कमिटी के नाम पर ठगी, पति-पत्नी गिरफ्तार

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: बड़े पैमाने पर कमिटी के नाम पर ठगी करने वाले दंपती को आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने गिरफ्तार किया है। इनकी शिनाख्त धराप्रदीप चमोली उर्फ मास्टरजी और सरिता चमोली के तौर पर हुई है। आरोप है कि दोनों ने ऊंचे और तय रिटर्न का लालच देकर 48 लोगों से करीब 2 करोड़ रुपये इकट्ठा किए। इसके लिए झड़ौदा मार्केट में एक ऑफिस भी खोला था, जिसे 2025 में बंद कर फरार हो गए। पुलिस को दोनों के यूपी के रामपुर में होने का पता चला तो दबोच लिया गया। डीसीपी अमित वर्मा के मुताबिक, धराप्रदीप चमोली झड़ौदा के दशरथ में ट्यूशन पढ़ाने का काम करता था। इससे आसपास रहने वालों पर दोनों का अच्छा प्रभाव था। दोनों ने 2013-2014 से कमिटियां चलानी शुरू की, जिसके तहत 52 कमिटियां चलाई गईं। शुरुआत में कुछ लोगों को पैसा देकर भरोसा जीता। लेकिन आखिर में कमिटियां मैच्योर होने पर पैसा लौटाने के बजाय अप्रैल 2025 में इलाका छोड़ कर चले गए। पीड़ितों की शिकायत के बाद इनके खिलाफ 16 अक्टूबर को मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपियों ने रिकॉर्ड रखने वाले रजिस्टर नष्ट कर दिए और फोन के सिम तोड़कर डिजिटल साक्ष्य मिटाने की कोशिश की। इसके बावजूद लगातार छापेमारी के जरिए उनकी लोकेशन ट्रेस की गई। धराप्रदीप को 2 फरवरी को रामपुर स्थित शौकत अली रोड से पकड़ा गया। पूछताछ के बाद 12 फरवरी 2026 को सरिता चमोली को भी ईओडब्ल्यू के मंदिर मार्ग स्थित ऑफिस में गिरफ्तारी डाल दी गई। पुलिस दोनों की प्रॉपर्टी और बैंक अकाउंट्स को खंगाल रही है।

**मोटे मुनाफे का झांसा देकर 48 पीड़ितों को चूना लगा हो गए थे फरार**

# डॉगी को खाना खिलाने पर विवाद, महिला के दांत टूटे

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सागरपुर इलाके में कुत्तों को खाना खिलाने को लेकर हुए विवाद में एक महिला के दो दांत टूट गए और उनके बेटे की भी पिटाई की गई। यह घटना 5 अक्टूबर की है। दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। 12 फरवरी 2026 को एमएलसी मिलने के बाद पुलिस ने बयान लेकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

**बीच बचाव करने आई मां और बेटे से मारपीट**

शिकायतकर्ता राम सागर (37) ने बताया कि वह सागरपुर वेस्ट इलाके में अपने परिवार के साथ रहते हैं और डीटीसी में कंडक्टर हैं। उनके सामने रहने वाली एक महिला को उनके भाई सुभाष ने गली में घर के सामने कुत्तों को खाना खिलाने से मना किया था। सुभाष का कहना था कि कुत्ते खाना खाकर उनके दरवाजे के बाहर गंदगी कर देते हैं। इस बात पर महिला और सुभाष के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि महिला के परिवार और उनके जानकारों ने मिलकर सुभाष के साथ मारपीट की। शोर सुनकर सुभाष की मां शांति देवी आईं तो उनके साथ भी मारपीट की गई और इस दौरान उनके नीचे के दो दांत टूट गए।

**दिल्ली की खबरों के लिए टेलीग्राम पर फॉलो करें**
t.me/nbtdilli

# द्वारका हादसे में विडियो ने खोली आरोपी के पिता के दावों की पोल

■ नवीन निश्चल, द्वारका

**द्वारका में** सड़क हादसे में साहिल की मौत के मामले में एक सीसीटीवी फुटेज और पब्लिक की ओर से बनाया गया एक विडियो सामने आया है। इन दोनों ही विडियो ने आरोपी नाबालिग के पिता के उन दावों पर सवाल खड़ा कर दिया है जिनमें वह कह रहे थे कि यह एक एक्सिडेंट है और उसके बाद उनके बेटे ने न भागने की कोशिश की और न कुछ छिपाने की। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने कहा है कि विडियो पब्लिक की ओर से बनाया गया है, इसमें बहस होती दिख रही है।

वहीं, साहिल की मां इन्ना माकन ने इन दोनों विडियो के सामने आने के बाद कहा है कि सबकुछ साफ है। विडियो में दिख रहा है कि सड़क पर बीचों-बीच बनी सफेद रंग की पट्टी को क्रॉस करके आरोपी कार चला रहा था। सामने से जो बस आ रही थी, उससे बचने के लिए उसने कार मोड़ी और मेरे बेटे की जान ले ली। उनका कहना है कि कार ओवरस्पीड थी, इसलिए टक्कर लगते ही बाइक के टुकड़े हो गए। इसके बाद स्कॉर्पियो कार ने कैब में जाकर टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कैब ड्राइवर भी घायल हुआ।

**क्या है सीसीटीवी फुटेज में?** सीसीटीवी फुटेज में तीन बातें निकलकर सामने आई हैं। पहला यह कि एक्सिडेंट 11 बजकर 38 मिनट और 20 सेकंड के तुरंत बाद हुआ है। जब वह कार खाली सड़क पर जाती हुई दिखाई पड़ रही है। रोड की दो लेन को डिवाइड करने वाली सफेद पट्टी को क्रॉस करके कार चलती दिख रही है। एक दो सेकंड में ही सामने से अपने लेन में आ रही एक बस भी नजर आई और उसके बाद एक्सिडेंट हो गया। हादसे के 6 मिनट बाद आरोपी नाबालिग और उसकी बहन कार को मौके पर छोड़कर तेजी से पैदल वहां से निकलते नजर आ रहे हैं। इस दौरान बहन किसी से फोन पर बात करती दिख रही है। सीसीटीवी फुटेज में एक शख्स नजर आ रहा है, जो वकील के कपड़े में है। वह दोनों को रोकता है और फिर कुछ और लोग आकर दोनों भाई-बहन को वापस घटनास्थल पर ले जाते नजर आ रहे हैं।

**लोगों की ओर से बनाए गए विडियो में क्या?** एक और वायरल विडियो जो किसी पब्लिक ने बनाया है, इसमें दोनों भाई-बहन के साथ कुछ लोग दिख रहे हैं। घटनास्थल पर दोनों लोगों से बहस करते नजर आ रहे हैं। विडियो में आरोपी नाबालिग की बहन ये कहती दिख रही है कि बाइक वाला स्पीड में था, हमारी कार में आकर घुस गया। लोग कह रहे हैं वो मर गया है। घटनास्थल के इस वायरल विडियो में यह भी दिख रहा है कि किस तरह से स्कॉर्पियो की टक्कर के बाद बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर बिखर गई है। साहिल कहीं और पड़े हुआ है, बाइक का पहिया कहीं और था, साइलेंसर किसी और तरफ टूटकर बिखरा था।


हादसे के बाद घटनास्थल के पास लगे CCTV कैमरों में भागने की कोशिश करते दिखे भाई-बहन, वकील ने रोका

## 7 को सरेंडर करेगा नाबालिग

■ **NBT न्यूज, द्वारका:** द्वारका में स्कॉर्पियो की टक्कर से साहिल की मौत मामले में आरोपी नाबालिग और उसके पिता के वकील ने कहा है कि आरोपी नाबालिग 7 मार्च को सरेंडर करेगा। 5 मार्च को उसका बोर्ड एग्जाम खत्म हो रहा है। एडवोकेट लाल सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि आरोपी नाबालिग को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड की तरफ से बोर्ड एग्जाम के लिए अंतरिम जमानत दी गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक एक्सिडेंट है। आरोपी ने न तो भागने की कोशिश की और न ही कुछ सबूत मिटाने की कोशिश की। उसने पुलिस को एक्सिडेंट के बारे में बताया और जो सबूत थे उसे पेश किया। अपने सारे डॉक्यूमेंट जांच अधिकारी को सौंपे, विडियो में भी साफ दिख रहा है कि किस तरीके से यह एक्सिडेंट हुआ है। साहिल के परिवार के प्रति उनकी गहरी संवेदना है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 19-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP6 User: cci Time: 02-18-2026 21:16 Color:



# 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज न चाहते हुए भी आपको कुछ ऐसा काम करना पड़ सकता है जो औरों के लिए असुविधाजनक होगा है। घर के सदस्य या मित्र सलाह के व्यवहार से आप खिन्न रहेंगे। अधिक समय के लिए ऐसा नहीं होगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। आज का दिन परिवार वालों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। शाम के समय किसी प्रतिष्ठित अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है। रात में किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने से आपका सम्मान बढ़ेगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आपने जिस प्रकार की पृष्ठभूमि लोगों के बीच बनाई है उसके बल पर आज का दिन आपके लिए अच्छा व्यतीत होगा। लोगों की सद्भावनाएं भी जागृत रहेंगी। दोपहर तक आर्थिक संतोष भी प्राप्त होगा, लेकिन कार्यक्षेत्र की धीमी गति से मानसिक तनाव पैदा हो सकता है।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज सुबह से ही कुछ प्रतिकूल समय आपके लिए चल रहा है। हो सकता है आज ही आपको स्वास्थ्य संबंधी समस्या भी हो। दिन के पहले हिस्से में स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहतर रहेगा। उसके बाद आप अपने रूटीन काम करें। अपनी जांच करा लें तो बेहतर रहेगा। विशेषज्ञ डॉक्टर से सलाह भी ले लें। शाम को कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**LEO** 23 July - 22 Aug
इन दिनों आपका सबकुछ ठीक ठाक ही चल रहा है। कारोबार की स्थिति में सुधार हो रही है। किसी बड़े अधिकारी के सहयोग से नौकरी में भी आपकी स्थिति मजबूत है। मित्रों और परिवार के लोग भी आपको सहयोग कर रहे हैं। आपको व्यवसाय में उन्नति के लिए कोई नया मार्ग मिल सकता है।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
किसी- किसी समय आप जब अच्छे मूड में रहते हैं तो अपने पड़ोसी का भला करने में पीछे नहीं रहते हैं। ऐसे ही लोगों में आज आपका समय व्यतीत होगा। जो सही पात्र हो उसका ही कल्याण करें। ऐसे लोग भी मिलेंगे जो आपसे लाभ लेना चाहेंगे, ऐसे लोगों से सावधान रहें तो ही बेहतर होगा। मित्रों से चर्चा होगी।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
किसी परीक्षा प्रतियोगिता के लिए आपको तैयार रहना है, अगर आप अपने व्यवसाय या कारोबार से संबंधित कोई अनुबंध या लिखा पढ़ी करना चाहते हैं तो दिन के समय वही कर डालें। कामों और करमी के लिए भी आगाह तक अच्छा मौका चल रहा है। इस दौरान जरूरी काम निपटा लें। हनुमानजी के दर्शन करने से मन की चिंता दूर होगी।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
कभी- कभी कोई काम आपकी सोच के विपरीत हो जाते हैं। जिस व्यक्ति को आप सज्जन समझते हैं, वही धोखा दे जाता है। कुछ ऐसी ही घटना आज भी होगी। बाकी मिश्रित फलदायक दिन है। एकाध काम अच्छा हो जाने से मनस्ताप कम होंगे और किसी अच्छे समाचार मिलने से निराशा भी खत्म होगी।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
कई दिनों से आप किसी छोटे मोटे काम के बिगड़ जाने से आश्चर्यचकित हैं। हो सकता है आज आपके इस काम में सुधार हो जाए। फिर भी किसी कार्य की डर या आशंका से आपका मन अशांत रह सकता है। दोपहर बाद कुछ भागदौड़ करने से छिटपुट लाभ हो सकते हैं।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज का दिन कुछ जानकारी से भरपूर और आपकी बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने वाला होगा। अच्छे गणमान्यजनों से मेल मुलाकात होगी और किसी बड़े लाभ की आस में दिन सार्थक नजर आएगा। मित्रजनों की तरफ से भी अच्छी खबरें मिलेंगी और किसी धार्मिक कार्य के लिए आपकी सलाह ली जाएगी।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
इस समय अपने कार्यक्षेत्र में आने जाने और सभी कामों को समय पर निपटाने का दौर चल रहा है। इस बीच कुछ अपने ही लोग आपकी चिंता भी बढ़ा सकते हैं। यदि आप किसी प्रेम प्रसंग के जाल में उलझे हैं तो उसका फैसला भी जल्दी करें। अन्यथा आगे चलकर परेशानी हो सकती है।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
दिन के पहले हिस्से में बहुत सारे काम एक साथ आपके सामने लटके रहेंगे। जहां तक हो सके इनमें महत्वपूर्ण कार्य पूरे कर लेना। दोपहर बाद फिर समय ठीक नहीं है। कभी काम में रुकावटें पैदा होंगी और उसका मानसिक अवसाद शाम तक बना रहेगा। मित्रों का सहयोग लेना जरूरी होगा। मित्र भी आपकी सहायता के लिए तैयार रहेंगे।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष राहु और नेपच्यून आपके वर्ष के प्रतिनिधि ग्रह बने रहेंगे। फरवरी अंत तक शनि और बृहस्पति की चाल इस वर्ष आपके मार्ग में कुछ अप्रिय प्रभाव देने वाली सिद्ध हो सकती है। विशेष रूप से वर्ष के आरंभ यानी मार्च माह में शनि, सूर्य, गुरु, शुक्र और बुध का योग बनने से परिस्थितियां संवेदनशील रह सकती हैं। ऐसे समय में झगड़े और विवाद से बचकर रहना ही आपके लिए अधिक हितकारी और लाभकारी रहेगा। अप्रैल से मई के बीच का समय आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। जून और जुलाई का समय आपके लिए बहुत ही अनुकूल, सकारात्मक और लाभकारी सिद्ध होगा। अगस्त से सितंबर अंत तक बिना उचित विचार और औचित्य पर ध्यान दिए आप नए व्यापार के क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं, लेकिन सावधानी न रहने पर अक्टूबर में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। नवंबर में आपका भौतिक पक्ष मजबूत होगा और आपके विचारों को सराहना मिलेगी। यह वर्ष दिसंबर से जनवरी तक विशेषकर कामकाजी महिलाओं के लिए जीवन में महत्वपूर्ण और विशेष अनुभव लेकर आएगा। विद्यार्थियों के लिए भी यह समय महत्वपूर्ण रहेगा।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा


## कल का पंचांग
(शुक्रवार, 20 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति फाल्गुन 1, शक संवत 1947, फाल्गुन शुक्ल तृतीया, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082। सौर फाल्गुन मास प्रविष्टे 9, रमजान 2, हिजरी 1447 (मुस्लिम), तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 20 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, बसन्त ऋतु। राहु काल पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट से 12 बजे तक रहेगा। तृतीया तिथि अपराह्न 2 बजकर 39 मिनट तक के बाद चतुर्थी तिथि का आरंभ होगा। उत्तराभाद्रपद नक्षत्र रात 8 बजकर 8 मिनट तक के बाद रेवती नक्षत्र का आरंभ होगा। साध्य योग शाम 6 बजकर 23 मिनट तक के बाद शुभ योग का आरंभ होगा। गर करण अपराह्न 2 बजकर 39 मिनट तक के बाद विष्टि करण का आरंभ होगा। चंद्रमा दिन रात मीन राशि पर संचार करेगा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | | | 9 | |
| 7 | | | | 6 | | | | 4 |
| | | 2 | 4 | 9 | 7 | 5 | | |
| 2 | | 4 | | | | 6 | | 1 |
| | 8 | | 1 | | 6 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | | | 9 | | 7 |
| | | 8 | 5 | 7 | 3 | 4 | | |
| 6 | | | | 2 | | | | 5 |
| | 2 | | | | | | 7 | |

## TELEVISION



big magic

| | | | |
|---|---|---|---|
| 09:00 | बबलू डबलू | 14:30 | हम पांच |
| 10:00 | बड्डुध बुड्डाक | 15:00 | अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 | रुद्र के रक्षक | 15:30 | प्यार मोहब्बत हैपी लकी |
| 11:30 | अलादीन | 18:30 | रुद्र के रक्षक |
| 12:00 | चक्रधारी अजेय कृष्णा | 21:00 | पीछा |
| 13:30 | भ से भाई | | |

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

# tender & notices

## PUBLIC NOTICE

**Max Estates Noida Private Limited** ("Company") is a Real Estate development Company, carrying on its business under the registered trade name "Max Estates". Its activities are focused in the National Capital Region (NCR), more particularly in District Gautam Buddha Nagar.

It has come to the notice of said Company that certain Individuals / Companies / Groups in media (Digital /Print) are indulged in wrongful and unauthorised use of its, Brand Name, Logo, details in their promotional advertising material without prior due notice to and approval from the Company, which is detrimental to its interest.

People at large are warned to beware of any such publications circulated in the market. The said wrongful use of information is also not as per the guidelines laid down under the Real Estate (Regulation and Development) Act, 2016.

NOTICE IS HEREBY GIVEN TO THE PUBLIC AT LARGE that such wrongful use of information in any print media / portal/ website or in any other way, without the approval of the Company is unauthorised and illegal and shall be at the sole risk, responsibility, and liability of the user of the information and the Company shall initiate appropriate legal action against such offender. Anybody coming across any such publication is requested to bring it to the notice of the Company. In case of any ambiguity / doubt about the working of any such unauthorised Individuals / Companies / Groups , kindly visit the official website of the Company at **https://maxestates.in/**.

Public is hereby also cautioned that anyone dealing with such unauthorised Individuals / Companies / Groups apart from Max Estates Noida Private Limited under the impression that they are connected with it shall be doing so at his / her / their own risk, responsibility and consequences. The Company shall not be responsible for any such act or representation.

Please also take notice that unauthorised use of the name of the Company, Brand Name, Logo details would amount to infringement of its rights.

The Company shall contemplate serious action, as may be advised under law, against all such offenders.

Sd/-
**Max Estates Noida Private Limited**
**Corporate Office :** Max Tower L-20 C-001/A/1, Sector-16B Noida, Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201301
**Registered Office:** 1, Dr. Jha Marg, Max House, Okhla, Phase III, Okhla Industrial Estate, South Delhi, Delhi-110020
CIN : U68200DL2023PTC416407
Website : https://maxestates.in/

TIMES interact SPECIAL

## LAND FOR SALE IN COORG

55 Acres, mountainous, rain forest ambience, planted with coffee, clear title, suitable for resort / tourism project, 25 Kms from Madikeri, available for sale. Contact:
**coorglandsale@gmail.com**

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

## सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि हम, अपने क्लाइंट के लिए, कुछ भूमि के शीर्षक की जांच कर रहे हैं जो राजस्व ग्राम फाजिलपुर झाड़सा, तहसील बादशाहपुर, जिला गुरुग्राम, हरियाणा में स्थित है, जिसका विस्तृत विवरण खसरा / किल्ला संख्या व क्षेत्रफल नीचे अनुसूची में दिया गया है (जिसे इसके पश्चात् **"उक्त भूमि"** कह कर दर्शाया गया है) जोकि साइबर पार्क / आईटी पार्क स्थापित करने के लिए डीटीसीपी लाइसेंस संख्या 29 ऑफ 2009 दिनांकित 24.06.2009 में सम्मिलित है (जिसे इसके पश्चात् **"उक्त लाइसेंस"** कह कर दर्शाया गया है)।

कोई भी कम्पनी / व्यक्ति, उक्त भूमि या उक्त लाइसेंस के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का कोई दावा, हिस्सा, अधिकार या स्वामित्व रखता हो या दावा करता हो या किसी कम्पनी / व्यक्ति सहित कोई बैंक या वित्तीय संस्थान को कोई जानकारी हो या किसी विक्रय, अदला-बदली, दान, सुपुर्दगी, किरायेदारी, उप-किरायेदारी, सुविधाधिकार, भार में पक्षकार हो, हस्तांतरण, विरासत, ग्रहणाधिकार, बंधक, दृष्टिबंधक, भार या लम्बित कानूनी कार्यवाही, कब्जा, अनुबंध, करार, विकास के अधिकार साझेदारी पारिवारिक व्यवस्था / समझौता, न्यायालय या जज के किसी भी आदेश या डिक्री, सरकार या किसी भी संस्था द्वारा अधिग्रहण, प्रतिबन्ध या किसी अन्य बाधा में पक्षकार हो, तो ऐसी कम्पनी / व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 14 (चौदह) दिन की अवधि के अन्दर निम्न हस्ताक्षरकर्ता को अपने हिस्से / दावे के संबंध में निम्न वर्णित पते पर दस्तावेजी सबूतों के साथ सूचित कर सकते हैं, जिसमें असफल होने पर यह माना जाएगा कि किसी का किसी भी प्रकार का अधिकार, हिस्सेदारी, दावा उक्त भूमि या उक्त लाइसेंस के संबंध में मौजूद नहीं है।

अनुसूची
उक्त भूमि का विवरण

| मुस्तातील न० | किल्ला न० | क्षेत्रफल (कनाल-मरला) |
|---|---|---|
| 51 | 11/2 मिन. | 0-17 |
| | 20 मिन. | 4-2 |
| | 1/2 मिन. | 0-13 |
| | 10/1 मिन. | 2-1 |
| | 10/2 मिन. | 1-8 |
| | 11/1 मिन. | 2-18 |
| 52 | 15/1/1 | 4-0 |
| | 15/2/1 | 0-18 |
| | 16/1 | 3-17 |
| | 6/1/1 | 0-11 |
| | 6/2/1 | 2-12 |
| | 6/3/1 | 1-13 |
| कुल योग 28 कनाल 10 मरला या 3.1875 एकड़ | | |

राशिद मकसूद
सराफ एंड पार्टनर्स, लॉ ऑफिसेस
ऐफ सी -10 & 11, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नौएडा
ईमेल: rashid.maqsood@sarafpartners.com
फोन: +91 (120) 4630600

## टेंडर और नोटिस

### NOTICES

**प्रॉपर्टी** दस्तावेजों के खो गए की सार्वजनिक सूचना यह सूचित किया जाता है कि फ्लैट संख्या एफ-6, ब्लॉक-सी, भीष्म नागरी, सफदरजंग डेवलपमेंट एरिया, नई दिल्ली-110016 में स्थित संपत्ति के लिए ओरिजिनल सेल डीड और ओरिजिनल कन्वेयेंस डीड खो गए हैं / गलत जगह पर हैं। उक्त दस्तावेज श्री बेनॉय के बेहल के नाम पर उप-रजिस्ट्रार हौज खास / नई दिल्ली के कार्यालय में पंजीकृत थे (सेल डीड पंजीकरण संख्या 1411, अतिरिक्त बुक नंबर I, वॉल्यूम नंबर 53, पृष्ठ 99 से 106, उप रजिस्ट्रार, हौज खास 3/12/98 और कन्वेयेंस डीड पंजीकरण संख्या 1370, अतिरिक्त बुक नंबर I, वॉल्यूम नंबर 1394, पृष्ठ 176 से 177, उप रजिस्ट्रार V, नई दिल्ली 10/3/98)। एक पुलिस शिकायत / एफआईआर ऑनलाइन दर्ज की गई है, जिसका संदर्भ संख्या एलआर 110806/2026 है, दिनांक 17/02/2026। यदि कोई व्यक्ति उक्त दस्तावेज पाता है, तो कृपया नीचे दिए गए पता या फोन नंबर पर संपर्क करें। ओरिजिनल दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन करने वाला व्यक्ति अपने जोखिम पर ऐसा करेगा। कोई भी व्यक्ति जो कोई आपत्ति या दावा करना चाहता है, वह इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर नीचे दिए गए संपर्क विवरण पर संपर्क कर सकता है। श्री बेनॉय के बेहल फ्लैट संख्या 329, तीसरी मंजिल, टॉवर 1, मार्केट कैलाश, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली-110065, +919811025145 19/02/2026

### न्यायालय सूचना

In The Court Of I District & Additional Session Judge, District Court, Chhindwara
Presiding Officer: श्री [illegible]

[illegible]
(RCS A/0000277/2024)
[illegible] ........वादी
Vs
[illegible] ........प्रतिवादी
TALWANA-ID NO-615/2026
Process Id- 2026
पेशी दिनांक :- 25/03/2026

[illegible]

BOOK YOUR SERVICE ADS
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com
SCAN QR CODE

## सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

**PUBLIC NOTICE**
Sub: Substitution of Bungalow Plot No. 15 Jangpura B, Mathura Road, New Delhi 110014

We act for Our Clients being (1) Pawan Kumar Khosla, S/o Late Sh. Sushil Nath Khosla, R/o Bungalow Plot No 15 Jangpura B, Mathura Road, New Delhi, (2) Anuradha Kar, D/o Late Sh. Sushil Nath Khosla, R/o A-107, Sector 40, Gautam Budh Nagar, Noida and (3) Deepika Gupta, D/o Late Sh. Sushil Nath Khosla and Wife of Sh. Anil Gupta, R/o R-3, Green Park Extension, Hauz Khas, New Delhi, who are the absolute owners of above said property as per registered Will of Sh. Sushil Nath Khosla, which was executed on 06/02/2009.

We have instructions to say that our Clients are applying for the substitution of above said property in their names with the Office of L&DO office.

If any person/persons is having any objections against the substitution of names of said property, he can submit objections in writing in the L&DO office along with supporting documents within 30 days from the date of publication of this public notice otherwise L&DO may sanction substitution of the above said property as per their policy and may not entertain subsequent claim if any.

**[B.K.Sood ] Advocate**
**LGF, N 17A, Green Park Extension, New Delhi 110016**
**011-41547588, 9810084153**

## PUBLIC NOTICE

The General Public is hereby informed that we i.e. M/s. Brahma City Pvt. Ltd. ("BCPL"), are the licence holder of Licence No. 64 of 2010 dated 21.08.2010 issued by Directorate of Town and Country Planning Haryana ("DTCP") for development of an integrated township on 141.6688 acres land in Sectors 60,61 62, 63 & 65, Gurugram.

BCPL had entered into a collaboration agreement with ABW for development of land admeasuring 8.69375 acres owned by ABW Infrastructure Ltd. and which became part of the Licence No. 64 of 2010 as mentioned below:

(i) Land comprised in Khewat No. 110 Khata No. 128, Rect. No. 19, Killa No. 11(7-11), 12/1(1-18), 19/1(6-13), 20/1 (6-0), 21/2(6-0), Rect. No. 20, Killa No. 15(7-11), 16/1(6-0), 25/2(6-0), Rect. No. 23, Killa No. 5/2(7-13), Rect. No. 24, Killa No. 1(7-7) total measuring 62 Kanal 13 Marla or 7.83125 acres in Village Nangli Umarpur, Tehsil Badshahpur, District Gurugram as per Jamabandi for the year 2022-23; and

(ii) Land comprised in Khewat No. 148, Khata No. 151, Rect. No. 8, Killa No. 16/1(5-14), 25/1/1/2(1-4) total measuring 6 Kanal 18 Marla or 0.8625 acre in Village Maidawas, Tehsil Badshahpur, District Gurugram as per Jamabandi for the year 2024-25.

Under the collaboration agreement ABW Infrastructure Ltd. had already assigned its rights and interest in the above said land parcels in favour of BCPL in terms of Agreement dated 02.04.2010 executed between ABW Infrastructure Ltd. and BCPL.

M/s ABW Infrastructure Limited is undergoing a corporate insolvency resolution process under the Insolvency and Bankruptcy Code (IBC) 2016 as per petition No. (IB)-375(PB)/2018.

The public in general is hereby cautioned not to deal, procure and/or enter into any arrangement / agreement with any third party/person with respect to the abovesaid licensed land parcels as the same is an integral part of Licence No. 64 of 2010 and if they do so, it will be at their own risk and peril.

**For M/s. Brahma City Pvt. Ltd.**
**Having its registered office at Flat No. B-8, Cabin No. 11, Ansal Tower, 38, Nehru Place, New Delhi 110019**

## निविदाएं (टेंडर्स)

**TENDER/RFP**

SEALED TENDERS/RFP ARE INVITED ON BEHALF OF INDIA HABITAT CENTRE FOR OPERATION AND MAINTENANCE OF FIRE PREVENTION & DETECTION SYSTEM AND SANITARY, PLUMBING & WATER SUPPLY SERVICES AT INDIA HABITAT CENTRE, LODHI ROAD, NEW DELHI.
MAY PLEASE VISIT OUR WEBSITE FOR FURTHER DETAILS AND TERMS & CONDITIONS.
**www.indiahabitat.org**

**SBI**
**भारतीय स्टेट बैंक**

[illegible]

## प्रॉपर्टी

### गोवा प्रॉपर्टीज

### बिक्री के लिए भूमि

**SOUTH** Goa Cuncolim 1225 Square meter Plot for sale with SANAD @20500 PSqM contact owner on WhatsApp @9962098895

## सेवाएं

### सांस्कृतिक आयोजन

**NOMINATIONS** invited for Young Gallant Warriors (Age 6-18) for acts of courage/ inspiration. Last Date 10th March 2026 Call 6262909033

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649
TIMES interact

## भर्ती

### भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

### चिकित्सा

### चिकित्सा

Required Male/Female
DOCTORS- MBBS, BAMS, BHMS
Billing Executive- CGHS
Billing Executive- TPA
Nursing Staff
Office Incharge
Marketing Manager
who should have minimum 2 years of experience in Gurugram
Whatsapp no. 9990182900
Send your CV to: manojkhandelwal1915@gmail.com

### अन्य रिक्तियां

### चालक

**आवश्यकता** है लग्जरी गाड़ियों हेतु कार रेंटल कंपनी को कमर्शियल लाइसेंसधारी ड्राईवरों की, मासिक वेतन रु 24,000 संपर्क करें Ten Travels महिपालपुर दिल्ली,☎ 880-0029310, 9953580950, 9999566615

### एकाधिक रिक्तियां

**सेवा** कैंटीन में अनुभवी भर्ती दक्षिण व्यक्ति की आवश्यकता है लगभग 11 महीने के अनुबंध पर 26.02.2026 को 10 बजे URC, ADC, RR, दिल्ली कैंट में साक्षात्कार के आधार पर होगा। संपर्क करें: 9797023277

## बिजनेस

### RAW MATERIAL FOR SALE

**CARBON BLACK FROM EUROPE**
We can offer quality stocks at low prices on a monthly basis as below:
CARBON BLACK N-220 100 MT
Please contact
*Euro Exim Ltd*
Manchester (UK)
Email:exports@euroeximltd.co.uk
WA No. - 00447766463661

## व्यक्तिगत

### नाम परिवर्तन

I, Mukesh Kumar S/o Gopal Ram Arya R/o 177 Anugrah Apartment House No. G-2, Ward No 2, Mehrauli, Delhi 110030 have changed my name to Mukesh Kumar Arya for all purposes. for all future purposes.

I, Ramandeep Kaur W/o Romick Chowdhary R/o Flat No. 1272, Sector C, Pocket 1, Vasant Kunj, New Delhi - 110070 have changed my name to Ramandeep Kaur Chowdhary.

I Asha Yadav (Aadhar No. 2224 3094 4533) wife of Mr. Sanjay Kumar Yadav resident of Flat No. 254, Second Floor, Arunodaya Apartments, Plot No. 15, Bodella, Phase 2, Vikas puri, New Delhi- 110018, I have changed my name from Asha Devi Yadav to Asha Yadav, I will be known by the name of Asha Yadav for all purposes.

मैं, मनोज कुमार, ने अपने नाम के साथ सैनी उपनाम जोड़ लिया है। अब से मेरा पूरा नाम सभी अभिलेखों में मनोज कुमार सैनी होगा।

I, Sanjay Kumar Yadav (Aadhar No. 5329 2332 4184) son of Late Shri Jagdeo Yadav resident of Flat No. 254, Second Floor, Arunodaya Apartments, Plot No. 15, Bodella, Phase 2, Vikas puri, New Delhi- 110018, I have changed my name from Sanjay Kumar to Sanjay Kumar Yadav I will be known by the name of Sanjay Kumar Yadav for all purposes.

I, Monu Kumar, S/o Rohtash R/o WZ- 533, 4th floor, Tihar Village, New Delhi-110018 have changed my name to Naitik for all future purposes

### खोया एवं पाया

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि श्रीमती उन्नतुरी राधिका, पुत्री श्री कोम्मिनेनी अमरैया, निवासी काकुरु, आंध्र प्रदेश, ने फ्लैट नं. 636, सी-3 ब्लॉक, रोहिणी, दिल्ली के संबंध में लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड में परिवर्तन हेतु आवेदन किया है। यह आवेदन आई.डी. नं. 28241 (आवेदन संख्या) के अंतर्गत किया गया है। उक्त संपत्ति से संबंधित डीडीए द्वारा जारी सभी मूल दस्तावेज गुम हो गए हैं, जिसके संबंध में दिनांक 23 जनवरी 2026 को एल.आर. नं. 52978/2026 के तहत ऑनलाइन पुलिस शिकायत दर्ज कराई गई है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति पर कोई दावा, आपत्ति अथवा अधिकार हो, तो वह इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर उप निदेशक, एलएसबी (रोहिणी), पता: डी ब्लॉक, विकास सदन, आईएनए, नई दिल्ली-110023 में संपर्क कर सकता है।

ASTRO ZONE TIMES interact
समस्या बताए आसान हल पाए
भविष्यवक्ता वास्तुशास्त्री रत्न विशेषज्ञ दयाल जी SINCE 1985
व्यापारिक • जायदाद संबंधी पारिवारिक • नौकरी • तलाक गृहकलेश • लव मैरिज विवाह में अड़चन
93-1140-1150
द्वारका / करोल बाग सुशांत लोक-गुरुग्राम
Dayal Darbar

HEALTH & WELLNESS TIMES interact
Sex Issues
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें:
अजय हेल्थ क्लिनिक
9810381974

गुप्त रोगी मिलें घर बैठे दवा मंगाएं
सेक्स रोगी शुगर मोटापा बचपन की गलतिया
बवासीर, सफेद दाग / सोरायसिस
आकाश दवाखाना समय 10 - 7 तक
एक्सप्रेस टावर आकाश सिनेमा के पीछे आजादपुर दिल्ली
9953396533 8860003863

बचपन की गलतियों से बने गुप्त रोगों के लिए
चेतन आयुर्वेदा
बदरपुर • दरियागंज • भजनपुरा • छतरपुर
9817469817

BOOK YOUR PERSONAL ADS
FOR BOOKING PLEASE CALL AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

TO BOOK YOUR PROPERTY ADS
PLEASE CONTACT SUNIL : 99994 99496
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | BUSINESS | PROPERTY
RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
TENDER, PUBLIC NOTICE | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 |
| Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| Central Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| Noida + East Delhi | Sumit Negi | 98992 68321 |

# NBT GOOD न्यूज़

**मुस्कान: बच्चों के दिमागी विकास का ईंधन**
जब बच्चे मुस्कुराते हैं, तो उनका दिमाग ज्यादा सक्रिय और खुला हो जाता है। इससे नई बातें जल्दी समझ में आती हैं, याददाश्त मजबूत होती है और उनकी सोच व रचनात्मकता बेहतर बनती है।

## फिर संवरा 300 साल पुराना चाइनीज मंदिर



Zeeshan.Jawed
@timesofindia.com

■ **कोलकाता:** शहर के बाहरी इलाके अचीपुर में स्थित 1718 में बना 300 साल पुराना ऐतिहासिक चाइनीज मंदिर चाइनीज न्यू ईयर से पहले फिर से जीवंत हो उठा है। 17 फरवरी से 'ईयर ऑफ हॉर्स' शुरू होने से पहले चाइनीज समुदाय ने मिलकर इसका जीर्णोद्धार पूरा किया। जर्जर हालत में पहुंच चुका यह मंदिर अब फिर श्रद्धा और गर्व का केंद्र बन गया है। यह कोलकाता की पहली चाइनीज बस्ती की पहचान है, जिसकी स्थापना टोंग अचेव ने की थी। उन्होंने वहां गन्ने की खेती और चीनी का कारखाना शुरू किया था, जिससे कई चाइनीज परिवार वहीं बस गए। सी हिन क्लब की देखरेख में सितंबर से शुरू हुआ काम नए साल से ठीक पहले पूरा हुआ। आज भले ही समुदाय की संख्या घटकर कुछ हजार रह गई हो, लेकिन अचीपुर का यह मंदिर उनकी विरासत, एकजुटता और उम्मीद का प्रतीक बनकर फिर चमक उठा है।




### विचार

हंसी और खुशी के साथ जीवन जियो। मुस्कान चेहरे की असली चमक है। समय के साथ झुर्रियां आए तो भी दिल हल्का रहे, क्योंकि आनंद से जीना ही सच्ची समझदारी है।

-विलियम शेक्सपियर (William Shakespeare)

### ज़रा हंस लें

एक बुजुर्ग अम्मा को एक भिखारी मंदिर के बाहर मिला... **भिखारी :** भगवान के नाम पर कुछ दे दो मा जी, चार दिन से कुछ नहीं खाया। **अम्मा** 500 का नोट निकालते हुए बोलीं: 400 खुले हैं? **भिखारी :** हां हैं मां जी। **अम्मा :** तो उससे कुछ लेकर खा लेना...

### कविता : एक इम्तिहान

आज गम की बरसात है,
तो कल खुशियों की सौगात है,
वक्त कभी एक-सा नहीं रहता,
आज चांदनी निशा,

तो कल काली रात है।
कितनी अजीब ये बात है,
जिंदगी गम और खुशी का
नाम है,

पल में सुबह, पल में शाम है।
कोई ना जाने कब, कहां, कैसे
जिंदगी का अंतिम विराम है।
हर पल को जी भर जियो,

अगले पल क्या होगा यहां
इससे हर कोई अंजान है,
क्योंकि जिंदगी खुद एक
इम्तिहान है...

- लक्ष्मी गुप्ता, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

**कचरे को बनाया कला** | **20 महिलाओं को दिया रोजगार, ₹19 लाख के प्रोडक्ट्स के साथ बंगाल से आई हैं ज्योत्सना**

# पराली से परिवर्तन की कहानी मेले में चमकी

■ दीपाली श्रीवास्तव, गुड़गांव

**दिल्ली-एनसीआर** में पराली जलाने को लेकर उठने वाला धुआं हर साल प्रदूषण और सियासत की बहस को हवा देता है। उसी पराली ने इस बार गुड़गांव में आयोजित सरस मेले में उम्मीद की नई रोशनी जलाई है। पश्चिम बंगाल से आई ज्योत्सना दीदी ने पराली को सिर्फ खेती का अवशेष नहीं बल्कि अवसर के रूप में देखा और आज वही सोच उन्हें पहचान, सम्मान और सफलता दिला रही है।




**एक सोच जिसने बदली दिशा:** करीब दस साल पहले ज्योत्सना के मन में एक बेचैनी थी। जीवन में कुछ अलग करने की। जब उन्होंने गहराई से विचार किया तो उन्हें ऐसा कचरा याद आया जिसे लोग बेकार समझकर जला देते हैं। यहीं से पराली के साथ उनकी रचनात्मकता के धागे जुड़ने लगे। उन्होंने पराली की बनावट, मजबूती और संभावनाओं को समझा। छोटे-छोटे प्रयोग शुरू किए। शुरुआत में लोगों ने इस विचार को गंभीरता से नहीं लिया। लगातार मेहनत, नए डिजाइनों पर प्रयोग और धैर्य से धीरे-धीरे पराली को कला का रूप देना शुरू किया। कुछ ही समय में वही पराली खूबसूरत वॉल हैंगिंग, डेकोरेटिव पीस और आकर्षक हस्तशिल्प उत्पादों में बदलने लगी। लोगों की सोच बदली और उनकी कला को सम्मान मिलने लगा।



### हर प्रोडक्ट हाथों से होता तैयार

ज्योत्सना बताती हैं कि पराली को पहले तीन दिन तक विशेष प्रक्रिया से तैयार किया जाता है। उसके बाद उसे बारीकी से काटकर हाथों से डिजाइन दिया जाता है। हर उत्पाद पूरी तरह हस्तनिर्मित होता है। उन्होंने 20 महिलाओं को रोजगार दिया है। उन्होंने बताया कि एक बार में 50 से 100 पीस बनाए जाते हैं, जिसे बनाने में 20 से 25 दिन का समय लग जाता है। मेले में उनके प्रोडक्ट 300 से 2500 रुपये तक उपलब्ध हैं।

### सम्मान और सशक्तिकरण

पहली बार सरस मेले में आईं ज्योत्सना 19 लाख रुपये के पराली से बने उत्पाद लेकर पहुंची हैं। यह दस साल की मेहनत और विश्वास की पूंजी है। शुरुआती दिनों में ही उनके स्टॉल पर भीड़ उमड़ रही है। उनकी कला पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को जोड़ती है। जो पराली कभी प्रदूषण थी, वही आज रोजगार, सम्मान और बदलाव की पहचान बन गई है।

**आदिवासी संस्कृति पर रिसर्च:** मां के सुनाए 'हालारडा' ने जीतेंद्र गवली को बनाया जिले का पहला PhD होल्डर

# आदिवासी बोलियां, 134 लोरियां और एक अनोखी PhD !

Yagnesh.Mehta@timesofindia.com


■ **सूरत:** डांग जिले के अहवा के पास पीपल्यामल गांव की सोमी गवली जब अपने नन्हे बेटे जीतेंद्र को 'हालारडा' (पारंपरिक आदिवासी लोरियां) सुनाकर सुलाती थीं, तो उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन उनका बेटा इन्हीं गीतों को दुनिया भर में मशहूर कर देगा।

आज 34 साल के जीतेंद्र गवली ने चिल्ड्रन रिसर्च यूनिवर्सिटी (CRU) से अपनी PhD पूरी कर ली है। उन्होंने दक्षिण गुजरात की 9 अलग-अलग आदिवासी बोलियों में गाई जाने वाली 134 लोरियों को सहेजने का बड़ा काम किया है। ये ऐसी बोलियां हैं जिनकी अपनी कोई लिपि (लिखावट) नहीं है और जो सदियों से सिर्फ सुनकर एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंच रही हैं। जीतेंद्र ने सिर्फ इन लोरियों को डायरी में नहीं उतारा, बल्कि हर एक लोरी को रिकॉर्ड किया, उसके एक-एक शब्द का मतलब समझाया और यह भी बताया कि ये गीत किन हालात या किस मौके पर गाए जाते हैं। जीतेंद्र कहते हैं, 'इन लोरियों को सजोने के लिए मैं अलग-अलग गांवों में गया और परिवारों के साथ घंटों वक्त बिताया, ताकि उनकी कहानियों को गहराई से समझ सकूं।'




उनका यह काम डांग, वलसाड, नवसारी, भरूच, तापी और नर्मदा जिलों तक फैला हुआ है। उन्होंने इन सभी लोरियों और उनके मतलब को गुजराती भाषा में तैयार किया है। उनके गाइड डॉ. प्रशांत पटेल बताते हैं कि आदिवासी संस्कृति पर पहले भी रिसर्च हुई है, लेकिन जीतेंद्र का काम सबसे अलग है क्योंकि उन्होंने हर लोरी की बारीकी से व्याख्या की है।

जीतेंद्र की रिसर्च बताती है कि लोरियां बच्चे के दिमाग के विकास में बहुत मदद करती हैं। इससे बच्चा आवाजों को पहचानना, शब्दों को समझना और संगीत के सुर-ताल को पकड़ना सीखता है।




जीतेंद्र गवली

जीतेंद्र का फील्डवर्क डांग, वलसाड, नवसारी, भरूच, तापी, नर्मदा जैसे दूर-दराज के आदिवासी जिलों तक फैला है

### लोरियों से संस्कृति से बढ़ता जुड़ाव

इन आदिवासी समुदायों में सिर्फ मां ही नहीं, बल्कि पुरुष भी बच्चों को लोरियां सुनाते हैं। इन गीतों में प्यार, हंसी-मजाक और बहादुरी के किस्से होते हैं। इनमें प्रकृति और परिवार के सदस्यों का जिक्र होता है, जिससे बच्चा अपने आसपास के माहौल को समझ पाता है। साथ ही, वह अपनी संस्कृति से भी जुड़ता है। ज्यादातर लोरियां खेल-कूद वाली होती हैं, तो कुछ बच्चों को प्यार से डराकर सुलाने वाली भी होती हैं।

### गरीबी के बावजूद बेटे को बढ़ाया

जीतेंद्र के माता-पिता पढ़े-लिखे नहीं हैं और खेती-बाड़ी करते हैं, लेकिन उन्होंने गरीबी के बावजूद बेटे की पढ़ाई कभी रुकने नहीं दी। मां सोमी गर्व से कहती हैं कि हमें अपने बेटे पर नाज है। उसने अपनी आदिवासी संस्कृति पर रिसर्च की, यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात है। वह पूरे गांव का इकलौता PhD होल्डर है।



PTI

## नई उम्मीदों का नया साल

**रंगों में रची परंपरा:** हिमाचल के कांगड़ा में 18 फरवरी को तिब्बती नववर्ष 'लोसार 2026' की शानदार शुरुआत हुई। कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा और नृत्य से अपनी पुरानी संस्कृति की झलक दिखाई। इस खास आयोजन ने नए साल के स्वागत में हर किसी का दिल जीत लिया।


NBT नवभारत टाइम्स | NBT रंगमंच Club

## योग और आत्मिक जागरण का दिव्य संगम

**योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के सान्निध्य में**

गंगा किनारे, हिमालय की गोद में आत्म अनुभव के योग, ध्यान, मौन और आध्यात्मिक जागरूकता का दिव्य संगम। चार दिवसीय इस रिट्रीट में होगा ऊर्जा, संतुलन और आंतरिक शांति का संचार। **योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी** के मार्गदर्शन में यह यात्रा आपके जीवन को नया आयाम दे सकती है। स्वस्थ्य एकांत रहना और तीन वक्त का भोजन शामिल है।



■ स्थान: परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश
■ तिथि: 27 से 30 मार्च 2026

सीटें सीमित हैं, आज ही पंजीकरण करें!
*(शर्तें लागू)

रजिस्ट्रेशन कराने के लिए 9910475909 पर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के बीच कॉल करें या अपनी डिटेल वट्सऐप पर भेजें।

शुल्क मात्र ₹13,000 प्रति व्यक्ति


## श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज में स्किल डिवेलपमेंट सेंटर शुरू

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** पीतमपुरा स्थित श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स में बुधवार को कौशल विकास सेंटर 'स्किल वर्स' की शुरुआत की गई। यह सेंटर मुख्य रूप से आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर आधारित है। गुरुद्वारा कमिटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी जगदीप सिंह काहलों के साथ कॉलेज चेयरमैन एमपीएस चड्ढा और प्रिंसिपल प्रफेसर कवल गिल ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर कालका और काहलों ने कहा कि आज के युग में स्किल एजुकेशन सबसे जरूरी है। यह दौर आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) का दौर है। इस सेंटर का उद्घाटन ऐसे समय में हो रहा है, जब देश में AI सम्मेलन भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है। कॉलेज प्रिंसिपल कवल गिल से इस मौके पर अपील की कि कॉलेज के स्टूडेंट्स को भी इस AI सम्मेलन में भेजा जाए। इससे स्टूडेंट्स इस क्षेत्र में हुई प्रगति की सही जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

**यह सेंटर मुख्य रूप से एआई पर आधारित है**

**दिल्ली की खबरों के लिए एक्स पर फॉलो करें**
@NBTDilli

### AI फॉर विकसित भारत प्रदर्शनी का उद्घाटन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** NDMC के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बुधवार को सरोजनी नगर स्थित नवयुग स्कूल में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर निदेशक (शिक्षा) कृतिका चौधरी, स्कूल की प्रिंसिपल मृदुला और स्कूल के कई टीचर्स और स्टूडेंट्स शामिल हुए।


DELHI DUTY FREE | GMR
Delhi International Airport Limited
Registered Office: New Udaan Bhawan, Opp. Terminal 3, Indira Gandhi International Airport, New Delhi - 110 037
CIN NO. U63033DL2006PLC146936
**NOTICE INVITING TENDER (NIT)**
Delhi International Airport Ltd. (DIAL) invites tender/bids for "Appointment of Training Institute for undertaking Technical Trainings".
For details, the interested parties may download the Bid Documents from www.newdelhiairport.in
Between 19.02.26 to 28.02.26. The last date for submission of the Bids is 06.03.26.
DIAL/208/PREM ASSOCIATES





## फिज़िकल एजुकेशन का पेपर आसान, होम साइंस भी बैलेंस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI Image

**सेंट्रल बोर्ड** ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) के 12वीं के स्टूडेंट्स को फिजिकल एजुकेशन का क्वेश्चन पेपर आसान लगा। बोर्ड एग्जामिनेशन के दूसरे दिन 12वीं के स्टूडेंट्स ने आंत्रप्रेन्योरशिप और 10वीं के स्टूडेंट्स ने होम साइंस का एग्जाम दिया, जो मीडरेट लेवल का लगा। टीचर्स ने बताया कि पेपर मीडरेट लेवल का था और सिर्फ सिलेबस के अनुरूप था। कई प्रश्न सीधे और कॉन्सेप्ट पर आधारित थे। 21 फरवरी को क्लास 10 के स्टूडेंट्स इंग्लिश कम्यूनिकेटिव, इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर का पेपर देंगे, वहीं 12वीं के स्टूडेंट्स फिजिक्स का पेपर देंगे।

**कुल मिलाकर पेपर ने फिटनेस टेस्ट और योगा पर फोकस किया**

क्लास 12 के स्टूडेंट अंश शर्मा ने कहा कि फिजिकल एजुकेशन का पेपर स्कोरिंग था। पेपर में कुछ MCQ और केस स्टडीज क्वेश्चन कॉन्सेप्चुअल थे मगर उनके जवाब देना मुश्किल नहीं था। कुल मिलाकर पेपर ने फिटनेस टेस्ट और योग पर फोकस किया। डीएवी स्कूल की स्टूडेंट निहारिका ने बताया कि कठिनाई का लेवल देखें, तो यह मीडरेट लेवल का था। कुछ मल्टीपल चॉइस क्वेश्चन में थिंकिंग स्किल्स हाई थी, फिर भी पेपर वक्त पर पूरा हुआ। मुझे अच्छे स्कोर की उम्मीद है। विद्या बाल भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के फिजिकल एजुकेशन के टीचर प्रभाव शाह ने बताया, इसकी कठिनाई का स्तर आसान से सामान्य स्तर का माना जा सकता है। जिन क्वेश्चन के मार्क्स ज्यादा थे, वो आसान थे। यह 12वीं का पहला सब्जेक्ट पेपर था, तो इसने स्टूडेंट्स का कॉन्फिडेंस बढ़ाया ही होगा।

दूसरी ओर, होम साइंस का पेपर भी स्टूडेंट्स को पसंद आया। पेपर मीडरेट लेवल का था, NCERT सिलेबस से ही सवाल पूछे गए। आज स्टूडेंट्स के कुछ क्लासिकल डांस सब्जेक्ट समेत कुछ स्किल आधारित सब्जेक्ट के एग्जाम हैं। सीबीएसई ने 10वीं क्लास के एग्जाम 10 मार्च तक और 12वीं क्लास के एग्जाम 9 अप्रैल तक चलेंगे। भारत के अलावा 26 दूसरे देशों के करीब 43.67 लाख स्टूडेंट्स बोर्ड एग्जाम देंगे।




## दिल्ली के भारत मंडपम पर होंगी दुनियाभर की निगाहें, टेक इंडस्ट्री के लीडर्स भी इंडिया AI इंपैक्ट समिट में लेंगे हिस्सा

# आज 20 बड़े वर्ल्ड लीडर्स करेंगे AI को डिकोड

आज दुनियाभर की निगाहें भारत मंडपम पर होंगी, जहां 20 बड़े वर्ल्ड लीडर्स और टॉप इंडस्ट्री लीडर्स इंडिया AI इंपैक्ट समिट में हिस्सा लेंगे। सुबह 9.40 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओपनिंग सेरेमनी में शामिल लेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी उद्घाटन समारोह को संबोधित करेंगे। इसके अलावा इंडस्ट्री के टॉप लीडर्स भी इस उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनेंगे। अल्पयू सिंह की रिपोर्ट


PTI



### PM मोदी ने वैश्विक नेताओं का किया स्वागत

पीएम मोदी ने भारत मंडपम में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस, आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा, श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका, भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे, मॉरिशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम, क्रोएशियाई पीएम आंद्रेज प्लेनकोविक, सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति सेबेस्टियन पिल्लई, एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस, फिनलैंड के पीएम पेटेरी ओर्पो समेत तमाम नेताओं का स्वागत किया।

### पहली बार AI समिट ग्लोबल साउथ में



**1** पीएम मोदी ने पिछले साल एआई एक्शन समिट में हिस्सा लिया था। पीएम ने न सिर्फ समिट की सह अध्यक्षता की थी बल्कि उन्होंने अपने संबोधन में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि जैसे क्षेत्रों में एआई के महत्व पर जोर दिया था। कहा था कि एआई के जरिये लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद मिल सकती है।



**2** फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पिछले साल ही पैरिस में आयोजित एआई समिट के दौरान कहा था कि वह भारत में होने वाली एआई समिट का हिस्सा बनेंगे। मैक्रों एआई को लेकर हमेशा कहते रहे हैं कि इसके जरिये इकॉनमी से लेकर पर्यावरण तक के सॉल्यूशन निकाले जा सकते हैं।



**3** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने हाल के बयान में ये कहा भी है कि इस समिट के लिए भारत सबसे उपयुक्त जगह है। उन्होंने भारत की पहल का स्वागत करते हुए कहा था कि कि एआई का विकास हर किसी के लाभ के लिए हो और ग्लोबल साउथ के देश भी एआई के लाभ का हिस्सा बनें।

## VVIP मूवमेंट की वजह से रही दिक्कत

# समिट और क्रिकेट मैच, सड़क पर फंसी रही दिल्ली


PTI



Rajesh.Saroha
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: दिल्ली वालों के लिए बुधवार ज्यादा ही परेशानियां लेकर आया। AI समिट के कारण बहुत अधिक VVIP मूवमेंट रही। दूसरी तरफ क्रिकेट मैच के कारण दिल्ली गेट के आसपास सुबह से लेकर दोपहर बाद तक ट्रैफिक जाम लगा। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों को जाम से बचने के लिए वैकल्पिक मार्ग सुझाए थे, लेकिन वे भी राहत नहीं दे पाए। फ्रांस के राष्ट्रपति एम्स पहुंचे थे। ट्रैफिक पुलिस ने होटल से लेकर एम्स तक जाने वाली सड़क पर आवाजाही पूरी तरह रोक दी। इससे आउटर रिंग रोड और रिंग रोड से जुड़ने वाली सड़कों और एम्स के आसपास जाम लग गया। शाम को सभी देशों के हेड ऑफ स्टेट्स के अलावा अन्य VVIP भारत मंडपम पहुंचे। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने रात 10 बजे तक स्पेशल ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की थी। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों के लिए रिंग मार्टिन मार्ग, पंचशील मार्ग, एपीजे अब्दुल कलाम मार्ग, कमाल अतातुर्क मार्ग, लोदी रोड, अरबिंदो मार्ग, साउथ एवेन्यू रोड, वंदे मातरम् मार्ग, बारापुला रोड, रिंग रोड, तिलक मार्ग, फिरोजशाह रोड, रफी मार्ग, संसद मार्ग के इस्तेमाल की सलाह दी थी, पर यहां भी जाम लगा।

## इंडस्ट्री के बड़े प्लेयर्स आज होंगे मुख्य वक्ता



सुबह **12:26-12:38**
मुकेश धीरू भाई अंबानी, चेयरमैन एंड MD, रिलायंस



सुबह **11:36-11:48**
विशाल सिक्का, फाउंडर और सीईओ, Vianai



दोपहर **12:26-12:38**
रिशद प्रेमजी, एक्जीक्यूटिव चेयरमैन, Wipro



दोपहर **12:40-12:52**
सैम ऑल्टमैन, सीईओ, OpenAI



दोपहर **1:11-1:23**
ब्रैड स्मिथ, वाइस चेयर, माइक्रोसॉफ्ट



दोपहर **1.25-1.37**
डेमिस हसाबिस, सह संस्थापक, गूगल डीपमाइंड



दोपहर **1.39-1.51**
जूली स्वीट, सीईओ, Accenture



दोपहर **1.53-2.05**
एलेक्जेंडर वांग, चीफ एआई ऑफिसर, Meta

### गेट्स पर रहा असमंजस

शेड्यूल के मुताबिक, गेट्स फाउंडेशन के बिल गेट्स भी मुख्य वक्ता होंगे। उन्हें आज 11.50 से 12.02 तक बोलना है। हालांकि, बीच में ऐसी खबरें भी आईं कि बिल गेट्स से सरकार ने निमंत्रण वापस ले लिया है, जिसे बाद में गेट्स फाउंडेशन ने खारिज कर दिया। कहा गया कि समिट में भाषण भी देंगे।



### भारत का विश्व रिकॉर्ड

समिट के दौरान भारत के हाथ बड़ी कामयाबी लगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऐलान किया कि भारत ने 24 घंटे में एआई जिम्मेदारी अभियान के लिए सबसे ज्यादा प्रतिज्ञाएं हासिल करने का Guinness World Records खिताब हासिल कर इतिहास बना दिया है। 16–17 फरवरी के बीच कुल 2,50,946 वैध प्रतिज्ञाएं दर्ज हुईं, जो काफी ज्यादा है।

# 'पावर ग्रिड मैनेज कर सकता है AI'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी मिनिस्टर प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को कहा कि AI बेस्ड टेक्नोलॉजीज भारत में पावर ग्रिड की स्टेबिलिटी को मैनेज करने में मददगार हो सकती है। उन्होंने कहा कि बिजली उत्पादन क्षमता तेजी से और बड़े पैमाने पर बढ़ रही है और इसके हिसाब से डिजिटल और इंटीग्रेटेड ग्रिड्स भी बनाने होंगे। जोशी ने यह बात इंडिया AI इंपैक्ट समिट के दौरान इंटरनेशनल सोलर अलायंस का पवेलियन देखने के दौरान कही। जोशी ने कहा कि दिल्ली, राजस्थान और आंध्र प्रदेश डिजिटलाइजेशन, स्मार्ट मीटरिंग और डिजिटल कंट्रोल सिस्टम्स की राह पर बढ़ रहे हैं, जिससे नुकसान घट रहा है और रिन्यूएबल एनर्जी का उपयोग बढ़ाने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि ये अनुभव उन विकासशील देशों के लिए भी उपयोगी है, जो पावर सेक्टर को आधुनिक बनाना चाहते हैं।

### रिन्यूवल एनर्जी में भी AI होगा उपयोगी

जोशी ने कहा कि कभी-कभी ग्रिड की स्टेबिलिटी का मसला बनता है। बिजली उत्पादन लायक हवा हर समय नहीं बहती। सूरज भी चौबीसों घंटे नहीं चमकता। कभी ज्यादा उत्पादन की स्थिति होती है और कभी कम। इसमें भी AI उपयोगी हो सकता है।



# मैक्रों ने की इंडो-फ्रेंच AI हेल्थ सेंटर की शुरुआत

PTI



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मंगलवार को एम्स दिल्ली में इंडो-फ्रेंच सेंटर फॉर एआई इन हेल्थ का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम भारत-फ्रांस इनोवेशन ईयर के तहत आयोजित हुआ। इसे विज्ञान, तकनीक और स्वास्थ्य क्षेत्र में दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

एम्स के ऑडिटोरियम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और एम्स के प्रेसिडेंट जेपी नड्डा, एम्स के डायरेक्टर डॉ. एम श्रीनिवास ने फ्रांस के राष्ट्रपति स्वागत किया। यहां उन्होंने हाई-लेवल अकादमिक और साइंटिफिक मीटिंग में हिस्सा लिया, जिसमें भारत और फ्रांस के 100 से अधिक एक्सपर्ट जुड़े हुए हैं। इस दौरान राष्ट्रपति मैक्रों ने युवा भारतीय इनोवेशन एक्सपर्ट के साथ आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर RUSH संवाद में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि एआई में सफलता के लिए कंप्यूटर कैपेसिटी, टैलेंट और कैपिटल, तीन अहम स्तंभ हैं। भले ही अमेरिका और चीन आगे हों, लेकिन भारत और फ्रांस इस दौड़ में सक्रिय हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति ने भारतीय छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए वीजा प्रक्रिया को सरल बनाने की इच्छा जताई और बताया कि फ्रांस अपेक्षाकृत किफायती लागत पर उच्च गुणवत्ता की शिक्षा देता है।

> भारतीय छात्रों, शोधकर्ताओं के लिए वीजा प्रक्रिया सरल करने की इच्छा जताई

### मानवता सेवा होना चाहिए मकसद

फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा कि एआई को अलग-अलग क्षेत्रों में नैतिक सुरक्षा उपायों के साथ अपनाना ही उत्पादकता बढ़ाने, नई बीमारियों की पहचान और ऊर्जा व स्वास्थ्य प्रणालियों में बदलाव लाने का रास्ता है। ग्लोबल एआई दौड़ टिकाऊ होनी चाहिए और एआई का मकसद मानवता की सेवा होना चाहिए।

### क्या है AI हेल्थ सेंटर?

इंडो-फ्रेंच एआई हेल्थ सेंटर की शुरुआत इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी दिल्ली, पैरिस ब्रेन इंस्टिट्यूट और Sorbonne University की संयुक्त पहल है। इसका लक्ष्य एआई, न्यूरोसाइंस और क्लिनिकल मेडिसिन पर शोध को बढ़ावा देना है।




# AI समिट में चोरी के मामले में 2 अरेस्ट


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत मंडपम में चोरी को लेकर दिल्ली पुलिस ने दर्ज पहली FIR में जांच करते हुए 24 घंटे के अंदर दो संदिग्धों को पकड़ लिया है। इंडिया AI इम्पैक्ट समिट 2026 के पहले दिन पीएम नरेंद्र मोदी की विजिट के दौरान चोरी हुई थी। इसके बाद मंगलवार को तिलक मार्ग थाने में चोरी का केस दर्ज किया गया था। पीएम की विजिट के दौरान सुरक्षा चूक के तौर सोशल मीडिया में तमाम पोस्ट वायरल हुई थीं। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, सोमवार को AI इंपैक्ट समिट के आयोजन स्थल से बेंगलुरु स्थित फर्म Neo Sapien के CEO धनंजय यादव के AI डिवाइस चोरी हुए थे।



## पविलियन खाली करा काटी बिजली

# यूनिवर्सिटी के रोबॉटिक डॉग को लेकर विवाद

Alpyu.Singh
@timesofindia.com



■ नई दिल्ली: एआई इंपैक्ट समिट का तीसरा दिन उस वक्त विवाद में आ गया, जब चीनी रोबॉटिक डॉग को अपना बताने से ग्रेटर नोएडा की गलगोटिया यूनिवर्सिटी को समिट से बाहर कर दिया गया। सारा विवाद मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वायरल विडियो की वजह से हुआ। इसमें यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर ने ओरियन नाम के एक रोबॉटिक डॉग को यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस की खोज बताया। हालांकि, विडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इंटरनेट यूजर्स ने इसकी पहचान चीन के यूनिट्री Robotics के Go2 मॉडल के रूप में की। इसका इस्तेमाल पहले से ही रिसर्च और एजुकेशन में हो रहा है। इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर कई प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। चीनी मीडिया के ने भी इसे उठाया। विवाद बढ़ने पर बुधवार सुबह यूनिवर्सिटी के पविलियन को खाली करने के निर्देश दिए गए और बिजली काट दी गई। वहीं, गलगोटिया की प्रोफेसर और से इस मामले में सफाई दी गई। यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व कर रही प्रोफेसर नेहा ने कहा कि उनकी बातों को ठीक से समझा नहीं गया। उन्होंने सिर्फ इतना कहा था कि हमारे पास सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में मौजूद है, जिसमें छात्र मिलकर काम करते हैं। डिवेलपमेंट का काम किसी चीज को डिजाइन करना नहीं होता। इस रोबोट को केवल डेमो की तरह दिखाया गया। इसके बाद यूनिवर्सिटी ने प्रेस बयान जारी कर इस कंफ्यूजन के लिए माफी मांगी। कहा कि उनकी प्रतिनिधि को जानकारी का अभाव था। कैमरे पर आने के उत्साह में उन्होंने तथ्यात्मक तौर पर गलत जानकारी दी। वह प्रेस से बात करने के लिए भी अधिकृत नहीं थीं। इस बीच, IT सेक्रेटरी एस कृष्णन ने बुधवार को कहा कि समिट में एग्जिबिटर्स को ऐसी चीजें नहीं दिखानी चाहिए, जो उनकी नहीं हैं।

> यूनिवर्सिटी ने जारी किया बयान, कहा- हमने बनाने का दावा नहीं किया

## भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ने समुद्री सुरक्षा का दिखाया डेमो, INS सूरत में ट्रायल

Pradeep.Tiwari
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) ने समुद्री सुरक्षा को और स्मार्ट और मजबूत बनाने के लिए एक अत्याधुनिक AI सिस्टम तैयार किया है। इसका नाम है 'स्मार्ट शिप ऑपरेशंस'। यह कोई साधारण सॉफ्टवेयर नहीं, बल्कि आपस में जुड़े कई मॉड्यूल का एक बड़ा और इंटेलिजेंट नेटवर्क है, जो युद्धपोतों, बंदरगाहों और समुद्री सीमाओं पर हर गतिविधि पर पैनी नजर रख सकता है। इसका ट्रायल नेवी के युद्धपोत INS सूरत पर चल रहा है। ट्रायल सफल होने के बाद इसे नेवी और कोस्ट गार्ड को सौंपा जा सकता है।

**कुछ ही सेकंड में पहचान लेता है युद्धपोत:** इस सिस्टम का सबसे खास हिस्सा है 'वॉरशिप फाइंडर'। मान लीजिए, समुद्र में दूर किसी जहाज की एक तस्वीर कैमरे में कैद होती है। आमतौर पर उसकी पहचान में समय लगता है, लेकिन वॉरशिप फाइंडर एक फोटो के आधार पर बता सकता है कि वह जहाज डेस्ट्रॉयर है, एयरक्राफ्ट कैरियर है, कॉर्वेट है या पेट्रोल बोट। इतना ही नहीं, यह कोलकाता क्लास डेस्ट्रॉयर, विक्रांत क्लास एयरक्राफ्ट कैरियर, कामोर्टा क्लास कॉर्वेट या कलवरी क्लास पनडुब्बी जैसी खास श्रेणियों की भी पहचान कर सकता है। यह शिप की अनुमानित लंबाई, क्लास और संभावित देश की जानकारी भी दे देता है। पहचान होते ही यह एक डिजिटल 'फाइटिंग शिप्स बुक' से जुड़ जाता है, जहां से उस जहाज की तकनीकी क्षमताएं, फायर पावर और अन्य विवरण तुरंत मिल जाते हैं। इसमें AI आधारित कन्वर्सेशनल असिस्टेंट भी है। अधिकारी सामान्य भाषा में सवाल पूछ सकते हैं- जैसे 'इस जहाज की मारक क्षमता कितनी है?' और सिस्टम तुरंत जवाब देता है। अंधेरा हो, धुंध हो या कम रोशनी, यह सिस्टम हर हाल में काम करने के लिए डिजाइन किया गया है।

> हर खतरे को कुछ ही सेकंड में भांप लेता है AI सिस्टम



### बंदरगाहों की 24 घंटे निगरानी

देश की आर्थिक और सामरिक सुरक्षा में बंदरगाहों की अहम भूमिका होती है। इन्हें सुरक्षित रखने के लिए BEL ने AI आधारित हार्बर और एंकरिज सर्विलांस सिस्टम तैयार किया है। यह सिस्टम इलेक्ट्रो-ऑप्टिक और इन्फ्रारेड कैमरों से लैस है, जो दिन और रात दोनों समय निगरानी कर सकते हैं। 360 डिग्री पैनोरमिक मॉनिटरिंग के जरिये बड़े इलाके पर एक साथ नजर रखी जा सकती है। अगर कोई अनधिकृत नाव बंदरगाह की सीमा में प्रवेश करती है, कहीं धुआं दिखाई देता है या आग लगती है, तो सिस्टम अलर्ट जारी करता है।

### जहाज पर कौन चढ़ा, कौन उतरा- सब रेकॉर्ड

जहाजों की सुरक्षा बाहरी खतरों से ही नहीं, बल्कि अंदरूनी सुरक्षा से भी जुड़ी होती है। इसके लिए गैंगवे मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया गया है। गैंगवे वह पुलनुमा रास्ता है, जिससे लोग जहाज पर चढ़ते और उतरते हैं। यह सिस्टम फेस डिटेक्शन और फेस रिकग्निशन तकनीक पर काम करता है। जब कोई जहाज पर प्रवेश करता है, तो कैमरा उसका चेहरा स्कैन कर डेटाबेस से मिलान करता है। अगर वह अधिकृत सूची में है, तो उसे प्रवेश मिल जाता है। यदि वह वॉचलिस्ट या ब्लैकलिस्ट में है तो तुरंत अलर्ट जारी हो जाता है। इसमें क्रू और विजिटर्स की पहचान प्रबंधन, सुरक्षित फेस एनरोलमेंट और रियल-टाइम मॉनिटरिंग की सुविधा है। अनधिकृत प्रवेश की संभावना लगभग खत्म हो जाती है।

### समुद्र में हर हलचल पर नजर, सटीक विश्लेषण

इस AI सिस्टम का अहम हिस्सा है ऑब्जेक्ट डिटेक्शन और क्लासिफिकेशन मॉड्यूल। यह जहाज के आसपास हर गतिविधि पर नजर रखता है। इसके लिए कई सेंसरों का डेटा एक साथ जोड़ा जाता है, जैसे इलेक्ट्रो-ऑप्टिक कैमरे, रडार, ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम और GPS। इस मल्टी-सेंसर डेटा फ्यूजन से समुद्री क्षेत्र का सटीक विश्लेषण किया जाता है। सिस्टम एक साथ कई जहाजों को ट्रैक कर सकता है। मछली पकड़ने वाली और संदिग्ध गतिविधि वाली नाव में फर्क कर सकता है। टकराव की चेतावनी, खतरे का स्तर तय करने समेत अन्य क्षमताएं इसे प्रभावी बनाती हैं। कुछ ही सेकंड में खतरे की पहचान, हर मौसम में काम की क्षमता इसे भविष्य की नौसैनिक सुरक्षा का अहम हिस्सा बना सकते हैं।

## जॉब्स अलर्ट

**Navy**
**संस्थान:** इंडियन नेवी
**ब्रांच का नाम:** एग्जीक्यूटिव ब्रांच, लॉजिस्टिक्स, एजुकेशन, पायलट, सबमरीन टेक इलेक्ट्रिकल, नेवल एयर ऑपरेशंस, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर, इंजीनियरिंग ब्रांच के लिए
**पदों की संख्या:** 260
**आखिरी तारीख:** 24 फरवरी
**वेबसाइट:** joinindiannavy.gov.in

**नॉन टीचिंग**
**संस्थान:** मोतीलाल नेहरू कॉलेज (इवनिंग), दिल्ली विश्वविद्यालय
**पद का नाम:** एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, सीनियर पर्सनल असिस्टेंट, जूनियर असिस्टेंट, लाइब्रेरी अटेंडेंट
**पदों की संख्या:** 6
**आखिरी तारीख:** 8 मार्च
**वेबसाइट:** dunt.uod.ac.in

**GSSSB**
**संस्थान:** गुजरात अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड
**पद का नाम:** सोशल वेलफेयर इंस्पेक्टर, ऑफिस सुपरिंटेंडेंट, रेवेन्यू क्लर्क, हेड क्लर्क, सीनियर क्लर्क, जूनियर क्लर्क
**पदों की संख्या:** 5370
**आखिरी तारीख:** कल
**वेबसाइट:** gsssb.gujarat.gov.in

**SBI**
**संस्थान:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
**पद का नाम:** FLC काउंसलर्स और FLC डायरेक्टर्स
**पदों की संख्या:** 257
**आखिरी तारीख:** 26 फरवरी
**वेबसाइट:** sbi.bank.in

**GSSC**
**संस्थान:** गोवा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन
**पद :** पुलिस डिपार्टमेंट में ग्रुप सी पद
**पदों की संख्या:** 722
**आखिरी तारीख:** 13 मार्च
**वेबसाइट:** gssc.goa.gov.in

---

## नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार और सहभागी राज्य सरकारों की एक संयुक्त क्षेत्र कंपनी)

### रिक्ति सूचना

एनएचएसआरसीएल, रेल मंत्रालय और प्रतिभागी राज्य सरकारों की एक संयुक्त क्षेत्र कंपनी है जिसे मुंबई–अहमदाबाद के बीच पहले हाई–स्पीड कॉरिडोर के निर्माण का कार्य सौंपा गया है।

एनएचएसआरसीएल केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/एसपीवी/मेट्रो रेल/रेल मंत्रालय/सरकारी विभागों/निजी क्षेत्र (जैसा लागू हो) के सेवारत कर्मचारियों से नियमित आधार पर सहायक प्रबंधक (डिजाइन–संरचना) के रूप में कंपनी के साथ जुड़ने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28.02.2026 है। जिन उम्मीदवारों ने एनएचएसआरसीएल रिक्ति सूचना सं. 02/2026 के उत्तर में सहायक प्रबंधक (डिजाइन–संरचना) पद के लिए पहले आवेदन किया है, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। सभी आवेदकों के ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी सहायक दस्तावेजों के साथ एनएचएसआरसीएल कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में 09.03.2026 तक या उससे पहले पहुंच जानी चाहिए।

रिक्ति का विवरण आधिकारिक वेबसाइट: **www.nhsrcl.in** पर देखा जा सकता है।

नोट: इस संबंध में कोई भी परिशिष्ट/आगे की सूचना, यदि कोई हो, केवल एनएचएसआरसीएल वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जाएगी।

---

## राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड
पोबी सं. 40, आणंद 388001, गुजरात, भारत
दूरभाष : 02692-260148/260149/260160
वेबसाइट : www.nddb.coop

### निम्नलिखित प्रोफेशनलों की आवश्यकता है
### कार्यपालक निदेशक

राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) एक सांविधिक निगमित निकाय तथा राष्ट्रीय महत्व की संस्था है। यह बोर्ड डेयरी एवं अन्य कृषि और संबद्ध उद्योगों तथा जैविकों के विकास के लिए कार्यक्रमों को बढ़ावा देता है, योजना बनाता है और उन्हें कार्यान्वित करता है। एनडीडीबी एक ऐसा कार्य वातावरण प्रदान करती है जो प्रोफेशनल होने के साथ–साथ रचनात्मकता और नवाचार के लिए अनुकूल है।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट www.nddb.coop पर लॉग-ऑन करें।

---

## नेशनल प्रोजेक्ट्स कन्स्ट्रक्शन कार्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
NATIONAL PROJECTS CONSTRUCTION CORPORATION LIMITED
(A GOVERNMENT OF INDIA ENTERPRISE)
Miniratna Category-I Company
ISO 9001: 2015
केंद्रीय कार्यालय: प्लाट न. 148, सेक्टर-44, गुरुग्राम, हरियाणा-122003
CORPORATE OFFICE: PLOT NO.148, SECTOR-44, GURUGRAM-122 003 (HARYANA)

विज्ञापन सं. एनपीसीसी/नियमित/वित्त/मा.सं./दिसंबर/2025

एनपीसीसी लिमिटेड, एक मिनी रत्न श्रेणी- 1, अनुसूची "बी" के तहत प्रमुख केन्द्रीय लोक उद्यम है जो वाप्कोस लिमिटेड की सहायक कम्पनी है। कंपनी इंजीनियरी निर्माण, आयोजन, संचालन और परियोजना प्रबंधन पद-भारों में कार्यरत है। कंपनी नियमित आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करती है:

| पद का नाम | रिक्तियों की अनुमानित सं. | वेतनमान (₹) |
|---|---|---|
| संयुक्त महा प्रबंधक (वित्त) | 1 | 80000 - 220000 (IDA) |
| प्रबंधक (वित्त) | 4 | 50000 – 160000 (IDA) |
| प्रबंधक (मानव संसाधन) | 5 | 50000 – 160000 (IDA) |
| उप प्रबंधक (वित्त) | 11 | 40000 – 140000 (IDA) |

अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें - www.npcc.gov.in

महाप्रबंधक (मा. सं.)
एनपीसीसी लिमिटेड

---

## राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक
नाबार्ड
प्लॉट सं. सी-24, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051

### संविदा आधार पर मुख्य वित्तीय सलाहकार की भर्ती - 2025-26

नाबार्ड, जो कि भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व वाली एक अखिल भारतीय शीर्ष संस्था है, संविदा आधार पर मुख्य वित्तीय सलाहकार की नियुक्ति हेतु, भारतीय नागरिकों से केवल "ऑन-लाइन" आवेदन आमंत्रित करती है।

ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण और ऑनलाइन आवेदन शुल्क / इंटीमेशन प्रभारों का भुगतान नाबार्ड की वेबसाइट पर 21.02.2026 से 10.03.2026 तक उपलब्ध रहेगा।

शैक्षणिक अर्हता, अनुभव, जॉब प्रोफ़ाइल, आयु, आवेदन शुल्क, चयन प्रक्रिया, पारिश्रमिक, सेवा शर्तें, आदि से संबंधित सभी प्रकार के विवरण हेतु कृपया 21.02.2026 को बैंक की वेबसाइट **www.nabard.org** पर प्रकाशित होनेवाला विस्तृत विज्ञापन देखें।

स्थान: मुंबई
तारीख: 19 फरवरी 2026

मुख्य महाप्रबंधक
मानव संसाधन प्रबंधन विभाग

गाँव बढ़े >>तो देश बढ़े www.nabard.org Taking Rural India >>Forward

---

## NICMAR UNIVERSITY, PUNE
25/1, N.I.A Post Office, Balewadi, Pune – 411045, Maharashtra
(UGC-Recognized State Private University)

**HIGHLIGHTS**
- Established by Industry Leaders
- Pioneers in Construction, Real Estate, Infrastructure & Project Management
- Pay & benefits at par with 7th CPC
- Strong Research Grants, Innovation Fund, Career Advancement Scheme, FDPs & Growth Opportunities

**INVITING APPLICATIONS FROM ACADEMIA AND INDUSTRY**

**TEACHING POSITIONS** Assistant Professor | Associate Professor | Professor | Professor of Practice

| DISCIPLINES | SPECIALIZATION |
|---|---|
| Architecture & Planning | Conservation, Landscape, Urban/Regional & Transportation, BIM, Construction Management |
| Construction | Construction Technology & Management, Construction Quality, Safety, Project Planning, Procurement & Contracts, Sustainability, GIS, Transportation |
| Engineering | Structural Engineering, Construction Technology & Management (Estimation, BIM, MSP & Primavera, Concrete Technology) & Engineering Mathematics |
| Energy & Environment | Environmental Sustainability, Sustainable Energy Management |
| Project Management | MEP, Project & Construction Management |
| Management | Finance, Marketing, Human Resource & Organizational Behavior, Operations, Data Analytics & AI/ML, Law & Liberal Arts, Real Estate Marketing |
| Real Estate Management | Housing & Real Estate Development, Asset & Facilities Management, Urban Infrastructure, Corporate Real Estate |

**NON-TEACHING POSITIONS** • Librarian • Lab Assistant (Maker Lab)

**ELIGIBILITY**
- Minimum qualification and experience for each position is as per UGC/AICTE/COA/ITPI norms, as applicable.
- Shortlisting and screening of applications will be merit based.
- University reserves the right to screen the applications and call only shortlisted candidates for the selection process.
- Vacancies based on cadre/specializations etc. for teaching positions are mentioned on the careers page.

**Apply at: https://www.nicmar.ac.in/pune/career**
**Last Date to Apply: 4th March 2026**

---




## भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)
CIN: L32309KA1954GOI000787

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, एक नवरत्न कंपनी तथा रक्षा मंत्रालय के अधीन भारत के प्रमुख पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी को अपनी बेंगलूरु काम्पलेक्स के लिए निम्नलिखित पेशेवरों की आवश्यकता है।

| क्र. सं. | पद / श्रेणी | अर्हता | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| स्थायी आधार पर पदों : | | | |
| 1 | चिकित्सा अधिकारी / ई-II | न्यूनतम 2 साल का अर्हतोत्तर अनुभव के साथ एम.बी.बी.एस. + ए एफ आई एच (एसोसिएट फेलोशिप इन इंडस्ट्रियल हेल्थ) | 3 |
| नियत अवधि के आधार पर (5 साल की अवधि) पदों : | | | |
| 1 | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (पीडियाट्रिशियन) / ई-III | एम.बी.बी.एस. + एम.डी (पीडियाट्रिक्स) अथवा न्यूनतम 2 साल का अर्हतोत्तर अनुभव के साथ एम.बी.बी.एस. + डी.सी.एच | 1 |
| 2 | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (जेनरल सर्जन) / ई-III | एम.बी.बी.एस. + एम.एस. (सर्जरी) | 1 |
| अस्थायी आधार पर पद : | | | |
| 1 | प्रशिक्षणार्थी अधिकारी (पुस्तकालय)- I | न्यूनतम 6 माह के अर्हतोत्तर अनुभव के साथ पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक / स्नातकोत्तर | 1 |

विस्तृत विज्ञापन तथा आवेदन के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.bel-india.in के 'करियर्स' भाग को देखें।

'हर एक काम देश के नाम'

---

## GURU GOBIND SINGH INDRAPRASTHA UNIVERSITY
(A NAAC Accredited A++ State University Established by Govt. of NCT of Delhi)
Sector-16 C, Dwarka, New Delhi-110078
Website : www.ipu.ac.in

### EXTENSION OF LAST DATE FOR TEACHING POSTS

The last date to submit online applications for the **Teaching post of Assistant Professors (on Contract)** published vide advertisement dated 23.01.2026 has been extended upto 23.02.2026 (Monday).

For further details, kindly visit the University website **www.ipu.ac.in**

Registrar

---

## आईआईएम मुंबई
भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई
Indian Institute of Management Mumbai
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)

विज्ञापन सं. प्रशा./भर्ती/2026/08 दिनांक 12 फरवरी, 2026
विज्ञापन सं. प्रशा./भर्ती/2026/09 दिनांक 18 फरवरी, 2026

### गैर-शैक्षिक पदों के लिए विज्ञापन

आईआईएम मुंबई द्वारा योग्य उम्मीदवारों से विभिन्न गैर-शैक्षिक पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं।

- प्रशा./भर्ती/2026/08 ▸ चिकित्सा अधिकारी
- प्रशा./भर्ती/2026/09 ▸ विभिन्न गैर-शैक्षिक पद

विस्तृत विज्ञापनों के लिए, कृपया देखें।
https://iimmumbai.ac.in/careers

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

---




## गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

सार्वजनिक क्षेत्र का महारत्न उपक्रम, गेल (इंडिया) लिमिटेड को केमिकल, इंस्ट्रुमेंटेशन, इलेक्ट्रिकल तथा मैकेनिकल के क्षेत्र में ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग 2026 मार्क्स (गेट-2026 मार्क्स) के माध्यम से गेल में भर्ती के इच्छुक समर्पित, उत्साही एवं कर्मठ युवा स्नातक इंजीनियरों की आवश्यकता है।

उपर्युक्त विषय पर गेल ने पहले ही एक विज्ञापन राष्ट्रीय दैनिकों में सितंबर, 2025 माह में गेल में उक्त डिसिप्लिन में कार्यपालक प्रशिक्षु के पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक संभावित अभ्यर्थियों को पहले गेट-2026 के संगत प्रश्न पत्रों में शामिल होने के लिए आवेदन करने की सलाह देते हुए प्रकाशित किया है।

जिन अभ्यर्थियों ने गेट-2026 के संगत प्रश्न पत्रों में उपस्थित होने के लिए आवेदन किया है और जिन्हें गेट-2026 का प्रवेश-पत्र प्राप्त हो गया है तथा जो गेल की वेबसाइट पर होस्ट किए गए विस्तृत विज्ञापन में विनिर्दिष्ट पात्रता अपेक्षाओं एवं अन्य शर्तों को पूरा करते हैं, वे अब अपने पंजीकरण संख्या का उल्लेख करते हुए संगत पद हेतु गेल की वेबसाइट के माध्यम से गेल में आवेदन कर सकते हैं। गेट-2026 के वैध पंजीकरण संख्या के बिना प्राप्त आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा। **अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन जमा किए जाने के लिए संगत लिंक गेल की वेबसाइट: https://gailonline.com के "कॅरियर" खंड में दिनांक 20.02.2026 से दिनांक 18.03.2026 तक उपलब्ध रहेगा।**

अभ्यर्थीगण गेल की वेबसाइट **https://gailonline.com** के कॅरियर खंड में विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं जिसमें पद और संवर्ग अनुसार रिक्तियों की स्थिति, पात्रता शर्तें, ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए अनुदेश का उल्लेख किया गया है।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**

| | |
|---|---|
| गेट-2026 की पंजीकरण संख्या को निर्दिष्ट करते हुए उम्मीदवारों द्वारा गेल में ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि | 20.02.2026 (1100 बजे से) |
| उम्मीदवारों द्वारा गेल में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि | 18.03.2026 (1800 बजे से) |

गेट-2026 के संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु इच्छुक अभ्यर्थीगण गेट-2026 की आधिकारिक वेबसाइट https://gate2026.iitg.ac.in में लॉग ऑन कर सकते हैं।

पंजीकृत कार्यालय : गेल भवन, 16, भीकाएजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066, फोन: 011-26172580, ई-मेल: career@gail.co.in, निगमित पहचान सं.: L40200DL1984GOI018976, वेबसाइट: https://gailonline.com

गेल वेबसाइट के 'कॅरियर' खंड पर जाने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

विज्ञापन संख्या :GAIL/OPEN/ET/2A/2025

www.gailonline.com #EnergizingPossibilities Follow us on

---

## CRR INTERNATIONAL SCHOOL, KASAN
VILLAGE KASAN, NEAR MARUTI, I.M.T. MANESAR, GURUGRAM (HR)
(AN ISO 9001 : 2015, Certified School)

### VACANCIES

**ADMIN STAFF**

**Coordinator**
*Pre primary *Primary wing *Middle wing

**Teaching Staff**
- *Montessori Teachers *PRTs- ALL SUBJECTS *TGTs- ALL SUBJECTS
- *PGTs- ALL SUBJECTS *Dance, Music, Sports, Computer Teacher & Computer Operator (Graphic Designer)
- *Foundation Facilities for all major Subjects.
- *Others: Driver, Conductor, Helper, Security Guard

**Interview on Sunday**
**(22 Feb & 01 March, 2026) Timing -10 AM - 02 PM**

For any query Contact us : 9643113838, 9643223838
Send your CV to : Mail ID - captrmpschool@yahoo.com
OR Whatsapp-9643113838

---

## भारतीय रिज़र्व बैंक
## RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

### सहायक की भर्ती - 2025

भारतीय रिज़र्व बैंक अपने विभिन्न कार्यालयों में सहायक के 650 पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। इस पद के लिए चयन दो चरणों में आयोजित होने वाली देशव्यापी केंद्र-वार ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा और भाषा दक्षता परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। सम्पूर्ण विज्ञापन बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर फ़रवरी 2026 के तीसरे सप्ताह में उपलब्ध होगा और इसे एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ / रोज़गार समाचार में भी प्रकाशित किया जा रहा है। आवेदन पत्र बैंक की वेबसाइट के माध्यम से केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे।

**महत्वपूर्ण तारीखें:**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने और परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अवधि | 16 फरवरी 2026 – 08 मार्च 2026 |
| ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा की तारीख (अनंतिम) | 11 अप्रैल 2026 |
| ऑनलाइन मुख्य परीक्षा की तारीख (अनंतिम) | 07 जून 2026 |

"पैसे का वादा करने वाले ई-मेल / एसएमएस / टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं"

---

## बामर लॉरी एण्ड कं. लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उद्यम)
## Balmer Lawrie & Co. Ltd.
(A Government of India Enterprise)
SINCE 1867
(A Miniratna - I PSE)

अब सही कदम उठाने का समय | अभी आवेदन करें!




### नियमित नियुक्ति पर

**इंडस्ट्रियल पैकेजिंग**
उप प्रबंधक [विनिर्माण]
सिलवासा - 1 पद

**लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर**
यूनिट हेड [डब्ल्यू & डी]
कोलकाता - 1 पद

**लॉजिस्टिक्स सर्विसेस**
उप प्रबंधक [रेल प्रचालन]
जगदलपुर - 1 पद

### निश्चित अवधि के अनुबंध पर

**लॉजिस्टिक्स सर्विसेस**
कनिष्ठ अधिकारी [प्रचालन & प्रोजेक्ट लॉजिस्टिक्स]
कोलकाता - 1 पद

कनिष्ठ अधिकारी [प्रचालन]
विशाखापत्तनम - 1 पद

कनिष्ठ अधिकारी [समुद्री सीएचए]
मुंबई - 1 पद

**सचिव विभाग**
कनिष्ठ अधिकारी [साचिविक]
कोलकाता - 1 पद

**एसोसिएट सर्विसेस**
कनिष्ठ अधिकारी [आईटी सहायक]
चेन्नई - 1 पद

**ट्रैवल & वेकेशंस**
सहायक प्रबंधक [ट्रैवल]
मुंबई - 1 पद, दिल्ली - 2 पद

सहायक प्रबंधक [बिक्री]
अहमदाबाद, विजयवाड़ा, बेंगलुरु - प्रत्येक हेतु 1 पद

अधिकारी [बिक्री] - एमआईसीई
दिल्ली - 1 पद

अधिकारी [ट्रैवल]
मुंबई - 2 पद, इंदौर और दिल्ली - प्रत्येक हेतु 1 पद

अधिकारी [वीजा]
चेन्नई - 1 पद

अधिकारी [बिक्री]
दिल्ली - 2 पद

कनिष्ठ अधिकारी / अधिकारी [वीजा]
मुंबई - 1 पद

कनिष्ठ अधिकारी [बिक्री]
बेंगलुरु, मुंबई, विजयवाड़ा - प्रत्येक हेतु 1 पद

कनिष्ठ अधिकारी [प्रचालन]
चेन्नई - 1 पद

कनिष्ठ अधिकारी [ट्रैवल]
अहमदाबाद - 1 पद

विस्तृत जानकारी और आवेदन के लिए, https://www.balmerlawrie.com/careers/current-openings पर लॉग-ऑन करें।
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13.03.2026 है।
पंजीकृत कार्यालय: 21 एन.एस.रोड, कोलकाता 700 001 CIN-L15492WB1924GOI004835

विश्वास, विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता के 160 वें वर्ष का उत्सव मनाता एक बहु-व्यवसाय समूह

Balmerol | Balmer Lawrie Industrial Packaging | BALMOL | Balmer Lawrie Logistics | Balmer Lawrie Travel & Vacations

उपस्थिति: इंडस्ट्रियल पैकेजिंग | ग्रीसेस & लुब्रिकेंट्स | केमिकल्स | लॉजिस्टिक्स [सर्विसेस, इंफ्रास्ट्रक्चर, कोल्ड चेन] | ट्रैवल & वेकेशंस

Scan to explore

---

Gurugram, Delhi NCR UGC Approved

## GD GOENKA UNIVERSITY
Thrive. For Life.
NAAC GRADE A+

### FACULTY RECRUITMENT NOTIFICATION
Computer Science & Engineering

GD Goenka University, based in Sohna, Gurugram, is a NAAC A+ accredited University. The university invites applications from highly qualified and motivated academicians in both **REGULAR** as well as **PRACTICE** streams in Computer Science & Engineering (CSE) at the levels of Professor, Associate Professor and Assistant Professor. Faculty members with teaching and research interests in **Advance Data Structures, AI/ML, Data Science, Cybersecurity, Quantum Computing, Web application development, and AR/VR** will be preferred.

**Regular Track Faculty Members:**
The successful candidate should possess B.E./B.Tech, M.E./M.Tech and PhD, ALL of which MUST be in Computer Science & Engineering from a top-ranking institution. Designation and compensation will be commensurate with qualifications, experience, and overall fit.

**Practice Track Faculty Members:**
Candidates with a Master's degree in Computer Science & Engineering with substantial industry experience (15+ years) may be considered for Practice Faculty positions.

**How to Apply:**
Interested candidates may submit:
- Updated CV (with academic credentials, experience, publications/patents, projects, and awards)
- A cover letter with a brief statement of teaching and research interests

Applications may be sent to: hr@gdgu.org with the subject line "Application – CSE Faculty". Last date to apply: Tuesday, 24th Feb 2026

GD Goenka University, Sohna Road, Gurugram, Delhi NCR, Haryana

---

## भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई
## INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY BOMBAY
पवई, मुंबई - 400 076
Powai, Mumbai - 400 076

### भा.प्रौ.सं मुंबई में संकाय पदों के लिए विज्ञापन
### Advertisement for Faculty Posts at IIT Bombay

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई, एक मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थान एवं राष्ट्रीय महत्व के संस्थान में सहायक प्राध्यापक (ग्रेड I एवं II), सह प्राध्यापक एवं प्राध्यापक के स्तर पर संकाय पदों के लिए संबंधित क्षेत्रों के योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

Indian Institute of Technology Bombay, an Institute of national importance adjudged as Institute of Eminence, invites online applications from qualified candidates for faculty positions at the level of Assistant Professor (Grade I & II), Associate Professor & Professor belonging to -

| विज्ञापन प्रकार / Advertisement type | विज्ञापन संख्या / Advertisement No. |
|---|---|
| रोलिंग विज्ञापन / Rolling Advertisement | एल-10/25-26 / L-10/25-26 |

आवश्यक शैक्षिक योग्यता, अनुभव, सामान्य निर्देश आदि से संबंधित विवरण के लिए, भा.प्रौ.सं मुंबई की वेबसाइट https://www.iitb.ac.in/career/apply देखें।

For details regarding essential educational qualification, experience, general instructions etc., visit IIT Bombay website https://www.iitb.ac.in/career/apply

दिनांक
Date : 18.02.2026

कुलसचिव REGISTRAR

---

## INDRA HERITAGE SCHOOL
THE GATEWAY TO A BRIGHTER TOMORROW
Tilaura (Mainapar), Post-Pali, Sahjanwa, Gorakhpur, UP-273209

### WE ARE HIRING!

**OPEN POSITIONS:**
**Vice Principal-** Salary: 45,000-65,000
**Co-Ordinator-** (Pre/PRT/TGT) Salary: 25000-45000
**TGT-** English, Science, S.St., Hindi, Maths, Computer/IT Salary: 25,000-40,000
**PRT-** Female Only- Salary: 22,000-28,000
**Pre-Primary-** Female Only-Salary:18,000-22,500
**Front Desk/ Receptionist** (Female)
**Eligibility:**"Minimum 3-5 years of relevant experience preffered." "Fluency in english communication is mendatory.

✓ Comfortable Accommodation Facility Available
✓ Couples Are Welcome to Apply

*SEND YOUR CV TO: hropsihs@gmail.com

**CALL US: +91-9151963863**

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in